स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, मंगलवार
2 दिसंबर, 2025
मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष 12
सं. 2082 वि.
वर्ष 79, अंक - 105 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

गावस्कर बोले कोहली के शतकों का रिकार्ड उनके बेजोड़ कद को दिखाता है



## एसआईआर पर संसद में हंगामा

**नई दिल्ली।** 12 राज्यों में जारी चुनाव आयोग के एसआईआर पर आज संसद में खूब हंगामा हुआ। शोरगुल के बीच राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सुचारू

- **राज्यसभा में जबर्दस्त शोरगुल, लोकसभा स्थगित**

कार्यवाही चलने देने की अपील की। हालांकि, कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद और राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि सरकार राज्यों में हो रही बीएलओ की मौत के बावजूद इस संवेदनशील मुद्दे पर चर्चा से भाग रही है। तृणमूल सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने भी कहा कि सरकार की विश्वसनीयता कटघरे में है।विपक्ष के हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक और बाद में पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। दरअसल विपक्ष एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा पर अड़ा है। वहीं विपक्ष के हंगामे के बीच मणिपुर जीएसटी दूसरा संशोधन विधेयक 2025 लोकसभा से पारित



हो गया। लोकसभा की कार्यवाही विपक्ष के हंगामे के बीच फिर से शुरू हुई। मणिपुर जीएसटी दूसरा संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान विपक्ष ने एसआईआर के खिलाफ नारेबाजी की। हंगामे के बाद राज्यसभा सदस्यों ने सभापति की अनुमति से प्रदूषण, राज्यों में घुसपैठ और राष्ट्रीय सुरक्षा और अवैध प्रवासियों को डिटेंशन सेंटर में रखने की कार्रवाई जैसे मुद्दे उठाए। गुजरात से निर्वाचित भाजपा सांसद बाबूभाई देसाई ने कैंसर जैसी गंभीर बीमारी और इसके लिए किए जाने वाले उपायों की तरफ सदन का ध्यान आकर्षित किया। समाजवादी पार्टी के प्रमुख और सांसद अखिलेश यादव ने कहा, विपक्ष कभी ड्रामा नहीं करता। विपक्ष ड्रामा करने वालों को रोकता है कि आपने घोषणा पत्र में जो बाते कहीं हैं, उनको पूरा करिए...चुनाव आयोग की जिम्मेदारी बनती है कि वो सभी का वोट बनाए और यह काम हम कर रहे हैं हैं ताकि हमारे वोट ना कटे...हम अपनी वोट बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं...उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में जो दिखाई दे रहा है, वो यह है कि भाजपा की रणनीति है कि जिन बूथों पर विपक्ष जीता है, उन बूथों पर सबसे ज्यादा वोट काटे जाएं।

## सदन में ड्रामा नहीं डिलीवरी चाहिए : मोदी



**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हो गया। दोनों सदनों में एसआईआर और वोट चोरी के आरोप के मुद्दे पर हंगामा हुआ। सदन की कार्यवाही से पहले पीएम मोदी ने संसद के बाहर मीडिया से 10 मिनट बात की। उन्होंने कहा, विपक्ष हाल के चुनावों में पराजय की निराशा से बाहर निकले और सदन में मजबूत मुद्दे उठाए। अगर विपक्ष चाहे तो मैं उन्हें टिप्स देने के लिए तैयार हैं कि कैसे परफॉर्म किया जाए। उन्होंने कहा- यह सत्र पराजय की हताशा या विजय के अहंकार का मैदान नहीं बनना चाहिए। नई पीढ़ी के सदस्यों को अनुभव का लाभ मिलना चाहिए। यहां ड्रामा नहीं, डिलीवरी होनी चाहिए। यहां जोर नीति पर होना चाहिए, नारों पर नहीं। पीएम ने इसके बाद राज्यसभा में नए सभापति सीपी राधाकृष्णन का स्वागत किया और उनके अभिवादन में स्पीच दी। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभापति का अभिवादन किया। खड़गे ने इस दौरान पूर्व सभापति जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा- मुझे इस बात का दुख है कि सदन को पूर्व सभापति को फेयरवेल देने का मौका नहीं मिला। खड़गे की टिप्पणी पर भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने पलटवार किया। नड्डा ने कहा- आपको बिहार, हरियाणा, महाराष्ट्र की हार ने काफी तकलीफ पहुंचाई है। आपको अपनी तकलीफ डॉक्टर को बताना चाहिए।

## प्रधानमंत्री सबसे बड़े ड्रामेबाज : खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री के बयान पर पलटवार करते हुए उन निशाना साधा है और प्रधानमंत्री को सबसे बड़े ड्रामेबाज तक कह दिया। कांग्रेस का यह बयान तब आया है, जब संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत से पहले मीडिया से बात करते हुए पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि विपक्ष संसद में ड्रामा कर रहा है। प्रधानमंत्री ने विपक्ष से पराजय की बौखलाहट को भुलाकर संसद में सार्थक चर्चा करने की अपील की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में आरोप लगाया कि लोगों के असल मुद्दों को सुलझाने के बजाय प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर ड्रामेबाजी की है।

- **कहा- असल मुद्दों पर चर्चा करें**

## लोगों के मुद्दे उठाना ड्रामा नहीं : प्रियंका



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सरकार पर संसद में चर्चा से बचने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार किसी भी मुद्दे पर संवाद करने के लिए तैयार नहीं है, जिससे सदन का सुचारू रूप से चल पाना कठिन हो रहा है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि लोगों से जुड़े मुद्दे उठाना ड्रामा नहीं है, लेकिन उन पर चर्चा न होने देना ड्रामा है। संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन मोदी के बयान पर जवाब देते हुए, प्रियंका गांधी ने वायु प्रदूषण और एसआईआर जैसे जरूरी मुद्दों पर बहस की मांग की और कहा कि ये आम लोगों बड़े मुद्दे हैं जिन पर संसद में चर्चा होनी चाहिए।

## संसद परिसर में कुत्ता लेकर पहुंचीं कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी एक कुत्ता लेकर संसद परिसर में पहुंच गईं। इस घटना पर बीजेपी सांसदों ने कड़ा विरोध जताया है। रेणुका चौधरी से जब पूछा गया कि वे कुत्ते को संसद क्यों लाई हैं, तो उन्होंने कहा- सरकार को जानवर पसंद नहीं हैं। इसमें क्या हर्ज है? उन्होंने कहा, ये छोटा और बिल्कुल नुकसान न पहुंचाने वाला जानवर है। काटने वाले और डसने वाले संसद में, कुत्ते नहीं। उनके इस कदम पर बीजेपी सांसद जगदंबिका पाल ने नाराजगी जताई। संसद की सिक्योरिटी कंसर्न को लेकर कांग्रेस सांसद ने कहा, कौन सा प्रोटोकाल। कहीं कोई कानून बना है क्या। मैं रास्ते में आ रही थी। वहां स्कूटर और कार वाले का टक्कर हुआ। उसके आगे ये छोटा पिल्ला निकलकर सामने आ गया। ये चारों तरफ सड़क पर घूम रहा था। मैंने सोचा ये पहिए के नीचे आ जाएगा।

## ‘दिल्ली समेत अन्य हवाई अड्डों पर हुआ था साइबर हमला’

**नई दिल्ली।** नवंबर महीने की शुरुआत में देश के प्रमुख हवाई अड्डों पर हवाई सेवाओं के संचालन में भारी परेशानी देखने को मिली थी।

- **संसद में सरकार ने जीपीएस स्पूफिंग की बात कबूल**

दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे पर करीब 800 उड़ानें प्रभावित हुईं। इस दौरान एटीसी की तरफ से ऑटोमैटिक मैसेज स्विचिंग सिस्टम में खराबी बताया गया था। लेकिन अब केंद्र सरकार ने संसद में एक लिखित बयान में स्वीकार किया है कि दिल्ली समेत देश के प्रमुख हवाई अड्डों पर साइबर हमला हुआ था, यानी इन सभी हवाई अड्डों पर आने और यहां से उड़ान भरने वाले



विमान जीपीएस स्पूफिंग का शिकार हुए हैं। इससे पहले केंद्र सरकार ने संसद में एक आंकड़ा पेश किया था। सरकार ने लोकसभा में बताया था कि नवंबर 2023 से फरवरी 2025 के बीच 465 जीपीएस स्पूफिंग की घटनाएं भारत-पाकिस्तान सीमा क्षेत्र (अमृतसर और जम्मू) में दर्ज की गईं। वहीं अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2024 में 4.3 लाख जीपीएस जैमिंग और स्पूफिंग घटनाएं दर्ज की गईं, जो 2023 की तुलना में 62 प्रतिशत अधिक हैं।

### क्या है जीपीएस स्पूफिंग?

जीपीएस स्पूफिंग एक साइबर हमला है, जिसमें नकली सिग्नल भेजकर किसी भी डिवाइस को गलत लोकेशन दिखाई जाती है। जैसे आपके फोन की लोकेशन अचानक चार किमी दूर दिखने लगे, वैसा ही विमानों के साथ होता है। जब यह विमान के साथ होता है, तो उसका नेविगेशन सिस्टम गलत दिशा में जा सकता है, जिससे दुर्घटना का खतरा काफी बढ़ जाता है।

## नवंबर में 1.70 लाख करोड़ का जीएसटी कलेक्शन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने आज नवंबर में हुए जीएसटी कलेक्शन के आंकड़े जारी किए हैं। नवंबर में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) से 1.70 लाख करोड़ रुपए जुटाए गए हैं। सालाना आधार पर इसमें 0.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

आंकड़ों के मुताबिक, एक साल पहले यानी नवंबर 2024 में सरकार ने 1.69 लाख करोड़ रुपए जीएसटी का संग्रह किया था। वहीं पिछले महीन अक्टूबर के मुकाबले नवंबर का कलेक्शन 26 हजार करोड़ रुपए घटा है।


अक्टूबर में सालाना 4.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 1.96 लाख करोड़ रुपए जीएसटी वसूला गया था। इससे पहले अप्रैल 2025 में रिकॉर्ड 2.37 लाख करोड़ रुपए और मई में 2.01 लाख करोड़ रुपए जीएसटी के रूप में जुटाए गए थे।

## सीबीआई देशभर के डिजिटल अरेस्ट केस की जांच करेगी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन (सीबीआई) को देशभर से सामने आए डिजिटल अरेस्ट के मामलों की पैन इंडिया जांच

- **सुप्रीम कोर्ट का निर्देश- राज्य सरकारें जांच एजेंसी की मदद करें**
- **कहा- ये तेजी से बढ़ता साइबर क्राइम**

की जिम्मेदारी सौंपी है। सोमवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सभी राज्यों को डिजिटल अरेस्ट मामलों की जांच में सीबीआई की मदद करने के भी निर्देश दिए। सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा- डिजिटल अरेस्ट तेजी से बढ़ता साइबर क्राइम है। इसमें ठग खुद को पुलिस, कोर्ट या सरकारी एजेंसी का अधिकारी बताकर वीडियो/ऑडियो कॉल के जरिए पीड़ितों, खासकर सीनियर सिटिजन को धमकाते हैं और उनसे पैसे वसूलते हैं। सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को नोटिस जारी कर पूछा कि साइबर ठगी में उपयोग हो रहे बैंक खातों को तुरंत ट्रैक और फ्रीज करने के लिए एआई और मशीन लर्निंग तकनीक का उपयोग क्यों नहीं किया जा रहा। इससे पहले 3 नवंबर की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि डिजिटल अरेस्ट



मामलों में लगभग 3 हजार करोड़ की ठगी का पता चला है। अदालत ने इसे आयरन हैंड से निपटने लायक गंभीर राष्ट्रीय समस्या बताया था। दरअसल, हरियाणा के अंबाला जिले में बुजुर्ग दंपति से 3 से 16 सितंबर के बीच 1.05 करोड़ रुपए की ठगी हुई थी। दंपती को सुप्रीम कोर्ट के जजों के फर्जी साइन और जांच एजेंसियों के नकली आदेश दिखाकर डिजिटल अरेस्ट किया गया था। पीड़ित ने 21 सितंबर को सीजेआई बीआर गवई (पूर्व सीजेआई) को चिट्ठी लिखकर पूरी बात बताई थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले में खुद से एक्शन लिया था।

## मुंबई में भी ग्रेप-4 की पाबंदियां लागू

**मुंबई।** बढ़ते वायु प्रदूषण के चलते देश की वित्तीय राजधानी मुंबई की भी सांसें फूल रही हैं। ऐसे में सरकार

- **प्रदूषण वाले क्षेत्रों में निर्माण कार्यों पर रोक**

ने मुंबई में कई जगहों पर ग्रैप-4 की पाबंदियां लागू कर दी हैं। इसके साथ ही मुंबई भी दिल्ली के साथ उन शहरों की सूची में शामिल हो गया है, जहां वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। मुंबई में कई जगहों पर हवा की गुणवत्ता बेहद खराब पाई गई है, इनमें मुंबई का मझगांव, देवनार, मलाड, बोरीवली ईस्ट, चकाला अंधेरी ईस्ट, नेवी नगर, पवई और मुलुंड जैसे इलाके शामिल हैं। बीएमसी ने इन इलाकों में किसी भी तरह के निर्माण कार्यों और धूल उड़ाने वाली गतिविधियों पर रोक लगा दी हैं, और इन इलाकों में विभिन्न निर्माण स्थलों की निगरानी की जा रही है। 50 से ज्यादा निर्माण स्थलों को काम रोकने के नोटिस जारी किए गए हैं। बेकरी और मार्बल कटिंग यूनिट्स समेत छोटे उद्योगों को साफ प्रक्रिया अपनाने या फिर कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहने को कहा गया है। बीएमसी ने प्रदूषण नियंत्रण के तरीकों को लागू करने और उत्सर्जन पर नजर रखने के लिए हर वार्ड में फ्लाइंग स्क्वॉड तैनात किए हैं। इन स्क्वॉड में इंजीनियर, पुलिसकर्मी और जीपीएस- ट्रैक गाड़ियां शामिल हैं और ये प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों की निगरानी कर रही हैं।

## दिल्ली विस्फोट : कश्मीर-लखनऊ में आठ जगहों पर एनआईए की रेड

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली/लखनऊ।** दिल्ली आतंकी ब्लास्ट

- **आतंकी शाहीन और ड्रोन हमलों की प्लानिंग करने वाले बिलाल के घर तलाशी की**

मामले को लेकर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर और उत्तर प्रदेश में 8 जगहों पर छापेमारी की। एजेंसी ने कश्मीर में मौलवी इरफान अहमद, डॉ. आदील, डॉ. मुजम्मिल, आमिर राशिद और जसीर बिलाल और उत्तर प्रदेश के लखनऊ में शाहीन के घर पर धावा बोला। लखनऊ में दिल्ली ब्लास्ट की मास्टरमाइंड डॉ. शाहीन सईद के घर सोमवार सुबह ह्ह्व की टीम पहुंची। एनआईए टीम के साथ स्थानीय पुलिस भी मौजूद रही। डॉ. शाहीन का घर लखनऊ के लालबाग में है। यहां उसके पिता सईद अंसारी रहते हैं। घर जांच के दौरान बाहर पुलिस का पहरा लगा दिया गया। उधर लोगों का आना-जाना लगभग बंद हो गया। एनआईए की टीम अंदर गई उसके पिता सईद अंसारी से काफी देर तक बातचीत की। बताया जा रहा था कि एनआईए की टीम अपने साथ डॉ. शाहीन को भी लेकर लखनऊ आई थी, लेकिन ऐसा नहीं है। शाहीन के पिता सईद अंसारी का कहना है कि उन्हें अब भी भरोसा नहीं होता कि उनकी बेटी किसी गैर-कानूनी गतिविधि में शामिल हो सकती है। दोबारा छापेमारी के बाद परिवार में तनाव और बढ़ गया है। गौरतलब है कि डॉ. शाहीन के परिवार से पूछताछ का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले यूपी एसटीएफ, दिल्ली पुलिस और जम्मू-कश्मीर पुलिस भी शाहीन के घर पर जानकारी जुटा चुकी हैं। मुख्य आरोपी मुज्जमिल से निकाह की बात सामने आने के बाद से ही एजेंसियां शाहीन की भूमिका को लेकर सतर्क हो गई थीं। एजेंसी के अनुसार, एनआईए की छापेमारी शोपियां के नादिगाम गांव, पुलवामा के कोइल, चंदगाम, मलंगपोरा, संबूरा और कुलगाम में की गई। इसके अलावा डॉ. उमर नबी के साथी जसीर बिलाल वानी उर्फ दानिश के घर पर भी छानबीन की गई।

### पुंछ में वीपीएन सेवाएं बंद

पुंछ जिले में सुरक्षा कारणों से प्रशासन ने तुरंत प्रभाव से सभी वीपीएन सेवाएं दो महीने के लिए बंद कर दी हैं। आदेश में कहा गया है कि हाल के दिनों में बढ़ी सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए यह फैसला जरूरी था। अधिकारियों के मुताबिक, वीपीएन के जरिए जानकारी बाहर जाने और संदिग्ध गतिविधियों के बढ़ने का खतरा था। इसलिए पूरे जिले में वीपीएन पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। दरअसल वीपीएन एक ऐसा एप या सर्विस होती है जो आपके मोबाइल/कंप्यूटर की इंटरनेट लोकेशन और पहचान छिपा देती है। जब आप वीपीएन ऑन करते हैं, तो आपका इंटरनेट किसी दूसरे देश या दूसरी जगह से चलता हुआ लगता है।

### अल फलाह के मालिक को 14 दिनों की हिरासत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की साकेत कोर्ट ने अल फलाह यूनिवर्सिटी के संस्थापक जावेद सिद्दीकी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जावेद सिद्दीकी, जिन्हें अल फलाह यूनिवर्सिटी के संस्थापक के रूप में जाना जाता है। हाल ही में दिल्ली में हुए आतंकी हमले के बाद जांच एजेंसियों ने कुछ आरोपों के चलते जावेद को गिरफ्तार किया गया था। कोर्ट ने सुनवाई के बाद जावेद सिद्दीकी को 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया है। इसका मतलब है कि अब उन्हें जेल में रहना होगा और इस दौरान जांच एजेंसी पूछताछ करेगी।

अल फलाह यूनिवर्सिटी का मालिक जावेद अहमद सिद्दीकी (61) तीन वर्ष जेल में बंद रह चुका है। वह पहले चिट फंड का काम करता था। उसके बाद उसने लोगों को पैसे नहीं दिए थे। उसके खिलाफ 14 से 15 प्राथमिकी दर्ज हुई थीं। माना जा रहा है कि उसने इन पैसों से यूनिवर्सिटी को खड़ा करने में लगाया। हालांकि बाद में उसने सभी लोगों का पैसा लौटा दिया। वह सभी केसों से बरी हो गया था।

## कोलकाता में बीएलओ का जोरदार प्रदर्शन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया में लगे बीएलओ ने सोमवार को कोलकाता में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बीएलओ ने कोलकाता में निर्वाचन आयोग के दफ्तर के बाहर खूब हंगामा किया। हालात इस कदर बिगड़े कि बीएलओ को रोकने के लिए भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा।

पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया में लगे बीएलओ बीते कई दिनों से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। बीते हफ्ते भी विरोध प्रदर्शन के दौरान बीएलओ ने जबरन राज्य निर्वाचन आयुक्त के दफ्तर में घुसने की कोशिश की थी। चुनाव आयोग ने कोलकाता के पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर निर्वाचन आयुक्त की सुरक्षा में चूक को बेहद गंभीर बताते हुए निर्वाचन अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था।

## सात समंदर पार से आए लाखों ‘फ्लेमिंगो’ पक्षी

**कच्छ (गुजरात)।** गुजरात के कच्छ के रण में ठंड की दस्तक के साथ ही सायबेरिया, ईरान और यूरोप से विदेशी पक्षियों का आगमन शुरू हो गया है। ठंड की शुरुआत में ही यहां 1 लाख से अधिक

- **गुजरात में कच्छ का रण हुआ गुलाबी**
- **इस बार रिकॉर्ड 3 लाख पहुंच सकती है इनकी संख्या**

फ्लेमिंगो का जमावड़ा हो चुका है। गुलाबी पंखों वाले फ्लेमिंगों की इस भीड़ से कच्छ का रण का नजारा भी गुलाबी हो गया है।पूर्वी कच्छ वन विभाग के मुख्य अधिकारी आयुष वर्मा ने बताया कि अभी तो इन विदेशी मेहमानों के आगमन का सिलसिला शुरू ही हुई है। दिसंबर के अंत तक इनकी संख्या तीन लाख तक पहुंच सकती है, जो कि पूरे कच्छ का सबसे अनोखा नजारा होगा।



**कच्छ को कहा जाता है फ्लेमिंगो सिटी**

साइबेरिया, ईरान और यूरोप के ठंडे प्रदेशों से फ्लेमिंगो कच्छ के रण में हर साल सर्दियां बिताने आते हैं। इनके साथ पेंटास्टॉर्क, सफेद और गुलाबी रंग के लेसर व ग्रेटर सहित कई विदेशी पक्षी भी आते हैं। इन्हें देखने के लिए विदेशी मेहमान भी कच्छ आते हैं। गुजरात का रण ऑफ कच्छ खासतौर पर फ्लेमिंगो पक्षियों के प्रजनन स्थल के लिए मशहूर है। इसीलिए इसे फ्लेमिंगो सिटी भी कहा जाता है। सर्दियों के दौरान लाखों की संख्या में गुलाबी पंखों वालों फ्लेमिंगो इस दलदली क्षेत्र को गुलाबी रंग से भर देते हैं।

## अध्ययन : खून के अणुओं से कम होगी उम्र बढ़ने की रफ्तार

नई दिल्ली। वैज्ञानिकों ने खून में पाई जाने वाली एक कम-पहचानी बैक्टीरिया प्रजाति से बने नए एंटी-एजिंग यौगिक खोजे हैं। यह खोज

- **अधिक जवां दिखेगी त्वचा**

भविष्य में नई स्किन-रिजुवनेशन थेरेपी यानी त्वचा को फिर से जवां करने के तरीकों की राह दिखा सकती है। इन यौगिकों को इंडोल मेटाबोलाइट्स कहा जाता है। इन यौगिकों लैब में तैयार त्वचा कोशिकाओं में सूजन, ऑक्सीडेटिव तनाव और कोलाजेन को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधि को कम किया। शोधकर्ताओं के मुताबिक यह भविष्य की स्किन थेरेपी का अप्रत्याशित स्रोत बन सकता है। वैज्ञानिकों ने पाया है कि शरीर खुद ऐसे अणु बनाता है जिनमें प्राकृतिक एंटी-एजिंग क्षमता होती है। खून में रहने वाले एक बैक्टीरिया के बनाए गए ये तीन शक्तिशाली अणु मानव त्वचा कोशिकाओं में सूजन और कोशिकाओं के नुकसान को कम करने में सक्षम पाए गए। यह शोध अध्ययन अमेरिकन केमिकल सोसायटी और अमेरिकन सोसायटी ऑफ फार्माकोग्नॉसी के जर्नल ऑफ नेचुरल प्रोडक्ट्स में छपा है। इनमें से तीन इंडोल, जिनमें दो नए थे, ने तनावग्रस्त कोशिकाओं में प्रतिक्रियाशील ऑक्सीजन प्रजातियों को कम किया, जबकि बगैर इलाज वाली कोशिकाओं में यह अधिक था। इन्हीं यौगिकों ने दो सूजन बढ़ाने वाले प्रोटीन और एक कोलाजेन तोड़ने वाले प्रोटीन के स्तर भी कम किए। इन शुरुआती परिणामों के आधार पर, वैज्ञानिकों का कहना है कि ये नए इंडोल मेटाबोलाइट भविष्य में ऐसे इलाज विकसित करने में मदद कर सकते हैं जो त्वचा पर उम्र बढ़ने के प्रभावों को कम करें।

### खून में रहने वाले बैक्टीरिया खोल सकते हैं सेहत के राज

वैज्ञानिकों को अभी भी यह कम समझ है कि खून में घूमने वाले बैक्टीरिया के उप-उत्पाद (मेटाबोलाइट्स) इंसानी सेहत पर कैसे असर डालते हैं। इनमें से इंडोल यौगिक खास तौर से अहम हैं क्योंकि यह बुढ़ापा रोधी, सूजन रोधी और सूक्ष्मजीव रोधी प्रभाव वाले गुण रखता है। वैज्ञानिकों ने 2015 में ऐसा ही एक खून में रहने वाला बैक्टीरिया खोजा जो ये यौगिक बनाता है और उसका नाम पैराकोकस सैंगुइनिस रखा गया। इस विचार को समझने के लिए टीम ने पैराकोकस सैंगुइनिस को तीन दिन तक बड़ी मात्रा में उगाया और इसमें बने सभी मेटाबोलाइट्स (एक पदार्थ जो चयापचय में बनता है या उसके लिए जरूरी है) को निकाला।

# शादी समारोह से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

**तिलहर-शाहजहांपुर।** मदनापुर थाना अंतर्गत बीती रात रविवार को एक सड़क हादसे में युवक रविरतन की मौत हो गई। वह शादी से लौट रहा था पुलिस ने शव पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा दिया।
थाना अंतर्गत गांव गिरधरपुर निवासी रविरतन पुत्र बेंचे सिंह उम्र 36 निवासी कांट कुतुआपुर गांव में अपनी मामा की लड़की की शादी में शामिल होने गए थे। शादी समारोह 30 दिसंबर को संपन्न हुआ था। रात में वह अकेले बाइक से अपने घर गिरधरपुर लौट रहे थे। मदनापुर-बुधवाना रोड पर फाजिलपुर गांव के पास अचानक सड़क पर आए



अज्ञात गोवंश से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। जिससे रविरतन की मौत हो गई। हादसे के बाद फाजिलपुर में कारखाना चलाने वाले एक व्यक्ति ने रविरतन को सड़क पर पड़ा देखा। उन्होंने तुरंत रविरतन के पिता को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर परिवारजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक रवि रतन खेती बाड़ी का काम करते थे। उनके परिवार में पत्नी ममता यादव, 4 साल का बेटा लविश, छोटा भाई सतीश और मां द्रोपदी हैं। हादसे की खबर से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

# प्राथमिक विद्यालय अब्दुल्ला नगर में हुआ तिथि भोज



**मिर्ज़ापुर/परौर- शाहजहांपुर।** सोमवार को प्राथमिक विद्यालय अब्दुल्ला नगर, न्याय पंचायत- लक्ष्मणपुर में शासनादेशानुसार तिथि भोज÷ का आयोजन कराया गया। तिथि भोज के अंतर्गत ए आर पी सुशील कुमार सिंह और ए आर पी राजेंद्र पाल ने बच्चों के साथ अपनी खुशी साझा की। इंचार्ज प्रधानाध्यापक रविंद्र कुमार ने बताया कि यह भोज का आयोजन अपने बच्चे के जन्मदिन के अवसर पर किया। शासनादेशानुसार भोजन में विद्यालय के सभी बच्चों को खीर, सब्जी, रोटी, चावल और मौसमी फल दिया गया। भोजन के पाश्चात्य ए आर पी राजेंद्र पाल ने बच्चों को उपदेशात्मक कहानी सुना कर मनोरंजन किया। इंचार्ज प्रधानाध्यापक रवीन्द्र कुमार ने बताया कि उन्होंने बाल दिवस 14 नवंबर को भी बच्चों के साथ उत्सव मनाया था और शासन के निर्देशानुसार बाल मेला का भी आयोजन किया था। बाल मेला और तिथि भोज के कारण विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति भी लगभग शत प्रतिशत हो रही है।

# तमंचा, कारतूस के साथ शातिर अपराधी गिरफ्तार

## पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर की कार्रवाई, आरोपी जेल भेजा

**पुवायां।** कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक शातिर अपराधी को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी पर पहले से ही आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण के बाद उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। यहकार्रवाई रविवार देर रात करीब 12 बजे हुई, जब पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक शातिर युवक जेवां बाईपास हाईवे के पास अवैध असलहे के साथ घूम रहा है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान सौरभ पुत्र राजेंद्र मिश्रा निवासी ग्राम हरदयाल



कुचा, थाना पुवायां के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस के अनुसार, सौरभ इलाके का शातिर अपराधी है और उसके खिलाफ पुवायां कोतवाली में आधा दर्जन से अधिक मुकदमे पहले से पंजीकृत हैं। गिरफ्तारी के बाद पुलिस सौरभ को सोमवार दोपहर करीब 2 बजे मेडिकल परीक्षण के लिए लेकर गई। इसके बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ में कई अहम जानकारियां मिलने की उम्मीद है।

# शाहजहांपुर में सड़क हादसे में तीन घायल, दो गंभीर

## शादी में जा रहे थे, जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

**पुवायां।** नाहिल से दियूरिया कॉलोनी में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे तीन युवक रविवार देर शाम सड़क हादसे का शिकार हो गए। जुझारपुर के पास उनकी बाइक एक ट्राली से टकरा गई, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से दो की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। घायलों की पहचान हंसापुर थाना बंडा निवासी कुलदीप पुत्र राजाराम, साहतेपुर स्टेशन रोड निगोही थाना निगोही निवासी नितिन कुमार पुत्र विजय कुमार और नाहिल निवासी अंकित पुत्र रामलखन के रूप में हुई है। ये तीनों एक ही बाइक पर सवार



होकर अपने रिश्तेदारी की बारात में जा रहे थे। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत एंबुलेंस सेवा को सूचना दी। 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को पुवायां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लेकर आई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों ने जांच के बाद कुलदीप और नितिन की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें तत्काल शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। दोनों को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं, अंकित को पुवायां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है। उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

# बिजली राहत शिविर का हुआ आयोजन



**तिलहर शाहजहांपुर।** क्षेत्र स्थित पिपरौली गांव में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (एमबीबीएनएल) ने एक बिजली राहत शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में बड़ी संख्या में बिजली उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराकर अपने बिलों में छूट का लाभ उठाया। यह शिविर विशेष रूप से बिजली उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से लगाया गया था। इस मौके पर विद्युत जेई कृपांशु मौजूद रहे, जिन्होंने उपभोक्ताओं को योजना की जानकारी दी। जेई कृपांशु ने बताया कि यह योजना उन उपभोक्ताओं के लिए है जिन्होंने मार्च से पहले अपने विद्युत बिल जमा किए थे। ऐसे सभी उपभोक्ताओं को बिजली बिल जमा करने पर ब्याज में 100 प्रतिशत की छूट मिल रही है। इसके अतिरिक्त, मूल राशि में भी 25 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है। शिविर में बड़ी संख्या में विद्युत उपभोक्ता पहुंचे और उन्होंने अपना पंजीकरण करवाकर इस छूट का लाभ लिया। जेई कृपांशु ने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे इस योजना का लाभ उठाने के लिए जल्द से जल्द अपना पंजीकरण कराएं। यह योजना अगले तीन महीने तक जारी रहेगी।

# कुत्ते से टकराई बाइक पीआरडी जवान गंभीर घायल



**पुवायां।** 108 एम्बुलेंस चालक और ईएमटी की सूझबूझ से घायल का प्राथमिक उपचार कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुवायां ले जाया गया जहां पर घायल का इलाज चल रहा है। कुत्ते से टकराई बाइक पीआरडी जवान गंभीर घायल पुवाया। थाना क्षेत्र के नगरिया प्रयागपुर के रहने वाले विश्वनाथ पीआरडी जवान खुटार में ड्यूटी करने जा रहे थे जैसे ही बाइक बितोनी गांव के पास पहुंची तभी रोड पर अचानक कुत्ता आ जाने से बाइक कुत्ते से टकरा गई और पीआरडी जवान गंभीर घायल होगया। मौक़े पर 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची, पहले ईएमटी हरीश कुमार ने घायल पीआरडी जवान का प्राथमिक उपचार किया। घायल पीआरडी जवान विश्वनाथ को 108 एम्बुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुवायां लाया गया। जहां पर उसका इलाज चल रहा है। पीआरडी जवान संदीप ने बताया कि विश्वनाथ शराब का सेवन कर बाइक चला रहा था और हेलमेट भी नहीं लगा हुआ था। और उसकी बाइक बितौनी गांव के पास रोड पर कुत्ते से टकरा गई जिससे वह गंभीर घायल हो गया। पीआरडी जवान संदीप द्वारा कहा गया कि पीआरडी जवानों की 70 किलोमीटर दूर ड्यूटी लगा दी जाती है जबकि अधिकारियों को इस समस्या को लेकर अवगत भी कराया जा चुका है मगर किसी भी अधिकारी ने इस पर संज्ञान नहीं लिया है, जिससे कि पीआरडी जवान मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान हैं।

# नेशनल स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे चंदी स्कूल के दो बच्चे

**पुवायां।** सीबीएसई रीजनल साइंस एग्जीबिशन 2025 में गंगसरा स्थित चंदी कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा और वैज्ञानिक सोच का शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा 7 की छात्राएँ सवगुन कौर और एकमप्रीत कौर ने ÷सोलर सीडर÷ नामक प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया, जिसमें सौर ऊर्जा की मदद से बीज बोने की प्रक्रिया को आसान, सस्ती और पर्यावरण-अनुकूल बनाया गया है। वहीं कक्षा 9 के मास्टर अरमान सिंह और मास्टर अंश शर्मा ने ÷ऑटोमेशन सिस्टम ऑफ गार्बेज कलेक्शन एंड ऑर्गैनिक-इनऑर्गैनिक वेस्ट मैनेजमेंट÷ प्रोजेक्ट के माध्यम से कचरा प्रबंधन की आधुनिक समस्या का तकनीकी समाधान पेश किया, जो कचरे को स्वतः अलग कर स्वच्छता और स्थिरता को बढ़ावा देता है। दोनों टीमों के इन नवाचारी प्रोजेक्टों ने विद्यालय का मान बढ़ाया और छात्रों की वैज्ञानिक क्षमता, पर्यावरणीय जागरूकता तथा रचनात्मक सोच को उजागर किया।÷ सोलर सीडर ÷नामक प्रोजेक्ट को नेशनल लेवल के लिए चयनित भी किया गया। विद्यालय के प्रबंधन समिति ने बच्चों को प्रोत्साहित किया और पुरस्कृत भी किया । इस प्रोजेक्टर को बनाने में मिस जूही सिंह ,मिस अर्चना मिश्रा, मिस नवनीत कौर एवं मिस्टर रिज़वान एवं अस. डी. अली का योगदान रहा।विद्यालय में इन उपलब्धियों से हर्ष और गर्व का वातावरण है।



# राष्ट्रीय स्वंय सेवकों ने चलाया गृह सपंर्क अभियान



**तिलहर शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग कार्यवाह रघुवीर सहाय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गृह संपर्क अभियान चलाया। रविवार की देर शाम गुरु नानक बस्ती में कार्यकर्ताओं ने हिंदू परिवारों से संपर्क किया और चित्र वितरण किए। सह विभाग कार्यवाह रघुवीर सहाय ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने वाला संगठन है और सदैव राष्ट्रहित के लिए कार्य कर्ता है। संघ अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है और इसी को लेकर प्रत्येक हिंदू परिवार तक भारत माता का चित्र और संघ का साहित्य पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने गुरु नानक बस्ती में घर-घर जाकर लोगों से सम्मानित कर संघ के प्रति जागरूक किया। और पुस्तिका देकर ?20 की सहयोग राशि प्राप्त की। सह विभाग कार्यवाह अखिलेश चंद्र ने संघ के पंच परिवर्तन विषय की जानकारी देते हुए बताया जिसका उद्देश्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है। ये पांच परिवर्तन है आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन को बढ़ावा देना जिससे देश की अर्थव्यवस्था मज़बूत हो।इस दौरान आदित्य मोहन,आकर्ष राठौर,अतुल राठौर, पीयूष राठौर, अनुराग मोहन आदि मौजूद रहे।

# मोटरसाइकिलो की आपस में भिड़ंत तीन घायल,रेफर

**तिलहर शाहजहांपुर।** बाइको में हुई आमने-सामने टक्कर तीन घायल। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। घायलों में एक की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। सोमवार को शाम 5.30 बजे बिलहरी गांव की मोड़ के पास जगबीर पुत्र जगतपाल गांव हरनौखा निवासी बाइक से आ रहा था वही सामने से आ बाइक सवार सूरज पुत्र बुद्ध पाल, रामपाल पुत्र पुत्तू लाल मोहल्ला घेरचौहा तिलहर की बाइक आमने-सामने टकरा गई टक्कर लगने से रोड पर गिरकर तीनों लोग घायल हो गए। जिसमें गंभीर रूप से घायल रामपाल के सर और नाक से खून बह रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां घायल रामपाल की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। बाकी दो घायलों का इलाज सीएचसी पर चल रहा है।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की चर्चाएं हुईं तेज

## जनता के दिल और दिमाग में बसे हुए हैं मुनेश्वर दयाल वर्मा

**निगोही।** विकास खंड निगोही की ग्राम पंचायत हसौआ के मजरा रघवापुर निवासी सरल सौम्य व कर्मठ ग्राम प्रधान रहें मुनेश्वर दयाल वर्मा को सन 2026 में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पुनः ग्राम पंचायत हसौआ से ग्राम प्रधान चुनकर गांव का सर्वांगीण विकास करायें जाने की चर्चाएं सुबह ,शाम अलावा के चारों ओर बैठ कर बतकही कर रहे हैं ! ग्राम पंचायत हसौआ में ठंड की दस्तक देते ही लगने लगे अलावा सुबह ,शाम हाथ सेंकते लोगों के मुंह पंचायती चुनाव को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गयीं हैं! पूर्व प्रधान मुनेश्वर दयाल वर्मा ने अपने कार्यकाल में ग्राम पंचायत हसौआ के चारों गांव में 485 आवास व 750



सुलभ शौचालय गरीवों को दिलानें के साथ ही ग्राम पंचायत हसौआ में पंचायतघर, रघवापुर में आंगनबाडी केंद्र व अन्य मजरों के स्कूलों में अतिररिक्त कक्ष का निर्माण कार्य कराने का काम किया,सी सी रोड ,खड़ंजे व पक्की सड़कों का जाल बिछाने वाले !गांव के हर गली,मोहल्ले में विधुत पोल पहुंचाने वाले ! बरसात के समय में बड़े बुजुर्गों की अंतिम यात्रा के सम्मान में अंतिम संस्कार के लिए टीन सेट श्मशान घाट बनाए! शुद्ध पानी पीने के लिए नल लगवाएं लोगों के सुख दुःख में उनकी हमेशा डटकर मदद करने वाले हर बहन बेटी की शादी में यथासंभव मदद करने वाले! लोगों की आवश्यकता पर उनके लिए थाना तहसील कोर्ट कचहरी से लेकर जिला मुख्यालय तक हर कदम पर साथ खड़े रहने वाले तेज तर्रार युवा दुश्मन की तलवार को डाल पर रोकने वाले मुनेश्वर दयाल वर्मा जनता के दिल और दिमाग में बसे हुए हैं समय आने पर वोट करेंगें!

# बच्चों ने यातायात का पालन करने वालों को दिये गुलदस्ते

## भारतीय युवा मंच, रोजा, यातायात पुलिस व हरि कौशल त्यागी पब्लिक स्कूल बच्चों ने किया जागरूक




रोजा,शाहजहांपुर। भारतीय युवा चेतना मंच द्वारा रोजा पुलिस, यातायात पुलिस शाहजहांपुर व हरि कौशल त्यागी पब्लिक स्कूल रोजा शाहजहांपुर के साथ रोजा अड्डा पर यातायात सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें यातायात नियमों का पालन कर रहे यात्रियों को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया, साथ ही अनियमित चालकों को सचेत किया गया एवं गाड़ियों पर यातायात सुरक्षा के पोस्टर लगाए गए। इससे पूर्व स्कूल के बच्चों द्वारा रोजा मालगोदाम से बल्लियां होते हुए रोजा अड्डा तक एक यातायात जागरूकता रैली का आयोजन किया गया एवं बच्चों द्वारा ट्रैफिक नियमों के लिए बनाए गए पोस्टरों एवं मॉडल का प्रदर्शन किया गया। जिसे काफी संख्या में लोगो ने देखा एवं सराहना की ट्रैफिक प्रभारी विनय पांडे ने चालकों को सचेत करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना में मृत्यु का ग्राफ बहुत अधिक है, यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित यात्रा कर इसको रोका जा सकता है। रोजा क्राइम इंस्पेक्टर गंगा सिंह ने बच्चों के कार्य को बहुत प्रशंसनीय बताते हुए उनकी अपील पर लोगों को ध्यान देने की आवश्यकताओं पर जोर दिया। भारतीय युवा चेतना मंच अध्यक्ष नरेंद्र त्यागी ने यातायात नियमों का पालन कर रहे चालकों को बच्चों द्वारा बनाए गए गुलदस्ते भेंट कर सम्मानित किया एवं कहा कि यातायात के नियम हमारी सुरक्षा के लिए है न कि हम पर कोई बोझ है अपनी ओर परिवार की सुरक्षा के लिए हमको इनका पालन जरूर करना चाहिए। मुख्य रूप से नीरा त्यागी, मयंक मिश्रा, रविन्द्र, प्रदीप मिश्रा, गोपाल दीक्षित, योगेंद्र त्यागी, शेखर त्यागी, रामरक्ष पाल, सुमन, दीक्षा, सोनल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# मुरादाबाद से आए शायर के सम्मान में हुआ महफिल ए मुशायरा

**तिलहर शाहजहांपुर।** बीती रात सुखन तराश फाउंडेशन की ओर से ग्लोब पब्लिक स्कूल चौहटिया बाजार में कुंदरकी मुरादाबाद से आये मेहमान शायर राशिद राहत के सम्मान में एक मुशायरे का आयोजन किया गया मुशायरे की अध्यक्षता असगर यासिर शाहजहाँपुरी ने की और संचालन मास्टर शाहिद अली ने किया मुशायरे में तिलहर के अलावा शाहजहांपुर कटरा जलालपुर और के शायरों ने शिरकत की प्रोग्राम देर रात तक चलता रहा मुशायरे का शुभारम्भ मसूद हसन ख़ां ने नात ए पाक से किया असगर यासिर ने सुनाया-

**खुलूस यारों में कितना है आजमाऊंगा, मैं घर की राह में कुछ कैक्टस लगाऊंगा।**

हमीद खिजर गुनगुनाया-



**बालाएं जान गई हैं पता मेरे घर का, ये बोझ आके उतारो कभी मेरे सर का**

राशिद राहत ने सुनाया

**अब तो ख्आहिश है हमारी कि कोई काम मिले, थक गए मुफ्त के राशन पे गुजारा कर के**

मोहतरमा गुलिस्तां खान ने कहा

**हवा ने मोड़ दी कश्ती ये किस इशारे पर, पहुंचने वाले थे हम लोग बस किनारे पर**

शमशाद आतिफ ने कहा

**तू जितना जुल्म चाहे करे तेरे बस में हूं, है वक्त आज तेरा तो मेरा भी आयेगा**

शिफा तिलहरी ने सुनाया

**हालांकि उससे कोई भी रिश्ता नहीं रहा, लेकिन वो मेरे ज़हन में जिंदा है आज भी**

साजिद सफदर ने कहा

**तेरा किरदार क्या ऊंचा तेरा मेयार हो जाए, अगर तू ख़ाकसारी के लिए तैयार हो जाए**

रेहान ताबिश ने सुनाया

**हर लम्हा सितम दिल पे मेरी जान किया है, जैसे कि मोहब्बत नहीं अहसान किया है**

अकरम सिफत ने कहा

**हराम का हो जो लुक़्मा मुझे कभी न मिले, ख़ुदारा मुझको ज़लालत की जिंदगी न मिले**

हसन तिलहरी ने सुनाया

**ये तख्त ओ ताज ये दौलत ?दे तुम्हारे हैं, हमारे हाथ में टूटे हुए सितारे हैं**

शरीफ आलम कटरावी ने कहा

**बहुत से हारने वाले यही अक्सर समझते हैं, मुक़ाबिल जो भी होता है उसे कमतर समझते हैं**

फरीद तिलहरी ने कहा

**कभी फरिश्ता कभी जानवर कभी इंसा, हर एक आदमी के तीन तीन चेहरे हैं**

फैजान तिलहरी ने सुनाया

**उसे जब से मोहब्बत हो गई है, बला की खूबसूरत हो गई है**

मुशायरा देर रात तक चलता रहामुशायरे में रईस मन मास्टर फैसल अजीम फरीद रफीक तौफीक आरिफ खान हाशिम ममनून राईन दानिश फैज शादान आदि मौजूद रहे

# रामगंगा नदी सेतु पर रेलिंग तोड़कर लटका ट्रक, हाइवे पर कई घंटों लगा जाम

**अल्हागंज।** बरेली फरुखाबाद हाइवे स्थित रामगंगा नदी सेतु जर्जर हालत में है। आये दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिस कारण रोजाना हाइवे पर कई-कई किलोमीटर लंबी जाम लगा रहता है। सोमवार सुबह फरुखाबाद की ओर ट्रक रामगंगा नदी सेतु की रेलिंग तोड़कर सेतु से लटक गया जिससे अफरा तफरी, मच गयी। रामगंगा सेतु से घंटों तक आवागमन बाधित रहा। हुल्लापुर चौराहे से जैनापुर तक भीषण जाम लग गया। फरुखाबाद एवं शाहजहांपुर पुलिस ने जाम खुलवाने के लिए घंटों मशक्कत करनी पड़ी।



बरेली फरुखाबाद हाइवे स्थित रामगंगा नदी सेतु विगत कई माह से जर्जर हालत को लेकर चर्चा में बना हुआ है चंद दिनों पहले इसी सेतु से एक गन्ना लदा ट्रक आधी रात्रि रेलिंग तोड़ते हुए नदी गिरा था ट्रक को काफी प्रयास के बाद आज तक नदी से नहीं निकाला जा सका हैं। स्थानीय लोगों का कहना है रामगंगा नदी सेतु पर जगह जगह गड्ढे हो चुकें हैं सेतु पर जगह जगह लोहे सरिया निकलीं दिखाई देती है। जिस कारण वाहन चालक तेज रफ्तार वाहन में अचानक ब्रेक लगा देते हैं जिससे आम दिन कोई कोई ना दुर्घटनाएं प्रकाश में आती रहती है। रविवार रात्रि से रामगंगा नदी सेतु के दोनों की किलोमीटर लम्बा जाम लगा रहा जाम को खुलवाने के लिए पुलिस प्रशासन ने पूरी रात मशक्कत के बाद सुबह लगभग चार बजे बरेली फरुखाबाद हाइवे पर यातायात सामान्य हो सका था फरुखाबाद जनपद की सीमावर्ती सेतु में सोमवार सुबह लगभग छः बजे फरुखाबाद की ओर से आ रहा ट्रक रामगंगा नदी सेतु पर पहुंचते ही चालाक ट्रक पर नियंत्रण खो बैठा जिससे तेज रफ्तार ट्रक सेतु की रेलिंग तोड़ते हुए सेतु से लटक गया। जिससे कारण सेतु पर अचानक अफरातफरी जैसे हालत बन गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ मोटरसाइकिल सवारों को अफरातफरी में मामूली चोटें भी आई। लोगों ने बताया कि जिस समय ट्रक दुर्घटना का शिकार हुआ तेज रेलिंग टूटने की आवाज के साथ पुल बहुत तेज हिला। अचानक अपना अपना वाहन घुमाकर पीछे की ओर भाग खड़े हुए। धीरे-धीरे कई किलोमीटर लम्बा जाम लग गया। फरुखाबाद जनपद में सोमवार सुबह रामगंगा नदी सेतु पर ट्रक रेलिंग तोड़कर सेतु लटकते ही सेतु से यातायात की घंटों तक प्रभावित रहा बरेली फरुखाबाद हाइवे स्थित हुल्लापुर चौराहे की चारों दिशाओं में वाहनों की कई की किलोमीटर लम्बी कतारें देखने को मिली। बारह घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद भी अल्हागंज पुलिस जाम खुलवाने में कामयाब नहीं सकी। क्योंकि ट्रक जिस स्थान पर दुर्घटना का शिकार हुआ है। बताया जा रहा वह हिस्सा फरुखाबाद जनपद की सीमा में आता है ट्रक को स्थानीय प्रशासन के द्वारा समाचार लिखे जाने तक नहीं हटवाया जा सका था बारह घंटे से अधिक समय से हाइवे पर जाम जैसे हालात बने हुए हैं। जाम में फंसे राहगीर मुसाफिर वाहनों को छोड़कर छोटे छोटे बच्चों को लेकर पैदल यात्रा कर रहे हैं। पुलिस क्षेत्राधिकार अमृतपुर जनपद फर्रुखाबाद ने बताया है कि रामगंगा नदी सेतु की रेलिंग तोड़कर लटके ट्रक को पुल से हटाने के लिए ट्रक से माल को खाली कराया जा रहा है माल के खाली होते ही ट्रक को क्रेन से खिंचवाकर पुल से हटवाया जाएगा शीघ्र ही यातायात सामान्य कराया जाएगा।

# पुवायां में सहायक अध्यापक और कंट्रोल रूम प्रभारी में मारपीट

## दोनों पक्षों ने पुलिस को दी तहरीर, जांच जारी

**पुवायां।** खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में मतदाता निरीक्षण कार्य (एसआईआर) कंट्रोल रूम के प्रभारी और सहायक अध्यापक के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। यह घटना 29 नवंबर को दोपहर लगभग 1 बजे हुई थी। कंट्रोल रूम प्रभारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 29 नवंबर को वह कंट्रोल रूम में बैठे थे। सहायक अध्यापक, जिनकी ड्यूटी बीएलओ की सहायता के लिए नगर के प्राथमिक विद्यालय मठिया केंद्र पर थी, वह अपनी ड्यूटी



पर न जाकर कंट्रोल रूम में बैठकर मोबाइल देख रहे थे। कंट्रोल रूम प्रभारी के अनुसार, जब उन्होंने सहायक अध्यापक से केंद्र की जानकारी पूछी तो वह गाली-गलौज करने लगे और अधिकारियों को भी अपशब्द कहे। थोड़ी देर बाद सहायक अध्यापक अपने 10-15 साथियों के साथ आए और कार्यालय के मुख्य गेट के पास घेराबंदी कर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। इसके बाद वे धमकी देकर चले गए। वहीं, सहायक अध्यापक ने भी घटना के दिन ही पुलिस को तहरीर दी थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि शिक्षामित्र ने खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उनके साथ मारपीट की थी। थाना कार्यवाहक राजेश सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर प्राप्त हुई है। पुलिस मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करेगी।

# पहले आओ विद्युत राहत योजना का लाभ उठाओ

## विद्युत उपकेंद्र खुटार पर विद्युत राहत योजना के तहत लगाया गया कैंप

**खुटार।** विद्युत राहत योजना के तहत उप केंद्र खुटार पर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 14 उपभोक्ताओं के द्वारा ओटीएस योजना का लाभ लिया गया। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से विद्युत राहत योजना के तहत 1 किलोवाट से लेकर 2 किलो वाट तक के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए ब्याज माफी के साथ ही मूलधन राशि जमा करने पर छूट की योजना चलाई जा रही है। इसके तहत सरकार की ओर से विद्युत उपकेंद्र पर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को विद्युत उपकेंद्र खुटार पर भी विद्युत राहत योजना के तहत उपखंड अधिकारी हरेंद्र राहुल के निर्देशन में कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि योजना का प्रथम चरण 1 दिसंबर से 31 दिसंबर तक चलेगा जिसके अंतर्गत 100 प्रतिशत ब्याज माफी के साथ ही मूलधन राशि पर 25 प्रतिशत राहत योजना का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि उक्त योजना का लाभ लेने के लिए पहले आओ पहले पाओ के तहत अपना पंजीकरण नजदीकी कैश काउंटर पर या जनसेवक केंद्र पर कराकर लिया जा सकता है।

# विश्व एड्स दिवस पर कर्मचारियों को किया गया जागरूक



**कांट शाहजहांपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर विश्व एड्स दिवस पर कर्मचारियों को शपथ दिलाकर जागरूक किया गया।सोमवार को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एड्स जैसी बीमारी से लोगों को जागरूक करने के लिए वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डॉ अश्वनी कुमार द्वारा आरोग्य मंदिर पर शपथ दिलाई गई इस दौरान डॉक्टर सुबल शाह, डॉक्टर बिन्नी डॉ राजीव मेहरोत्रा फार्मासिस्ट राहुल मीनाक्ष कुमार पाठक, सुशील कुमार, उपेंद्र कुमार अवनीत मिश्रा सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# युवक रहस्यमय ढंग से लापता

**खुटार।** राइस मिल से ड्यूटी कर वापस जाने की बात कहकर निकला युवक रहस्यमय ढंग से लापता हो गया। जिससे परिवार के लोग काफी परेशान हैं। तीन दिन बीतने के बाद भी अभी तक उसका कोई सुधार नहीं लगा है। क्षेत्र के गांव मलिका में रहने वाले 42 वर्षीय नीरज सिंह खुटार के बंडा रोड पर स्थित मदन राइस मिल पर काम करते हैं। 29 नवंबर की शाम 4 बजे के करीब वह राइस मिल से ड्यूटी खत्म करके घर जाने की बात कह कर निकले



थे। लेकिन देर रात तक घर नहीं पहुंचे। इसके बाद परिवार के लोगों ने उन्हें तलाश किया। लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। जिसके बाद परिवार के लोग राइस मिल पर पहुंचे और उनके संबंध में जानकारी की। लेकिन वहां से जानकारी दी गई कि वह 4 ही घर जाने की बात कह कर मिल से निकल गए थे। इसके बाद परिजन उन्हें इधर-उधर तलाश करते रहे। लेकिन तीन दिन बीतने के बाद भी अभी तक नीरज सिंह का कहीं कोई सुधार नहीं लगा है। जिससे परिवार के लोग काफी परेशान हैं। परिजनों ने पुलिस को मामले की सूचना दे दी है।

# नगर निगम की उदासीनता से सड़कों पर आवारा पशुओं की भरमार : दुआ

## व्यापारियों को एसआईआर फॉर्म भरने को किया जागरूक



शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की एक बैठक कन्हैया होजरी पर जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक का संचालन नगर महामंत्री अतुल गुप्ता ने किया। बैठक में कुलदीप सिंह दुआ ने व्यापारियों को एस आई आर फॉर्म भरने में बी एल ओ का सहयोग करने का अनुरोध किया। जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा इस महत्वपूर्ण कार्य कराये जाने हेतु पूर्णतया सहयोग करने के लिए सभी पदाधिकारी एवं व्यापारी आम जनता को जागरूक करें और फॉर्म भरने एवं भरवाने में उनका संपूर्ण सहयोग करें। जिससे आने वाले समय में किसी भी व्यापारी को होने वाली असुविधा और परेशानी से बचाया जा सके। नगर कोषाध्यक्ष नीरज गुप्ता ने कहा कि इस सिलसिले में व्यापारी एवं पदाधिकारी को जागरूक होना पड़ेगा। नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा जिन व्यापारियों के यहां 20 कर्मचारी तक कार्य करते हैं उनका लेबर ऑफिस में रजिस्ट्रेशन कंपलसरी नहीं होगा। इस पर सभी सदस्यों ने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। बैठक में उपस्थित लेबर इंस्पेक्टर ओमप्रकाश ने इस सम्बंध में सभी सदस्यों को पूर्ण जानकारी दी। बैठक में जिला उपाध्यक्ष अभिषेक गुप्ता ने कहा कि नगर निगम की उदासीनता के कारण नगर में हर मोहल्ले एवं सड़कों पर आवारा पशुओं की भरमार होने से दुर्घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं लोग घायल हो रहे हैं इसके लिए निगम अधिकारी पूर्णतया जिम्मेवार है। नगर महामंत्री अतुल गुप्ता ने कहा कि नगर की कई समस्याओं के लिए नगर निगम के अधिकारियों का घेराव करने की जरूरत है। जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ ने इस संबंध में शीघ्र विचार कर आंदोलन करने का आश्वासन दिया। इस बैठक में नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता महामंत्री अतुल गुप्ता जिला कोषाध्यक्ष नीरज गुप्ता जिला उपाध्यक्ष मुकेश गुप्ता अभिषेक गुप्ता युवा जिला अध्यक्ष रोहित अग्रवाल महामंत्री कमाल फहीम युवा नगर अध्यक्ष शकील अहमद प्रदेश संगठन मंत्री सुल्तान अहमद खां सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बंदरों के हमले से घायल बुजुर्ग की मौत

**कांट शाहजहांपुर।** मस्जिद की छत पर बंदरों के हमले से छत से गिरकर



घायल हुए बुजुर्ग की उपचार के लिए ले जाते समय मौत हो गई ।पैतृक कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। बड़ी संख्या में लोग जनाजे में शामिल हुए। रविवार को जोहर की नमाज पढ़ने गए रावतपुर गांव के रहने वाले मोहम्मद अनीस (65) मस्जिद की छत पर बंदर आ जाने से भागने जब छत पर बंदर भगाने चढ़े तो बंदरों ने हमला कर दिया घबराहट में अनीस के पीछे हटे तो लगभग 12 फीट मस्जिद लेंटर की ऊंचाई से फर्श पर गिर गए ।गिरने से गंभीर चोटें शहर के एक निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने अलीगढ़ के लिए रेफर कर दिया उनके रास्ते में ही मौत हो अनीस की मौत से घर में कोहराम मच गया गया ।सोमवार को करीब 2ः00 बजे उनका पैतृक कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया उनके जनाजे में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मुमुक्षु क्रिकेट लीग के नवें मुकाबले में साइंस इलेवन जीता

## प्लेग्राउंड पर रहा दर्शकों का जमावड़ा



**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में चल रही मुमुक्षु क्रिकेट लीग में नवें दिन का मैच स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज की टीम साइंस-11 तथा स्वामी धर्मानंद सरस्वती इंटर कॉलेज की टीम एसडीएस-11 के मध्य खेला गया। खेल के मैदान पर मौजूद दर्शकों की भी? का रोमांच एवं उत्साह देखने के काबिल था। मैच का टॉस एसडीएस-11 टीम ने जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। एसडीएस-11 की टीम 16 ओवर में 6 विकेट खोकर महज 95 रनों का स्कोर ख?ा कर सकी। साइंस-11 की टीम ने जवाबी पारी में धुंआधार प्रदर्शन करते हुए मात्र 6.5 ओवर में केवल 2 विकेट के नुकसान पर 96 रन बनाकर जीत अपने नाम करते हुए मैच को समाप्त कर दिया। 19 गेंदो पर 6 छक्के और 3 चौके ज?कर 55 रन बनाने वाले साइंस-11 के जुझारू खिला?ी डॉ अंकित अवस्थी को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। डॉ आलोक कुमार सिंह ने खेल की बेहतरीन एवं प्रभावशाली कमेंट्री करके दर्शकों के उत्साह को दोगुना कर दिया। इस मौके पर खिला?ियों की हौसलाअफजाई हेतु कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव डॉ अवनीश मिश्र, प्रो आदित्य सिंह, प्रो अजीत सिंह चारग, डॉ शालीन सिंह, डॉ प्रांजल शाही, डॉ शिशिर शुक्ला, डॉ राजीव कुमार, डॉ अभिजीत मिश्र, श्रीप्रकाश डबराल, डॉ मनोज अग्रवाल, चंद्रभान त्रिपाठी सहित भारी संख्या में शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# हिस्ट्रीशीटर शराब माफिया को भेजा जेल

**खुटार।** रविवार को खुटार पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए दिउरिया जंगल झुकना नदी के किनारे अभियान चलाते हुए पुलिस ने सुजानपुर निवासी रंजीत सिंह को अपमिश्रित शराब निकालने हुए पुलिस ने मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया था। जिसके पास 50 लीटर अवैध अपमिश्रित कच्ची शराब बरामद हुई थी व 400 लीटर लहन भी बरामद हुई थी। जिसे पुलिस ने मौके पर ही नष्ट कर दिया था। पुलिस टीम के पहुंचने पर रंजीत के साथी कश्मीर सिंह, सुरजीत सिंह उर्फ छैनी, चमन सिंह निवासी मेनिया, बलजीत सिंह उर्फ बल्ली निवासी सुजानपुर, गुरुमीत सिंह उर्फ बब्बू निवासी मंडनपुर पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गए । बताते चले कि सभी आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट व हिस्ट्रीशीटर के लगभग दो दर्जन मुकदमे अलग-अलग थानों में दर्ज हैं जो कोर्ट में विचाराधीन चल रहे हैं। थाना प्रभारी आरके रावत ने बताया कि बहुत जल्द फरार पांचो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# संदिग्धावस्था में रोड के किनारे मिला युवक का शव

**ददरौल।** थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के अंतर्गत रोजा बाई पास के पास एक इंटरनेशनल स्कूल सामने संदिग्ध अवस्था में रोड के किनारे 43 वर्षीय युवक का शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची थाना रामचंद्र मिशन पुलिस ने शव की पहचान इमरान निवासी भाटन टोला थाना कोतवाली के रूप में की परिजनों के अनुसार इमरान पंचर जोड़कर जीवन यापन करता था और शराब का आदि था। इमरान की शादी नहीं हुई थी। पुलिस के अनुसार इमरान के सर पर चोट है। शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है।तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी।

# छात्राओं को संगीत एवं रंगोली के लिए वित्तमंत्री ने किया पुरस्कृत

## तृतीय दिवस का प्रारंभ वैदिक मंत्रो के साथ हुआ यज्ञ

**शाहजहांपुर।** आर्य समाज एवं आर्य स्त्री समाज कटिया टोला का तीन दिवसीय 129 वां वार्षिकोत्सव के यज्ञशाला परिसर में तृतीय दिवस का प्रारंभ वैदिक मंत्रो के साथ हुआ 7 गुरुकुल कांगड़ी हरिद्वार से , सोहित शर्मा एवं जतिन सनातनी के नेतृत्व में तृतीय दिवस के वैदिक यज्ञ प्रारंभ हुआ । तृतीय दिवस के वैदिक यज्ञ के मुख्य यजमान के रूप में राजीव शुक्ला, श्री राम औतार त्रिपाठी, आशीष दीक्षित, देवेंद्र मिड्डा सपत्नीक के साथ संपन्न हुआ। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि आर्य समाज प्रारंभसे ही समाज में फैली कुरीतियों के विरुद्ध कार्य किया है। स्वामी दयानंद सरस्वती ने स्त्री शिक्षा को लेकर जो बीज बोया था 7 वह आज बट वृक्ष के रूप में छात्राओं को शिक्षा प्रदान करने के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि वह शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीयता एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में भी आगे बढ़कर अपने जनपद का नाम रोशन करें। तत्पश्चात मंत्री जी ने आर्य महिला इंटर एवं डिग्री कॉलेज की छात्राओं को संगीत





एवं रंगोली आदि कार्य के लिए पुरस्कृत किया। वार्षिकोत्सव के तृतीय दिवस में गुरुकुल कांगड़ी हरिद्वार से स्वामी मोक्षानंद सरस्वती जी ने अपना संबोधन गायत्री मंत्र के पाठ से प्रारंभ करते हुए अपनी वाणी का शुभारंभ किया। स्वामी जी ने सभी आर्यजनों के लिए मंगल कामनाएं करते हुए अपना आशीर्वाद प्रदान करने के पश्चात वेद पाठ प्रारंभ किया । उन्होंने जीवन के नियमो, सिद्धांतों से अवगत कराते हुए अपने संबोधन में मनुष्य जन्म के वास्तविक रूप को जानने के लिए प्रेरित किया 7 इसके अलावा इसके लिए व्यक्ति को अपना मन शुद्ध रखना होगा 7 उन्होंने बताया कि ईश्वर निराकार है, सर्वव्यापी है। वह ही हर जगह प्राप्त हो सकता है। जिस प्रकार दूध के हर कण में माखन होता है उसी प्रकार सम्पूर्ण ब्रहमांड में परमात्मा व्याप्त है। हम सभी उसी परमात्मा के अंश है, वह ही हमारा परमपिता है। आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश के प्रधान देवेंद्र पाल वर्मा ने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि आर्य समाज एवं आर्य स्त्री समाज द्वारा आयोजित समारोह में अथर्ववेद परायण यज्ञ संपन्न कराया 7 मैंने अनुभव किया कि सभी आर्यजन यज्ञ में तन्मय होकर आहूति समर्पित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि छात्राओं के हित के लिए आर्य महिला इंटर कॉलेज एवं आर्य महिला डिग्री कॉलेज का प्रबन्ध तंत्र सुचारू रूप से कार्य कर रहा है। छात्राओं से अनुरोध किया कि हर प्रकार के नशे से दूर रहे और स्वामी दयानंद सरस्वती जी द्वारा दिए गए स्त्री शिक्षा के उद्धार के लिए जो विचार व्यक्त किये थे उनको अमल में लाये और अपने स्वयं के हित के साथ-साथ राष्ट्र उन्नति में अपना योगदान दें। भारतीय जनता पार्टी ब्रज क्षेत्र के महामन्त्री राकेश मिश्रा अनावा ने समारोह में संबोधित करते हुए कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि आर्य समाज की यह दोनों शिक्षण संस्थान जनपद की छात्राओं को शिक्षा प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभा रही है। आर्य समाज ने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर अभी तक पूरे राष्ट्र में सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक उत्थान में सदैव कार्य किया है। स्वतंत्रता संग्राम में अनेक क्रान्तिकारी आर्य समाज की विचार धारा से प्रेरित रहे है। आर्य समाज द्वारा गतवर्षों की भांति इस वर्ष भी आर्य भूषण उपाधि से अखिलेश तिवारी एवं उनकी पत्नी को शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया 7 इस अवसर पर आर्य समाज द्वारा आर्य महिला इंटर एवं डिग्री कॉलेज के प्रबन्धक डॉ0 अमितेश अमित को वार्षिकोत्सव में पूर्ण सहयोग के लिए शाल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया 7 आर्य स्त्री समाज द्वारा आर्य महिला इंटर कॉलेज एवं आर्य महिला डिग्री कॉलेज के तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को वार्षिकोत्सव में उनकी सेवाओं को दृष्टिगत रखते हुए पुरस्कृत किया गया 7 वार्षिकोत्सव के कार्यक्रमों का संचालन डॉ0 ज्योति गुप्ता एवं सभी के प्रति आभार आर्य समाज के उप प्रधान श्री हर प्रसाद पाण्डेय ने व्यक्त किया समारोह में सन्तोष कुमार दीक्षित, हर प्रसाद पाण्डेय, राजेश शुक्ला, सत्यप्रकाश तिवारी, गायत्री दीक्षित, कमले गुप्ता, डा. अमितेश अमित, रामनरेश वाजपेयी, राम औतार त्रिपाठी, अरविन्द मिश्रा, प्रो0 रुपांशु माला, पूनम रानी, प्रो0दुर्गावती, डा. सारिका अग्रवाल, डा. रानू दुबे, डा. आशीष गोयल, डा. एम.पी.एस. चैहान डा. गुलशन रस्तोगी, डा. अरूणकान्त पाण्डये, डा. उपासना श्रीवास्तव, डा. संजीता अग्रवाल, डा. ज्योति गुप्ता, डा. उमेश भारती, डा. मृदुल शुक्ला, नम्रतालता, अर्पणा त्रिपाठी, रंजीता, नीरू त्रिपाठी, सुमन मिश्रा, भावना सक्सेना, शिखा पाण्डेय, कृष्णचन्द्र मिश्रा, डा. चन्द्र रेखा, अनीता वाजपेयी, पल्लवी सक्सेना, नीरज, नीरूदेवी, मनीष मिश्र, राधारमण मिश्र एवं अन्य स्टाफ व छात्रायें उपस्थित रहीं।

# मांझा बेचने वालों को अवैध रूप से परेशान व गिरफ्तारी करने के विरोध में दिया ज्ञापन



**शाहजहांपुर।** पतंग उड़ाने वाले व पतंग बनाने वाले व सादा कॉटन वाला मांझा बेचने वाले लोगों को शाहजहांपुर पुलिस द्वारा अवैध रूप से परेशान करने व उनकी गिरफ्तारी करने के विरोध में सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान के नेतृत्व में एक सपा का प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक श्री राजेश द्विवेदी से मिलकर ज्ञापन सौप कर उक्त लोगों की समस्याओं के समाधान की मांग की। जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी से कहा कि जनपद शाहजहांपुर में (पचासो) वर्षों से पतंग उड़ाने के टूर्नामेंट जनपद शाहजहांपुर में होते चले आए हैं ये लोग चाइनीज मांझे का इस्तेमाल नहीं करते हैं ये लोग सादा कॉटन वाले मांझे का इस्तेमाल करते हैं और खुले मैदान में जहां आबादी वाला क्षेत्र नहीं होता है वहां पर ही पतंग उड़ाने का काम करते हैं उन्होंने कहा पुलिस द्वारा पतंग उड़ाने वालों पर रोक लगाने से उन गरीब लोगों की रोजी-रोटी चली जाएगी जो लोग घरों पर पतंग बनाकर पतंग बेचने का काम करते हैं और सादा कॉटन वाला मांझा बेचने का काम करते हैं लेकिन जो लोग सादा कॉटन वाला मांझा इस्तेमाल कर रहे हैं उन लोगों पर रोक ना लगाई जाए उन्होंने पुलिस अधीक्षक को बताया कि लगभग एक सप्ताह पहले शाहजहांपुर के मोहल्ला ककरा काकर कुंड में नदी के पास रेतीले इलाके में बरेली और शाहजहांपुर की टीम पतंग बाजी कर सादा कॉटन वाले मांझे का इस्तेमाल कर पेज लड़ा रहे थे तभी शाहजहांपुर कोतवाली पुलिस ने सभी का सादा कॉटन वाले मांझे की चर्खियां व पतंगे जप्त कर ली थी और तीन लोगों का शांति भंग में चालान कर दिया था तभी पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने थाना कोतवाली के पुलिस इंस्पेक्टर को फोन पर वार्ता कर कहा कि किसी को अनावश्यक रूप से परेशान करने को मना किया और जप्त किए गए सामान को वापस करने को कहा इस पर सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने पुलिस अधीक्षक से कहा कि पुलिस चाइनीज मांझे पर रोक लगाए लेकिन जो लोग सादा कॉटन वाला मांझा इस्तेमाल कर रहे है उन पर पुलिस रोक ना लगाए और इन लोगों को पतंग उड़ाने से भी ना रोका जाए। इस मौके पर सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी,नासिर खान,जुगनू, सिद्दीक खान, संजीव कुमार,हम्माद अली, जितेंद्र कुमार, यश मौर्य, तजम्मुल हुसैन, आदिल, मनसुब खान, चंदू, सुनील, हाजी शा?ैब, नुसरत उल्ला,राजू सरदार, फहीम, नदीम खान,सोनू मौर्य, कपिल, जहांगीर अक्षय, असलम खान,प्रतीक,रानू खान, गुफरान अल्वी आदि मौजूद रहे।

**सपा जिलाध्यक्ष मिले एसपी से**

# गाय से टकराकर बाइक सवार तीन घायल दो गंभीर जिला अस्पताल रेफर

## नगरिया अस्पताल के पास की घटना स्कार्पियो सवार मौके से फरार



**जलालाबाद-शाहजहाँपुर (स्वतंत्र भारत)।** बाइक सवार बारात में आए तीन दोस्त शाहजहाँपुर हाई-वे पर गाय से टकरा गए सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां से गंभीर हालत देख दो लोगों को मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर रेफर कर दिया है जबकि एक को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी घटना शाम 5:00 बजे की है

जलालाबाद के गुनारा गांव में खुशनूद के पोते के वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने आए तीन दोस्त बाइक से बारह पत्थर की ओर जा रहे थे बारात घर से निकल चुकी थी जिसे याकूबपुर गांव पहुंचना था इसी दौरान नगरिया अस्पताल के सामने अचानक रोड पर गाय आ जाने की वजह से आगे चल रहे स्कार्पियो सवार ने गाय को बचाया तो पीछे चल रहे बाइक सवार पहले स्कॉर्पियो से टकराये उसके बाद गाय से जोरदार टक्कर हो गई और सड़क पर गिर गए जिससे गाय का पैर टूट गया व बाइक सवार दो लोगों के गंभीर चोटें आई और उनका भी एक-एक पैर टूट गया जबकि पीछे बैठने वाले व्यक्ति को मामूली चोटें लगी हैं। जानकारी के मुताबिक मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गांव बढ़ऊ निवासी वसीम (30) पुत्र मोहम्मद शफी, गांव बुढ़ौरा निवासी दुलारे (28) पुत्र माजूद, मुकीम (28) पुत्र आशिक निवासी बढ़ऊ घायल हुए हैं जिसमें वसीम व वुलारे को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज शाहजहाँपुर रेफर किया है घायल दुलारे ने बताया कि बारात गांव से निकल चुकी थी याकूबपुर जा रही थी इसी दौरान उन लोगों ने सोचा बारह पत्थर स्थित कार वाशिंग की दुकान पर भाई से मिलने जा रहे थे इसी दौरान रास्ते में घटना हुई।

# एसडीएम का आदेश बेअसर, मंडी के बाहर लगा जाम

## किसानों के पास खत्म हो गया धान तो कहा से आ रही धान भरी ट्रालियां

**बंडा।** एसडीएम ने पिछले दिनों निरीक्षण के दौरान आदेश दिया था कि उन किसानों ट्रालियां नजदीकी सेंटरों भेज दी जाये। लेकिन मंडी सचिव के चलते हुए एसडीएम के आदेश को बेअसर कर दिया। मंडी सचिव ने सभी ट्रालियों को मंडी के अंदर कर दिया है। जबकि मंडी में ट्रालियां खड़ी होने की कोई जगह नहीं। वही सेंटरो धान लगा हुआ है। जिसका उठान न होने से मंडी में जगह नहीं है।

बंडा नवीन गल्ला मंडी में धान से भरी ट्रालियों की कतारें लगी हुई है। यह सवाल खड़ा कर रही हैं कि आखिर इतना धान कहां से आ रहा है? जिलाधिकारी भी बिचौलियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दे चुके हैं। वहीं पुवायां एसडीएम द्वारा विगत दिनों बिचौलियों पर लगाम कसने के दिए गए निर्देश भी बेअसर साबित हो रहे हैं। बंडा क्षेत्र में इस समय किसान पूरी तरह गेंहू फसल की तैयारियों में जुट चुके हैं। जहां ज़्यादातर खेतों में गेहूं की बुवाई हो चुकी है। वहीं मंडियों में धान की खरीद बदस्तूर जारी है। बंडा की नवीन गल्ला मंडी के सामने लंबी- लंबी कतारें रोज धान से भरी ट्रालियों का जमावड़ा इस बात की पुष्टि करता है कि बड़ी मात्रा में बाहरी धान की खरीद बंडा में धड़ल्ले से हो रही है। इससे क्षेत्रीय किसानों की उपेक्षा के साथ ही सरकारी खरीद व्यवस्था की पोल भी खुल रही है। बीतें शनिवार को एसडीएम चित्रा निर्वाल ने निरीक्षण के दौरान बंडा मंडी में मंडी सचिव को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि बंडा क्षेत्र में स्थापित 24 क्रय केंद्रों में प्राथमिकता से क्षेत्रीय किसानों के धान की ही खरीद सुनिश्चित कराई जाए और बिचौलियों की मंडी में एंट्री पर रोक लगाई जाए। परंतु जमीन पर तस्वीर कुछ और ही बयां कर रही है। एसडीएम के निर्देशों की अनदेखी करते हुए मंडी सचिव पर मिलीभगत के गंभीर आरोप लग रहे हैं। किसानों का आरोप है कि बाहरी जिले व पड़ोसी क्षेत्रों से आने वाले व्यापारी ट्रालीयों में धान लाकर बंडा मंडी में बेच रहे हैं। जिससे उनका हक मारा जा रहा है। स्थानीय किसानों के धान की बजाय बड़े पैमाने पर बिचौलियों द्वारा लाया गया धान खरीदा जा रहा है। इससे न केवल मंडी व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। बल्कि किसानों में आक्रोश भी बढ़ता जा रहा है। इधर जब बंडा मंडी का जब क्षेत्रीय खाद्य विपणन अधिकारी ने मंडी का चार्ज संभाला, तो मंडी में हड़कंप मच गया। क्षेत्रीय खाद्य वितरण अधिकारी की सक्रियता देखते ही बिचौलियों में अफरा-तफरी का माहौल नजर आया था। कई ट्रालियों को मंडी परिसर से हटाते देखा गया। क्षेत्रीय खाद्य वितरण अधिकारी ने मौके पर खरीद की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सख्त चेतावनी दी कि केवल पंजीकृत व क्षेत्रीय किसानों के धान की ही खरीद की जाए। साथ ही निर्देश दिया गया कि प्रत्येक किसान से खरीद के दौरान उसके पहचान पत्र, भू-अभिलेख और फसल पंजीकरण विवरण की शत प्रतिशत जांच अनिवार्य रूप से की जाए। जानकारों के अनुसार बिचौलियों के सहारे आने वाले धान की खरीद से सरकार को भी आर्थिक हानि उठानी पड़ती है। किसानों ने मांग की है कि प्रशासन मंडी सचिव की भूमिका की जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई करे। ताकि बंडा क्षेत्र के किसानों का अधिकार सुरक्षित रह सके और सरकारी खरीद व्यवस्था का असली उद्देश्य पूरा हो सके। वहीं क्षेत्रीय खाद्य विपणन अधिकारी मंडी में आर के सोनकर ने बताया कि मंडी में जगह ना होने के कारण एसडीएम द्वारा क्षेत्रीय क्रय केंद्रों पर धान की ट्रालियों को भेज कर उन्हें तुलवाने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन बाहर के क्रय केंद्रों पर उनके ट्रालियां नहीं भेजी जा रहे हैं। यदि क्षेत्र के धान क्रय केंद्रों पर किसने की ट्रालियां पहुंच जाए, तो एक अटर लगा बंद हो जाएंगे।

# नगर आयुक्त ने किया रैन बसेरा का निरीक्षण

## अस्थाई और स्थाई रैन बसेरा की व्यवस्थाएं सुधारने के दिए निर्देश



**शाहजहांपुर।** ठंड व शीत लहर के प्रकोप के दृष्टिगत महानगर क्षेत्र में स्थित अस्थायी व स्थायी रैन बसेरा का नगर आयुक्त के द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय रैन बसेरों में सफाई व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था आदि व्यवस्थाओं को देखा गया। साथ ही सम्बंधित को निर्देशित किया गया कि बेसहारा, निराश्रित लोगों को ठंड से बचाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा संचालित समस्त स्थायी व अस्थायी रैन बसेरों में विशेष सफाई व्यवस्था रखने के साथ-साथ शुद्ध पेयजलापूर्ति, प्रकाश व्यवस्था दुरस्त रखने निर्देश दिए गए। इस मौके पर सहायक नगर आयुक्त राजकुमार गुप्ता व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट योगदान देने वाले पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित



**शाहजहांपुर।** पुलिस लाइन में यातायात माह समापन समारोह आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने यातायात जागरूकता माह के दौरान उत्कृष्ट सहभागिता व सहयोग प्रदान करने वाले विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, स्वयंसेवी संगठनों तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया।

समारोह में तमाम विद्यालयों के साथ ही व्यापार मंडल व स्वयंसेवी संगठनों को यातायात जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त यातायात पुलिस के कर्मचारी मुख्य आरक्षी ओवेन्द्र, मुख्य आरक्षी योगेन्द्र तथा मुख्य आरक्षी कोमल को यातायात व्यवस्था, जागरूकता एवं प्रवर्तन कार्यों में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही नागरिक पुलिस के थाना प्रभारियो कोतवाली, सदर बाजार, रामचन्द्र मिशन, पुंवाया, सिंधौली तथा गढ़िया रंगीन को भी यातायात माह के दौरान उत्कृष्ट कार्य संपादन हेतु सम्मान से नवाज़ा गया। इस मौके पर डीएम कहा कि आज भी बड़े पैमाने पर लोग यातायात नियमों को जानते हुए भी उनका पालन नहीं करते, जो उनके जीवन एवं सुरक्षा के लिए अत्यंत हानिकारक है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यातायात नियमों का पालन करना केवल कानूनी आवश्यकता नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा का मूल मंत्र है। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य रूप से अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि जनपद में सर्वाधिक दुर्घटनाएं दो पहिया वाहनों से संबंधित हैं, इसलिए इस वर्ग को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने शिक्षकों से विशेष रूप से अनुरोध किया कि वे विद्यालयों में बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी अवश्य दें। उन्होंने कहा कि बच्चों पर शिक्षकों की बात का सबसे अधिक प्रभाव पड़ता है, इसलिए यदि विद्यालय स्तर पर यातायात अनुशासन का संस्कार दिया जाए, तो समाज में व्यापक बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने यह भी अपील की कि प्रत्येक परिवार अपने घरों में बच्चों एवं सदस्यों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित करे। इस अवसर पर एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, एसपीआरए दीक्षा भंवरे, क्षेत्राधिकारी यातायात संजय कुमार सिंह, यातायात पुलिस निरीक्षक विनय कुमार पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# पटना देवकली से कांकर कठा तक सड़क चौड़ीकरण को मुख्यमन्त्री ने दी मंजूरी

## 240 करोड़ की लागत से 37 किलोमीटर सड़क का होगा चौड़ीकरण



**जलालाबाद-शाहजहाँपुर (स्वतंत्र भारत)।** 132 जलालाबाद विधानसभा में यातायात को सुगम बनाने के लिए क्षेत्रीय भाजपा विधायक हरिप्रकाश वर्मा के अथक प्रयासों से मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बदायूं बॉर्डर (पटना देवकली) कलान, मिर्जापुर से होते हुए फर्रुखाबाद बॉर्डर (कांकर कठा) तक लगभग 37 किलोमीटर मार्ग का चौड़ीकरण लागत लगभग 200 करोड़ व थरिया पर परौर मार्ग 14 किलोमीटर लागत 40 करोड़ रुपया स्वीकृति प्रदान की है। इस धनराशि से अति महत्वपूर्ण मार्गों के चौड़ीकरण का रास्ता साफ हो गया है इससे क्षेत्र की जनता को भीड़ के साथ-साथ मार्ग दुर्घटनाओं से भी मुक्ति मिल सकेगा।

जटिल समस्याओं के स्थाई हल और विधानसभा के विकास के लिए अग्रसर विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने बताया कि पिछले माह मा. मुख्यमंत्री ने विधानसभा जलालाबाद में चार महत्वपूर्ण पैंन्टून पुलों की स्वीकृति प्रदान की थी व इस माह में लगभग 250 करोड़ के दो मार्गो के चौड़ीकरण की स्वीकृति प्रदान की है यह अपने आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस क्षेत्र को विकास के पंख लगाने वाले मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का इस जनता की तरफ से धन्यवाद किया इस सौगात के लिए जलालाबाद विधायक श्री वर्मा ने मा. मुख्यमंत्री जी का हृदय की गहराइयों से धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# नगर आयुक्त ने दिए निर्माण पूरा करने के दिए निर्देश

## सीएम ग्रिड योजना के तहत बनाई जा रही है सड़क और फुटपाथ



**शाहजहांपुर।** सीएम ग्रिड योजना के अंतर्गत अहमद उल्ला शाह मजार से तेल टंकी होते हुये लिवास टेलर्स तिराहे तक बनाई जा रही सड़क एवं फुटपाथ का नगर आयुक्त ने निरीक्षण किया और जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पाया कि बन रही सडक का कार्य लगभग 60 प्रतिशत, दाहिनी ओर फूटपाथ का कार्य, बाई ओर फुटपाथ कार्य, स्ट्राम वाटर, पावर डक्ट केबिल का कार्य पूर्ण हो चुका है। सीवर एवं पेयजल का कार्य जल निगम द्वारा कराया जा रहा है। इस दौरान शेष बचे कार्य को संबंधित को जल्द कराने के निर्देश अधीनस्थों को दिए। इस मौके पर नगर निगम के अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# 60 गर्भवती महिलाओं सहित 145 लगाये गये टीके

**कांट शाहजहांपुर।** नियमित टीकाकरण माह के अंतर्गत 60 गर्भवती महिलाओं सहित 145 के टीके लगाए गए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डॉ अश्विनी कुमार ने बताया कि टीकाकरण का कार्यक्रम पूरे क्षेत्र में चल रहा है जिसमें सोमवार को 60 गर्भवती महिलाओं एवं 85 बच्चों को बीमारियों से संबंधित टीके लगाए गए।

# ब्लाकस्तर पर बनाये गये गोल्डन आयुष्मान कार्ड

**कांट शाहजहांपुर।** 5 लाख तक के मुफ्त उपचार हेतु च एवं ब्लॉक स्तर पर 15 गोल्डन आयुष्मान कार्ड बनाए गए। डॉक्टर अश्विनी कुमार ने बताया की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 8 एवं 7 ब्लॉक स्तर पर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा आयुष्मान गोल्ड कार्ड बनाए गए जिसमें 70 साल से अधिक उम्र वाले लाभार्थियों के लिए उनके राशन कार्ड के आधार पर एवं सूची के आधार पर बनाए जाते हैं जिनमें कुल 15 आयुष्मान गोल्ड कार्ड बनाए गए हैं। जिससे लाभार्थी अपना उपचार कर सकेगा

# विश्व एड्स दिवस पर निकली जागरूकता रैली

## रैली को सीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**शाहजहांपुर।** कलेक्ट्रेट परिसर से विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जनपद स्तर पर एचआईवी एड्स विषयक जनजागरूकता हेतु एक वृहद %विश्व एड्स दिवस रैली% का आयोजन किया गया। रैली को सीडीओ अपराजिता सिंह सिनसिनवार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जो कलेक्ट्रेट से प्रारंभ होकर सीएमओ कार्यालय परिसर में समाप्त हुई। रैली में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने हाथ में जागरूकता स्लोगन लिखे हुए बैनर पोस्टर लेकर रैली में प्रतिभाग किया। रैली में आर्य महिला इण्टर कॉलेज ,स्काउट गाइड बैंड बेसिक शिक्षा विभाग जनता इण्टर कॉलेज ,आर्य महिला डिग्री कॉलेज, राजकीय इण्टर कॉलेज, देवी प्रसाद इण्टर कॉलेज, इस्लामिया इण्टर कॉलेज, जीआईएफ कॉलेज, सार्वजनिक ग्रामीण विकास संस्थान टी आई शाहजहांपुर सहित समस्त एनएसीपी स्टाफ, एनजीओ जनजागरूकता रैली में शामिल हुए। इस अवसर पर सीएमओ डा. विवेक कुमार मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# गीता जयन्ती पर द्वारिकाधीश आश्रम में हुआ कार्यक्रम



**शाहजहांपुर।** सोमवार को गीता जयन्ती के उपलक्ष्य में श्री द्वारिकाधीश मठिया आश्रम विसरात दीवान जोगराज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत वीरेंद्र पाल सिंह यादव ने भागवत गीता पर पुष्प अर्पित कर गीता उपदेश सुनाया। इस मौके पर महाराज रामसरन दास, यादव महासभा के अध्यक्ष रामसागर यादव, रामनरेश यादव, पार्षद विपिन यादव, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत अजय प्रताप सिंह यादव, लल्ला सिंह यादव, सुभाष यादव, अजय कुमार, मनोज यादव, यदुवीर यादव, विपिन यादव, रामकुमार, हरिओम, लल्लन, रामनिवास, नरेन्द्र, संजय आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**पुवाया।** थाना क्षेत्र के गांव गंगसरा निवासी गया प्रसाद पुत्र रामचंद्र उम्र 30 वर्ष सोमवार को दोपहर बाइक से जो घर जा रहा था तभी खुटार रोड पर एक प्राइवेट अस्पताल के सामने अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस अपनी सरकारी गाडी से अस्पताल लेकर पहुंची जिसका डॉक्टरों के द्वारा प्राथमिक उपचार कर भर्ती कर लिया है। घायल की मां ने बताया है गया प्रसाद की पत्नी ने पुवायां के एक निजी अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया है ।जिसे वह देखने के बाद घर जा रहा था। उसी समय यह हादसा हो गया।

# विकास स्वीट्स एंड कन्फेक्शनरी का निगोही में उद्घाटन



**निगोही।** निगोही बीसलपुर मार्ग आदर्श इंटर कॉलेज गेट के सामने विकास स्वीट्स एन्ड कन्फैक्शनरी का मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष एकादशी दिन सोमवार दोपहर में पंडित जी ने हवन पूजन कराके अद्भुत तरीके से शोरूम का शुभारंभ किया। पुवायां क्षेत्र के जाने-माने विख्यात पंडित शुक्ला ने विधि विधान स्वरूप हवन पूजन कराया। हवन पूजन समय विकास स्वीट्स एंड कन्फेक्शनरी प्रोपराइटर विकास सोनी राजेश कुमार सोनी राजकुमार सोनी विकास सोनी अनुज सोनी मोनू सोनी सर्वेश सोनी का हवन सम्पूर्ण कराने में साथ रहा। इसके अलावा क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति, पत्रकारों के अलावा दर्जनों ग्राहक मौजूद रहे! उनके द्वारा बढ़ चढ़ कर खरीदधारी की गई! साथ ही कारोबार में बढ़ोत्तरी की शुभकामनाएं दी। प्रोपराइटर विकास सोनी ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया! लोगों को मीठा खिलाकर विदा किया।

# प्रगाढ़ पुनरीक्षण को गति देने के लिए प्रशासन सक्रिय, डीएम ने ली बैठक

- बीएलओ के सहयोग में लगाया जाए अतिरिक्त स्टाफ, बढ़ाए प्रगति
- बीएलओ को तनाव मुक्त रखने पर डीएम ने दिया विशेष जोर



स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर खीरी।** जिले में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य को तेज़, संतुलित और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सोमवार को अटल सभागार में खंड शिक्षा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। डीएम ने डिजिटाइजेशन की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया और उन मतदेय स्थलों पर विशेष रणनीति बनाने को कहा, जहां प्रगति 65 फ़ीसदी से कम रही। बैठक का संचालन एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह व बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने किया।

डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी मतदेय स्थलों की कार्ययोजना तत्काल तैयार की जाए और आज रात तक न्यूनतम 80 फ़ीसदी डिजिटाइजेशन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि मंगलवार को पुनः समीक्षा की जाएगी।

बैठक के दौरान डीएम ने सभी बीईओ को निर्देशित किया कि वे अगले एक घंटे में अपने-अपने क्षेत्र के बीएलओ को 80 फ़ीसदी लक्ष्य आवंटित करें, और यह सुनिश्चित करें कि बीएलओ पर अनावश्यक दबाव न पड़े। उन्होंने कहा कि बीएलओ इस अभियान की रीढ़ हैं, इसलिए उनकी सुविधा, सहयोग और स्ट्रेस में कमी प्रशासन की प्राथमिकता है।

डीएम ने कहा कि जहाँ भी कार्यभार अधिक है, वहां तुरंत अतिरिक्त कार्मिकों की तैनाती की जाए, ताकि बीएलओ पर पड़ने वाला भार कम हो सके। उन्होंने निर्देशित किया कि बीईओ स्वयं फील्ड में सक्रिय रहकर बीएलओ की आवश्यकताओं की निगरानी करें और उन्हें हर संभव सहायता तत्काल उपलब्ध कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि हर बीएलओ के कार्य की प्रगति की समीक्षा सिर्फ लक्ष्य संख्या से नहीं, बल्कि इस आधार पर भी की जाए कि उन्हें कितना सहयोग मिला और वे बिना तनाव के कार्य कर पा रहे हैं या नहीं। डीएम ने कहा कि एसआईआर संबंधी कार्य अत्यंत संवेदनशील और प्राथमिकता आधारित हैं। निर्धारित समयसीमा में ठोस परिणाम लाना आवश्यक है, परंतु साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि फील्ड में कार्य कर रहे बीएलओ को पर्याप्त सहयोग मिले। उन्होंने कहा कि प्रशासन मिशन मोड में कार्यरत है और कार्य की वास्तविक प्रगति ही आगामी समीक्षा का आधार बनेगी।

# पांच दिन से लापता ग्रामीण का खेत में मिला शव, परिवार में मातम

स्वतंत्र भारत

**खमरिया-खीरी।** खमरिया थाना क्षेत्र के डलईपुरवा गांव से पांच दिन पहले लापता हुए 50 वर्षीय व्यक्ति का शव सोमवार को गन्ने के खेत में मिलने से सनसनी फैल गई। जानकारी होते ही मौके पर पहुंची खमरिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। वहीं इस बाबत परिजनों ने भी अनहोनी की आशंका व्यक्त की है। जानकारी के अनुसर, खमरिया थाना क्षेत्र के डलईपुरवा मजरा महरिया निवासी मुन्नालाल भार्गव (50) पुत्र रामदयाल भार्गव बीती 26 नवम्बर से लापता थे। परिवार की तहरीर के आधार पर खमरिया पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर मुन्नालाल की तलाश शुरू की थी। इसी बीच सोमवार को जसवंतनगर रोड पर बाके पुत्र रामेश्वर निवासी भिठौली के गन्ने के खेत की मेड पर ग्रामीणों को एक शव पड़ा हुआ दिखाई दिया।

इसकी जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों के जरिये उसकी पहचान मुन्नालाल भार्गव के रूप में की। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। वही परिवारीजनों ने किसी अनहोनी की आशंका व्यक्त की है। बताया जाता है कि मुन्नालाल का शव पांचवे दिन मिलने के बाद ग्रामीणों में भी उसकी मौत को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

इस बाबत थाना प्रभारी निरीक्षक ओपी राय ने बताया कि मुन्नालाल के शव को पीएम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट मिलने के बाद ही उसकी मौत के कारणों का पता चल सकेगा। फ़िलहाल आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# सीडीओ व सदर विधायक ने दिव्यांग बच्चों को बांटे उपकरण

- बच्चों को दिए गए ट्राईसाइकिल से लेकर ब्रेल तक के किट

स्वतंत्र भारत



**लखीमपुर खीरी।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत दिव्यांग बच्चों को सशक्त बनाने की दिशा में सोमवार का दिन खास रहा। समेकित शिक्षा के सहयोग से संविलियन विद्यालय महाराज नगर रिसोर्स सेंटर परिसर में दिव्यांग बच्चों के लिए भव्य उपकरण वितरण कैंप आयोजित हुआ। कैंप का शुभारंभ सदर विधायक योगेश वर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार और बीएसए प्रवीण तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

शुभारंभ के साथ ही कार्यक्रम में उत्साह की रंगत दिखाई दी। अतिथियों ने बच्चों और अभिभावकों से संवाद कर उनका हौसला बढ़ाया। दिव्यांग बच्चों के चेहरों पर आत्मविश्वास की चमक साफ झलक रही थी।

विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को उपकरण उपलब्ध कराना सिर्फ सहायता नहीं, बल्कि उनके आत्मविश्वास को नया आसमान देने का संकल्प है। ये बच्चे किसी से कम नहीं हैं, जरूरत बस सही सहयोग और अवसर की है। सरकार हर कदम पर इनके साथ खड़ी है। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि यह सिर्फ उपकरणों का वितरण नहीं, बल्कि बच्चों के सपनों को नई दिशा देने का प्रयास है। हर दिव्यांग बच्चे के भीतर एक अनोखी क्षमता है। हमारे यह छोटे-छोटे प्रयास उनके आत्मविश्वास को बड़ा बनाते हैं। बच्चे आगे बढ़ें, यही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। कैंप में 188 दिव्यांग बच्चों को कुल 229 उपकरण प्रदान किए गए। जिनमें ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, सीपी चेयर, ब्रेल किट, स्मार्ट केन, टीएलएम किट, श्रवण यंत्र जैसे सहायक उपकरण शामिल रहे। इन संसाधनों ने बच्चों और अभिभावकों को नई उम्मीद दी है। कार्यक्रम में सहायक वित्त एवं लेखा अधिकारी, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा, विशेष शिक्षक और फिजियोथैरेपिस्ट भी मौजूद रहे।

# एड्स दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**गोला गोकर्ण नाथ-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** कृषक समाज इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज की अध्यक्षता में आज एड्स दिवस का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को समाज में जागरूकता फैलाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सही जानकारी ही इस बीमारी से लड़ने में हमारा सबसे बड़ा हथियार है। जीव विज्ञान प्रवक्ता डॉअनिल कुमार एवं ओमप्रकाश के दिशा निर्देश एनएसएस के विद्यार्थियों ने लाल रिबन बांधकर कॉलेज जागरूकता रैली निकाली। रैली के दौरान एड्स से डरो नहीं, बचाव करो और हम सबका यही हो सपना, एड्स मुक्त हो भारत अपना जैसे नारे लगाए गए।

# बाहर से बंद मकान में मिला अधेड़ का शव, हत्या की आशंका

**तिकुनियां-खीरी।** कस्बे के बगिया मोहल्ला में अधेड़ नरेंद्र पंत (50) का शव बाहर से ताला लगाकर बंद किए गए मकान में मिला है। अधेड़ की पहचान शव सड़ने के चलते चेहरा स्पष्ट न होने पर उसकी पहचान मोहल्ले वालों ने पहने हुए कपड़ों के आधार पर नरेंद्र पंत उर्फ बबलू डान के रूप में की। मोहल्ले वालों नरेंद्र पंत की हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने मकान में बाहर से लगा हुआ ताला तोड़कर शव को कब्जे में ले लिया है और पोस्टमार्टम को भेज दिया। मोहल्ले वालों ने बताया कि नरेंद्र पंत वर्षो से मोहल्ले में अकेला रह रहा था। उसके माता-पिता नहीं है। इनके भाई भुवन चंद पंत तथा भाभी वर्षों पहले उत्तराखंड चले गए थे और अब वहीं रहते हैं। मृतक 3 साल पहले समाचार पत्र वितरण कर अपना पेट पालता था। इसके अलावा पान की गुमटी भी चलाता था। मोहल्ला वालों ने बताया कि बीते 21 नवंबर से दुकान बंद चल रही थी। इसके बाद सोमवार को नरेंद्र पंत के मकान से बदबू फैलने लगी जिससे मोहल्ले वाले चिंतित हुए। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे एसआई आलोक राय ने मकान का ताला तोड़कर शव को बाहर निकलवाया। शव के ऊपर रजाई गद्दा व ऊपर एक चारपाई और मौके पर पत्थर पड़े थे। चेहरा बुरी तरीके से सड़ चुका और अस्पष्ट था। फिलहाल पुलिस ने बताया कि शव पोस्टमार्टम को भेजा जा रहा है। रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# विश्व एड्स दिवस पर डीएम ने दिखाई रैली को हरी झंडी

**लखीमपुर-खीरी।** विश्व एड्स दिवस पर स्वास्थ्य विभाग की पहल पर कलेक्ट्रेट परिसर में हस्ताक्षर अभियान और जागरूकता रैली का आयोजन हुआ। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता संग हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर डीएम ने हस्ताक्षर बैनर पर अपना संदेश दर्ज करते हुए कहा कि एड्स से जुड़ी भ्रांतियां समाज में सबसे बड़ा खतरा हैं। जागरूकता और सही जानकारी ही इससे बचाव का सर्वोत्तम उपाय है। उन्होंने लोगों से सुरक्षित व्यवहार अपनाने और दूसरों को भी इसके प्रति प्रेरित करने की अपील की। इसके बाद कलेक्ट्रेट परिसर से रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं, स्काउट एंड गाइड, एनसीसी कैडेट्स, स्वास्थ्य विभाग के कार्मिक शामिल रहे। रैली के दौरान छात्र हाथों में तख्तियां और बैनर लिए नारे लगाते चल रहे थे एड्स से न डरें, जानें और बचें, जागरूकता लाएं-एड्स मुक्त समाज बनाएं। रैली शहर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए आमजन को जागरूक करती रही। रास्ते भर छात्रों ने राहगीरों को जागरूकता पंपलेट वितरित किए। रैली अंत में सीएमओ कार्यालय पहुंचकर संपन्न हुई, जहां सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने एड्स जागरूकता से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। जिले में पूरे दिसंबर माह में जागरूकता गतिविधियों की श्रृंखला जारी रहेगी, जिसमें स्कूलों, कॉलेजों और ग्रामीण क्षेत्रों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान एसीएमओ डॉ एससी मिश्र, डॉ रवि मोहन गुप्ता, डिप्टी डीटीओ डॉ नवीन गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ लाल जी पासी, डॉ धनीराम, डीपीएम अनिल यादव, जिला डीपीएम कॉर्डिनेटर रणजीत कुमार, टीबी एचआईवी कॉर्डिनेटर अनुदीप बर्मा मौजूद रहे।



# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की संशोधित समय-सारिणी जारी

**लखीमपुर-खीरी।** विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण हेतु संधोधित समय-सारिणी जारी की गई है। निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अवधि में डीईओ, ईआरओ और एईआरओ जैसे संबंधित अधिकारियों के पद किसी भी स्थिति में रिक्त न रहें। साथ ही, इस अवधि के दौरान इन अधिकारियों का स्थानांतरण आयोग की पूर्व स्वीकृति के बिना नहीं किया जाएगा। जिले के समस्त मतदाताओं से अपील की गई है कि वे अपने नाम की स्थिति की जाँच अवश्य करें। मतदाता ऑनलाइन अपना नाम मतदाता सूची में खोज सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 21 से होगा एलपीएल सीजन-2 का आयोजन

**लखीमपुर-खीरी।** लखीमपुर क्रिकेट अकादमी की ओर से रॉयल प्रूडेंस डिग्री कॉलेज के क्रिकेट ग्राउंड पर लखीमपुर प्रीमियर लीग सीजन-2 (टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट) का आयोजन किया जाएगा। टूर्नामेंट की शुरुआत 21 दिसंबर से होगी। लीग के रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके हैं और अंतिम तिथि 5 दिसंबर निर्धारित की गई है। अकादमी के अनुसार टूर्नामेंट में 19 वर्ष तक के खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। प्रत्येक टीम में दो आइकन खिलाड़ी शामिल किए जाएंगे जिनकी आयु 35 वर्ष से अधिक होगी। लीग में कुल 9 टीमें प्रतिभाग करेंगी तथा हर टीम में 14 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। खिलाड़ियों का ट्रायल एक रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी द्वारा लिया जाएगा और ट्रायल में चयनित खिलाड़ी ही टूर्नामेंट में शामिल होंगे। चयन के बाद रणजी या बोर्ड खिलाड़ी द्वारा दो दिवसीय कैंप भी आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी लीग अधिकारी श्याम मोहन श्रीवास्तव और मनीष बंसल ने दी।

### चिकित्सक ने बच्चों को दिए स्वेटर

**पसगवां-खीरी।** राजकीय मेडिकल कॉलेज, शाहजहांपुर के वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ प्रपत्र कन्नोजिया ने प्राथमिक विद्यालय नरायनपुर अहलाद के नामांकित बच्चे 100 को स्वेटर वितरण किया। कार्यक्रम में जिला मंत्री विश्वास कुमार सिंह, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ लखीमपुर खीरी, प्रधानपति वीरपाल, इंचार्ज प्रधान अध्यापक संजीव कुमार राघव, , सहायक अध्यापक विशेष चौहान, सहायक अध्यापक खड्ग जीत सिंह, शिक्षा मित्र श्रीमती माया देवी उपस्थित रहे।



### उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारियों के हितों में कार्य कर रहा संघ

**जंगबहादुगंज खीरी।** जिला इकाई द्वारा मोहम्मदी तहसील के सफाई कर्मचारियों के साथ एक अहम बैठक की गयी, बैठक में सफाई कर्मचारीयों की मूलभूत आवश्यकताओं, मूलभूत जरूरत पर गहरी चर्चा हुई, श्री राम भरोसे वाल्मीकि के सानिध्य व जिला अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह वाल्मीकि के नेतृत्व में की गयी। बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री रेखा दुग्गल के साथ-साथ दिल्ली प्रदेश सचिव अमित सैनी, नरेंद्र भारद्वाज के अलावा मोहम्मदी तहसील के सफाई कर्मचारियों ने शिरकत की आयोजित मीटिंग में राष्ट्रीय महामंत्री रेखा दुग्गल द्वारा सफाई कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सफाई कर्मचारियों की हितों से अवगत कराया गया वह सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का जल्द से जल्द निवारण करवाने का आश्वासन दिया गया। और कई जिलों में अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ कार्य कर रहा है मजदूरों को इन्साफ मिल भी रहा है और उनके साथ किसी प्रकार का कोई सोशण भी नहीं हो रहा है हर जिले में में यह मूहिम चल रही कि अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ में के एक अहेम मुद्दों काम कर रहा है।

# ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में पसगवां विकास खंड के कर्मचारियों ने ज्ञापन सौंपा

स्वतंत्र भारत

**पसगवां-खीरी।** विकास खंड मुख्यालय के तहत सभी ग्राम पंचायत सचिवों ने ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली के विरोध में 1 दिसंबर से चरणबद्ध आंदोलन शुरू करने का ऐलान कर दिया है। पसगवां विकास खंड मुख्यालय से सभी खंड विकास अधिकारियों को भेजे गए ज्ञापन के अनुसार, ग्राम पंचायत सचिव 15 दिसंबर तक विभिन्न विरोध प्रदर्शन करेंगे। 1 दिसंबर से 4 दिसंबर तक सचिव काली पट्टी बांधकर सरकारी कार्य करेंगे। 5 दिसंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक पसगवां विकास खंड मुख्यालय में संगठन के बैनर तले सचिव शांतिपूर्ण धरना देंगे और इसके बाद खंड विकास अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री तथा जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 10 दिसंबर को सचिव न्यूनतम माइलेज भत्ता बढ़ाने एवं सुरक्षित कार्यस्थल की मांग को लेकर 'पहिया वाहन बंद' कर साइकिल, पैदल या टेंपो से पसगवां विकास खंड मुख्यालय पहुंचेंगे।

15 दिसंबर को ई-ग्राम स्वराज की जटिल भुगतान प्रणाली के विरोध में विकासखंड मुख्यालय पसगवां पर प्रदर्शन होगा और सभी डोंगल कार्यालय में जमा किए जाएंगे। संगठन ने चेतावनी दी है कि उनकी मांगों का उचित समाधान नहीं निकला तो भविष्य में पसगवां विकास खंड मुख्यालय सहित संपूर्ण क्षेत्र में कार्य बहिष्कार, अनवरत धरना प्रदर्शन और बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# धूं-धूं कर जला बुराई का प्रतीक रावण

स्वतंत्र भारत





**पसगवां-खीरी।** रामलीला मेले में रावण पुतले दहन के साथ क्षेत्रीय विधायक की उपस्थिति में समापन हुआ। बताते चलें कि जेबीगंज में कार्तिक पूर्णिमा से प्रारम्भ हुए रामलीला मेले का 26 दिनों बाद रावण वध के साथ भलीभांति समापन हुआ। पिछले वर्षो की भांति वर्तमान क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति देकर रामलीला मेले का समापन करवाया। उन्होंने श्रीराम सीता माता, लक्ष्मण, हनुमानजी के तिलक लगाकर आरती उतार कर पूजन किया उसके बाद मेले में रामलीला देख रहे भक्तों को सनातन परंपरा को लगातार पुनर्जीवित करने हेतु सम्बोधित किया व जनता के साथ मिलकर जय श्रीराम व भारतमाता की जय के नारों का उद्घोष किया। आदर्श रामलीला कमेटी जेबीगंज पदाधिकारियों अध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा, कृष्णा कांत त्रिवेदी, गुड्डू गुप्ता, फकीर लाल व अन्य वरिष्ठ सम्मानित नागरिकों डॉ ओमकार सक्सेना, अशोक सिंह, अशोक गुप्ता, ब्रज सिंह, आशीष सिंह आदि ने विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। कृष्णकांत त्रिवेदी ने सी0ओ0 मोहम्मदी को को फूल-माला पहनाकर उनका स्वागत सम्मान किया।

कन्हैया दत्तात्रेय रासलीला वृन्दावन मथुरा के माहिर कलाकारों के द्वारा प्रतिदिन रामलीला, रासलीला व ड्रामा के मंचन कर जेबीगंज की जनता को भावविभोर किया जाता रहा उनका भी आभार किया गया। इस अवसर पर भूरे सिंह, पिंकू गुप्ता, व अन्य वरिष्ठ लोग भी मौजूद रहे। सी0ओ0 मोहम्मदी, पसगवां थाना प्रभारी निरीक्षक, चौकी प्रभारी जेबीगंज समेत पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। मेले में सुरक्षाव्यवस्था के मद्देनजर लगातार पुलिस की गश्त रही पुलिस चौकी जेबीगंज के दीवान सुधीश कुमार ने अत्यंत मुस्तैदी के साथ डयूटी की। मेले में आग इत्यादि जैसी दुर्घटनाओं को तुरंत काबू करने हेतु फयर सर्विस मोहम्मदी के फायर प्रभारी दीवान शंकर लाल कन्नौजिया, कॉन0 राजकुमार, कां0 अनूप कुमार अग्निशमन कर्मचारी लगातार ड्यूटी पर मौजूद रहे हैं।

# आम जनमानस की सुरक्षा में तत्पर दुधवा के ग्रीन सोल्जर

स्वतंत्र भारत



**लखीमपुर-खीरी।** वन एवं वन्य जीवों की सुरक्षा हेतु आम जनमानस को जागरूक करना हो या भयाक्रांत स्थितियों में आस-पास सुरक्षात्मक कवच का एहसास दिलाना हो। हर स्थिति का तत्परता से सामना करने के लिए तैयार रहती है दुधवा ग्रीन सोल्जर की टीम। एक ही दिन में तीन-तीन रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग पलिया खीरी की दुधवा बाघ संरक्षण फाउंडेशन की टीम ने। आज प्रथक-प्रथक पलिया क्षेत्रांतर्गत पलिया, मझगई एवं अजीत नगर से नाजरुन निशा माटीवेटर को सर्प की उपस्थिति की सूचनाएं प्राप्त हुई। सूचनाएं प्राप्त होते ही तत्काल प्रभाव से नाजरुन निशा मौके पर पहुंचकर तीनों जगह सफलतापूर्वक रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया तथा इसके उपरांत मौके पर उपस्थित लोगों को इन जीवों की आस-पास उपस्थित होने की स्थिति में रखने वाली सावधानियां के बारे में बताया गया। साथ ही यह भी हिदायत दी कि किसी भी स्थिति में जीवों को हताहत न किया जाए अपितु समय से सूचना प्रदान की जाए। जीवों की उपस्थिति की स्थिति में पैनिक होने के बजाय विशेषज्ञों के पहुंचने तक ध्यानपूर्वक उस पर नजर बनाए रखें। अधिकांशतः उनको परेशान न किए जाने की स्थिति में वह स्वयं ही सुरक्षित स्थान की ओर प्रस्थान कर जाते हैं। ध्यान रहे कि कोई जीव जब जब तक अपने आपको असुरक्षित महसूस नहीं करता है तब तक वह आक्रामक नहीं होता और असुरक्षित होने पर तो इंसान भी बेकाबू हो जाते हैं। दोनों में थोड़ा सा अंतर यह है कि हमें इंसानों की प्रकृति का बखूबी अंदाजा है। इसलिए हम जान लेते हैं कि कब वह नाराज और कब वह प्रसन्न हैं परंतु अन्य जीवों की प्रकृति का ज्ञान न होने के कारण अधिकांशतः हम उसकी विपरीत शैली का अंदाजा नहीं लगा पाते हैं। लोगों को जागरूक करने के पश्चात रेस्क्यू अंजामदाता द्वारा सर्पो को उनके प्राकृतिक वास स्थल में अवमुक्त कर दिया गया। तीन सर्पों में से दो रैट स्नेक और एक पाइथन। सामान्य दिखाई देने वाली यह प्रक्रिया हंसी-मजाक का खेल नहीं है। इस अभियान में पल-पल का खतरा रहता है। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान जीव का थोड़ा परेशान होना स्वाभाविक है ऐसी स्थिति में उसके आक्रामक होने का अंदाजा स्वमेव लगाया जा सकता है। ऐसे समय में जब आपको स्वयं भी यज्ञ अंदाजा हो कि वन्य जीव इस समय असामान्य है ऐसी स्थिति में उस पर हांथ डालना आसान नहीं होता। सामान्य व्यक्ति की हृदयगति तो उसकी उपस्थिति से ही बढ़ जाती है और खतरनाक स्थिति वह स्थिति होती है जब रेस्क्यू ऑपरेशन किसी वृक्ष से करना हो। उस समय जीव की हर गतिविधि पर पैनी नजर रखनी पड़ती है। इतना आसान नहीं होता एक महिला होकर रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम देना।

# एसएसबी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं बड़ाखाना का आयोजन

**पलिया कलां खीरी।** 39वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल माधब चन्द्र घोष, द्वितीय कमान अधिकारी की उपस्थिति में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कार्यवाहक कमांडेंट महोदय द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर वाहिनी के सभी अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारी, अन्य कार्मिक तथा संदीक्षा सदस्याएं उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान संदीक्षा सदस्याओं, कैम्पस के अंदर संचालित केन्द्रीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं, कार्मिकों तथा उनके बच्चों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया। प्रस्तुत कार्यक्रमों में नृत्य, गीत, देशभक्ति कार्यक्रम एवं रंगारंग मंचन के माध्यम से प्रतिभागियों उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# सड़कों पर उतरेगा सिख समुदाय तहसील प्रशासन का करेगा घेराव

**निघासन खीरी।** दो सिख सेवादारों की पगड़ी उछालकर की गई पिटाई के प्रकरण में पुलिस द्वारा आरोपियों को शांतिभंग की धारा में चालान कर एसडीएम कोर्ट में पेश किए जाने और वहां से उन्हें जमानत मिल जाने पर सिख समुदाय में भारी आक्रोश है पुलिस की खानापूर्ति कार्यवाही सिख समुदायों के हलक के नीचे नहीं उतर रही जिसके चलते सोमवार की देर शाम गुरुद्वारे में संगत की बैठक में कड़ी नाराजगी जताई गई और निर्णय लिया गया कि मंगलवार को एसडीएम कार्यालय का घेराव कर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा सिक्ख समुदाय ने एसडीएम के स्थानांतरण की भी मांग की है।



सिख संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरबाज सिंह आजाद ने बताया कि पुलिस की खानापूर्ति कार्यवाही से काम नहीं चलेगा दोषियों को जेल भेजा जाए जिसको लेकर के सिख समाज के लोगों ने गुरुद्वारे में मीटिंग की मंगलवार को गुरुद्वारे से एसडीएम दफ्तर का घेराव किया जाएगा यह धरना प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से किया जाएगा जबकि धरना प्रदर्शन अनिश्चितकालीन तक चलेगा जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं हो जाती है। किसान नेता जसपाल सिंह पल्ला ने बताया की गुरुद्वारे में सेवादारों की पगड़ी उछालकर की गई पिटाई के मामले में प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया सिर्फ हल्की धाराओं में मुकदमा लिखकर आरोपियों को एसडीएम कोर्ट से जमानत देकर छोड़ दिया गया जिससे सिख समाज में भारी आक्रोश है मंगलवार को सिख समुदाय एसडीएम दफ्तर का घेराव करेगा अपनी मांगों को लेकर के अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन होगा हमारी मांगे अपराधियों को जेल भेजा जाए लापरवाह अधिकारियों का तबादला किया जाए इन्हीं मुद्दों पर धरना प्रदर्शन जारी रहेगा यदि हमारी सुनवाई नहीं होती है तो आगे की रणनीति तैयार की जायेगी इस दौरान किसान यूनियन जिला उपाध्यक्ष रेशम सिंह, समाजसेवी सुखविंदर सिंह बाबू, व्यापार मंडल महामंत्री बलदेव सिंह बिल्ला, रंजीत सिंह, जगतार सिंह, रणधीर सिंह सहित तमाम सिख समुदाय व अन्य संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## गंभीर समस्या

इस समय नई पीढ़ी की बुनियाद में सबसे बड़ी दरार बनकर मोबाइल और उसमें इंटरनेट की व्यापक दुनिया खड़ी हो गई है। इसका बड़ा कारण यह है कि किशोर या नाबालिगों सहित नेट की सुविधा रखने वाला प्रत्येक व्यक्ति इसके अलग-अलग प्लेटफार्म पर मौजूद अराजक, आपत्तिजनक और अश्लील सामग्री तक अपनी पहुंच बड़ी आसानी से बना लेता है। यह रुझान इतनी तेजी से बढ़ रहा है कि कई देशों ने सोशल मीडिया और इस तरह के अन्य इंटरनेट प्लेटफार्म को अवयस्कों एवं किशोरों के लिए प्रतिबंधित भी कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया और डेनमार्क जैसे देशों ने तो बाकायदा इसके लिए कानून भी बना दिए। हमारे देश में भी इस समस्या को लेकर आवाज़ उठाई जा रही है कि इसके लिए कारगर और ठोस नियमन निर्धारित किया जाए। अब तो सर्वोच्च न्यायालय ने भी कहा है कि एक स्वायत्त नियामक संस्था बनाई जाए जो उसे पर रोक लगा सके। उसका सुझाव है कि इंटरनेट पर मौजूद अश्लील या वयस्क प्रकृति की सामग्री को बच्चों से दूर रखने के लिए आधार की संख्या से आयु की पुष्टि करने की व्यवस्था बनाने पर भी सोचा जाना चाहिए। दरअसल इंटरनेट के उपयोग को लेकर दो पहलू हैं। पहला तो यह कि पढ़ाई-लिखाई से लेकर रोजगार तक और मनोरंजन आदि के लिए नेट से काफी हद तक मदद मिलती है। इसलिए इस पर निर्भरता का क्षेत्र काफी विस्तृत हुआ है। लेकिन दूसरा पक्ष यह है कि जिस साइबर तकनीकी ने इतनी सुविधा दे रखी है, उसी में ऐसी सामग्री भी बहुतायत में है जो उतने ही विस्तृत रूप से बेहद नुकसानदायक है। समस्या इस लक्ष्य के समस्या इस लक्ष्य के मद्देनजर भी जटिल हो जाती है कि नई तकनीक और प्रौद्योगिकी के तेजी के साथ होते जा रहे विस्तार के वर्तमान समय में समाज तथा इसका व्यवस्थागत ढांचा भी बड़े पैमाने पर बदल रहा है। ऐसे में नियमन का प्रारूप और प्रक्रिया निर्धारित करते समय यह सावधानी भी बरतनी बहुत आवश्यक होगी कि इसके नाम पर लोकतंत्र और अभिव्यक्ति के अधिकार का हनन होने पाए। वर्तमान पढ़े-लिखे समाज की बौद्धिक गतिविधियां जिस तरह हर क्षेत्र में बढ़ रही हैं, उसमें ऐसे टकरावों-विवादों का उभरना अब कई बार सामने आया है। इसलिए एक अत्यंत व्यापक दायरे के परिपेक्ष्य में इंटरनेट के नकारात्मक प्रभाव से निपटने के लिए कदम उठाना जरूरी होता जा रहा है। उम्मीद की जानी चाहिए कि अन्य देशों की तरह भारत सरकार भी इस बारे में प्रभावी पहल शीघ्र करेगी।

## उचित निर्देश

सरकारी और निजी बसों के दिल दहला देने वाले हाथ से अब नहीं बात नहीं रह गए हैं देश भर के किसी ने किसी हिस्से से ऐसी दुर्घटनाओं की खबरें बराबर आती रहती हैं उत्तर प्रदेश में भी ऐसे मामले हुए हैं हादसे हुए ऐसे भी हुए जिनमें चलती बस में आग लग गई और कई यात्रियों की जलकर मौत हो गई यह साधारण घटनाएं नहीं है लेकिन खेत जनक बात यह कि इन्हें उसे गंभीरता से नहीं लिया गया जिसमें कोई प्रभावी कदम उठाया जाता जांच और कार्रवाई के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई गई हालांकि इसे लेकर सरकारी तौर पर अभी तक कोई कदम नहीं उठाया गया लेकिन एक शिकायत का संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने जरूर कदम बढ़ा दिए हैं आयोग ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाली स्लीपर कोच बसों को हटाने का निर्देश दिया है मुद्दा यह था कि कुछ बसों में ड्राइवर का केबिन यात्री डिब्बे से पूरी तरह अलग होता है जिससे किसी आपात स्थिति में आज का समय पर पता लगा पाना और सूचना देना मुश्किल हो जाता है आयोग से भी यह कहा गया कि सार्वजनिक परिणाम बेसन की डिजाइन मेंगंभीर खामियां यात्रियों के जीवन को खतरे में डाल रही हैं यह कोई बहुत रहस्य की बातें नहीं है जो एकाएक सामने लगी गई हो हर ऐसे हादसे के बाद उन्हें उठाया जाता रहा है लेकिन केवल खाना पूरी करने के परंपरा निभाते हुए उनकी पूरी तरह उपेक्षा कर दी जाती है रही या ना तो जिम्मेदारी निभाने वाली बात है और ना ही इसमें मानवी संवेदना का ही कोई क्वेश्चन है यह कुछ ऐसा है कि बस मालिकों और परिवहन विभागों को केवल भारी भरकम किराया चाहिए वह तो हो गया बाकी बात खत्म आगे जिसका जैसा मुकद्दर हो किसी सार्वजनिक या निजी सेवा के लिए ऐसा गद्य में धारा रवानी रवैया कतई उचित नहीं हो सकता वह भी तब जब सेवा के बदले में मनमाना पैसा लिया जा रहा हो व्यवसाय तो व्यवसाय ही है लेकिन उसमें नैतिकता का लोप तो नहीं होना चाहिए। एनएचआरसी की शक्ति से यह स्थिति सुधर जाए तो उसे बहुत बड़ी उपलब्धि माना जाएगा वैसे यह कोई अच्छा चलन नहीं है कि जब तक आधार से या आयोग आदेश निर्देश न दें तब तक कोई सरकारी काम सही ढंग से नहीं होगा।

## काँव-काँव

◆◆◆

तीन राज्यों से तीन आतंकी गिरफ्तार
**खोजते रहिए अभी और मिलेंगे!**
पाकिस्तान गाजा में सेना भेजने को तैयार
**इसी बहाने हमास की मदद तो हो जाएगी!**
बलिया में मंत्री के विवादास्पद बोल
**कह देंगे बयान तोड़ा-मरोड़ा गया!**
देश में 10.66 प्रतिशत वयस्क किसी मानसिक विकार से पीड़ित
**खुराफात करते रहेंगे तो और क्या होगा!**
पुलिस बनकर 80000 की ठगी
**यह है 'एडवांटेज खाकी'!**
तेंदुलकर से 'विराट' हुए कोहली
**लोग तो आपकी चली-चला की सोच रहे थे!**

◆◆◆

# मजदूरों की मुश्किलें

**– अजीत द्विवेदी**

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार का एक स्थायी दावा होता है कि वह जो भी काम कर रही है वह सबसे बड़ा काम है या ऐसा काम पहले कभी नहीं हुआ। तभी छह साल पहले 2019 में भारतीय संसद से पास चार श्रम कानूनों को लागू करते हुए ऐसा ही दावा किया गया है। हैरानी की बात है कि अनेक मीडिया समूह भी अपने संपादकीय में इन कानूनों को इसी रूप में पेश कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह भारतीय अर्थव्यवस्था के इतिहास में किसी भी केंद्र सरकार द्वारा किया गया सबसे बड़ा आर्थिक सुधार है। ध्यान रहे अब तक 1991 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव और उनके वित्त मंत्री मनमोहन सिंह की ओर से लागू किए गए उदारीकरण के फैसले को सबसे बड़ा आर्थिक सुधार माना जाता रहा है। अब उसकी जगह श्रम कानूनों को सबसे बड़ा आर्थिक सुधार बताया जा रहा है। लेकिन सवाल है कि क्या यह सबसे बड़ा कथित आर्थिक सुधार भारत की अर्थव्यवस्था को वैसे ही बदल पाएगा, जैसे 1991 के आर्थिक सुधारों ने बदला था? और क्या इससे श्रमिकों की हालत में कोई गुणात्मक परिवर्तन आएगा? इसकी संभावना कम है।

बुनियादी रूप से ये चारों कानून कोई बड़ा बदलाव नहीं कर रहे हैं। इनकी जो एकमात्र बड़ी खासियत दिखाई दे रही है वह ये है कि पहले से मौजूद 29 केंद्रीय कानूनों को इन चार कानूनों में समेटा गया है। इस आधार पर दावा किया जा रहा है कि पहले इन 29 कानूनों की वजह से उद्योग व कारोबारी समूहों को इनके अनुपालन में समस्या आती थी तो दूसरी ओर श्रमिकों के लिए जरूरी लाभ उपलब्ध कराना मुश्किल होता था। लेकिन असली सवाल तो यह है कि इससे मजदूरों को कैसे फायदा होगा? इस सवाल पर विचार से पहले चारों कानूनों के बारे में संक्षेप में जानना जरूरी है। ये चार कानून वेतन संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य व कार्य शर्तें संहिता हैं। पहला कानून यानी वेतन संहिता यह सुनिश्चित करेगा कि सभी मजदूरों को एक निश्चित वेतन मिले, वेतन समय पर मिले और वह उचित हो। पहले वेतन, भत्ता, पेंशन, बोनस आदि के लिए अलग अलग कानून थे, जिससे परेशानी होती थी। इसमें एक खास बात यह है कि महिलाओं को पुरुषों के समान काम के लिए समान वेतन का प्रावधान किया गया है। हालांकि उचित और समय पर वेतन मिलना कैसे सुनिश्चित होगा यह कानून लागू होने के बाद पता चलेगा। दूसरा कानून औद्योगिक संबंध संहिता हैं, जिसके तहत कर्मचारी और कंपनी के संबंधों की व्याख्या की गई है और साथ ही दोनों के बीच विवाद के त्वरित निपटान की व्यवस्था भी बनाई गई है। इसमें हड़ताल और विरोध प्रदर्शन के नियम भी शामिल किए गए हैं और सबसे ज्यादा विरोध इसी नियम का हो रहा है।

तीसरा कानून सामाजिक सुरक्षा संहिता का है, जिसमें असंगठित मजदूरों, ऐप आधारित सेवाओं में काम करने वाले लोग, जिन्हें गिग वर्कर्स कहा जा रहा है उनके लिए जरूरी प्रावधान किए गए हैं। इस कानून में कहा गया है कि कंपनियां इनके लिए सामाजिक सुरक्षा फंड बनाएंगी। इस कानून के जरिए स्वास्थ्य, बीमा और मातृत्व सुविधा जैसे लाभों को हासिल करना आसान बनाया जाएगा। चौथा और अंतिम कानून व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य व कार्य शर्तें संहिता है, जिसमें कर्मचारियों, मजदूरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रावधान है साथ ही कार्यस्थल पर होने वाली परेशानियों को दूर करके उसे बेहतर बनाने के उपाय भी किए गए हैं। पहले से मौजूद 13 कानूनों मिला कर इसे बनाया गया है। इसमें महिलाओं के रात में काम करने का प्रावधान भी किया गया है।

दावा किया जा रहा है कि यह अद्भुत संतुलन वाला कानून है, जिससे मजदूरों और कर्मचारियों को भी फायदा होगा तो उद्योग समूहों को भी लाभ होगा। सवाल है कि जब दोनों के लिए फायदे वाला कानून है तो इसे लागू करने में सरकार को छह साल क्यों लग गए? दूसरा सवाल यह है कि अगर ये कानून मजदूरों के हित में हैं तो देश के ज्यादातर बड़े मजदूर संगठन इसका विरोध क्यों कर रहे हैं? असल में संसद में पास करने से लेकर इनके नियम बना कर इन्हें लागू करने तक जब भी इन कानूनों की बात होती है तो दावा किया जाता है कि इनसे मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा मिलेगी, स्वास्थ्य की बेहतर सुविधा मिलेगी, समय पर व उचित वेतन मिलेगा तो दूसरी ओर कंपनियों को एक ऐसा सरल ढांचा मिलेगा, जिसके अनुपालन में उनको कोई समस्या नहीं आएगी। लेकिन यह सिर्फ सदिच्छा है। वास्तव में इसका कितना लाभ मिलता है यह इन कानूनों के अनुपालन के बाद पता चलेगा।परंतु उससे पहले इस कानून के कई प्रावधान ऐसे हैं, जिनको मजदूर फ्रेंडली कतई नहीं माना जा सकता है। उनसे ऐसा प्रतीत होता है कि मजदूरों को नियमों में बांधने, उनके विरोध करने की क्षमता को कम करने और उनकी नौकरी को असुरक्षित बनाने के प्रावधान इन कानूनों में निहित हैं। मिसाल के तौर पर औद्योगिक संबंध संहिता में प्रावधान किया गया है कि तीन सौ तक मजदूर और कर्मचारी वाला उद्योग सरकार की अनुमति के बगैर छंटनी कर सकता है। पहले एक सौ मजदूरों तक की कंपनियों को यह छूट मिली थी। यह दायरा बढ़ाने का मतलब है कि देश की ज्यादातर कंपनियां और उद्योग अपने यहां पहले



से ज्यादा आसानी से छंटनी कर पाएंगे। इसमें लगभग पूरा एमएसएमई सेक्टर आ जाता है। ध्यान रहे भारत में ज्यादातर कंपनियां इतने की मजदूरों या कर्मचारियों वाली हैं। इसका मतलब है कि सरकार ने ज्यादातर मजदूरों को कंपनियों की मर्जी के हवाले कर दिया है। इतना ही नहीं मजदूरों के हड़ताल या विरोध प्रदर्शन के अधिकार को भी सीमित कर दिया गया है। नए कानून में प्रावधान है कि हड़ताल से 60 दिन यानी दो महीने पहले नोटिस देना होगा। सोचें, अगर कर्मचारी या मजदूर अपनी किसी समस्या के लिए तत्काल विरोध प्रदर्शन या हड़ताल नहीं कर पाएंगे तो उनकी समस्या को निराकरण कैसे होगा? आवश्यक सेवाओं पर लागू होने वाले कानून को हर तरह के मजदूरों और कर्मचारियों पर लागू कर दिया गया है। इससे उनके विरोध प्रदर्शन को नियंत्रित करना आसान हो जाएगा। इतना ही नहीं कानून में यह भी प्रावधान किया गया है कि यूनियन की मान्यता पाने के लिए कंपनी के कुल कर्मचारियों की संख्या के 10 फीसदी या एक सौ मजदूरों का, जो भी ज्यादा हो, उसमें शामिल होना जरूरी है। इससे छोटी यूनियन के समाप्त होने का खतरा है।

सामाजिक सुरक्षा वाले तीसरे कानून में गिग वर्कर्स और असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए सोशल सिक्योरिटी फंड की बात कही गई है। लेकिन यह फंड कैसे बनेगा? कंपनियां कितना योगदान करेंगी और मजदूरों को उसका लाभ कैसे मिलेगा इस बारे में बहुत स्पष्टता नहीं है। इसी तरह व्यावसायिक सुरक्षा वाले चौथे कानून में रोज के काम के घंटे का विस्तार 12 घंटे तक कर दिया गया है। कंपनियां आठ से 12 घंटे काम करा सकेंगी। हालांकि एक हफ्ते में काम की अधिकतम सीमा 48 घंटे निर्धारित है लेकिन सबको पता है कि इस सीमा का पालन कहीं नहीं होता है। नया कानून लागू होने के बाद कंपनियां लंबे कार्य दिवस लागू कर सकती हैं, जिससे मजदूरों का शोषण बढ़ेगा।असल में नए श्रम कानून जैसा कि हमेशा होता है उद्योग समूहों और निवेशकों के हितों को ध्यान में रख कर बनाए गए हैं। इनका मकसद ज्यादा से ज्यादा निवेश आकर्षित करना और उद्योग समूहों का विस्तार करना है। सभी सरकारें मानती रही हैं कि उद्योगों का विकास होगा, निवेश बढ़ेगा तो रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे और संपन्नता आएगी। लेकिन वास्तविकता यह है कि हर कानून शोषण और गैर बराबरी को बढ़ाता है। ये कानून भी अपवाद नहीं हैं। इनमें भी फिक्स्ड टर्म नौकरी पर जोर दिया गया है, जिसका मतलब है कि स्थायी नौकरियां कम होंगी और ठेके पर काम ज्यादा उपलब्ध होगा। इससे सामाजिक सुरक्षा बढ़ेगी नहीं कम होगी। इसी तरह कंपनियां नियमों का कैसे अनुपालन करती हैं उसकी जांच और निगरानी की व्यवस्था कमजोर कर दी गई है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### तृतीय अध्याय

(गतांक से आगे)

(15/7) - मनसहित इन्द्रियों से जो कार्य इस जन्म में होता है, उनके संस्कार लेकर जीवात्मा पुराने शरीर को त्यागकर नवीन शरीर में प्रवेश कर जाता है। इसमें जन्मदाताओं का क्या लगा? उनके विकास में कोई अन्तर नहीं आया। अतः स्त्रियों के दूषित होने से वर्णसंकर नहीं होता। स्त्रियों के दूषित होने और वर्णसंकर से कोई सम्बन्ध नहीं है। शुद्ध स्वरूप की ओर अग्रसर न होकर प्रकृति में बिखर जाना ही वर्णसंकरता है। यदि महापुरुष सावधान होकर क्रिया (नियत कर्म) में बरतते हुए लोगों से क्रिया न कराये तो वह उस सारी प्रजा का हनन करनेवाला, मारनेवाला वने। साधना-क्रम में चलकर उस मूल अविनाशी की प्राप्ति ही जीवन है और प्रकृति में बिखरे रहना, भटक जाना ही मृत्यु है। किन्तु वह महापुरुष इस सारी प्रजा को यदि क्रिया-पथ पर नहीं चलाता, इस सारी प्रजा को बिखराव से रोककर सत्पथ पर नहीं चलाता तो वह सारी प्रजा का हनन करनेवाला हत्यारा है, हिंसक है और क्रमशः चलते हुए जो चला लेता है वह शुद्ध अहिंसक है। गीता के अनुसार शरीरों का निधन, नश्वर कलेवरों का निधन मात्र परिवर्तन है, हिंसा नहीं।

सक्ताः कर्मण्यविद्वांसो यथा कुर्वन्ति भारत।
कुर्याद्विद्वांस्तथासक्तश्चिकीर्षुर्लोकसङ्ग्रहम् ।।25।।

हे भारत ! कर्म में आसक्त हुए अज्ञानीजन जैसे कर्म करते हैं, वैसे ही अनासक्त हुआ विद्वान, पूर्णज्ञाता भी लोक-हृदय में प्रेरणा और कल्याण-संग्रह चाहता हुआ कर्म करे। यज्ञ की विधि जानते और करते हुए भी हम अज्ञानी हैं। ज्ञान का अर्थ है प्रत्यक्ष जानकारी। जब तक लेशमात्र भी हम अलग हैं, आराध्य अलग है तब तक अज्ञान विद्यमान है। जब तक अज्ञान है, तब तक कर्म में आसक्ति रहती है।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

◆◆◆

**गुणैरुत्तमतां याति नोच्चैरासनसंस्थितः।**
**प्रासादशिखरस्थोऽपि काकः किं गरुडायते॥**

मनुष्य सर्वश्रेष्ठ या उत्तम तभी बनता है जब उसके गुण उत्तम होते हैं । किसी भी व्यक्ति को उसके पद के आधार पर सर्वश्रेष्ठ नहीं माना जा सकता है। यह बिल्कुल वैसा ही है जैसे कौआ महल के शिखर पर बैठकर गरुड नहीं बन जाता।

◆◆◆

# जिहाद की बौद्धिक जड़ों पर सभ्य समाज प्रायः चुप

**– बलबीर पुंज**

जिहाद की बौद्धिक जड़ों पर सभ्य समाज प्रायः चुप रहता है, जबकि जिहाद से निर्णायक संघर्ष तभी संभव है, जब उसके मूल विचारों पर सीधी बहस की जाए। क्या मौजूदा दौर में ऐसा संभव है? कश्मीरी डॉक्टर उमर नबी, अनंतनाग अस्पताल में डॉक्टर आदिल अहमद राठर, फरीदाबाद के अल-फलाह अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर मुजम्मिल अहमद गनई और लखनऊ निवासी महिला डॉक्टर शाहीन सईद जैसे शिक्षित, संपन्न और समाज में मान-सम्मान पाने वाले मुस्लिमों ने यह मार्ग क्यों अपनाया? 10 नवंबर की शाम राजधानी दिल्ली एक फिदायीन आतंकी हमले से दहल उठी। लालकिला मेट्रो स्टेशन के बाहर चलती कार में हुए भीषण विस्फोट से कई निर्दोष हताहत हो गए। यह हमला एक बार फिर से जिहाद पर बनी पुरानी धारणाओं को चुनौती दे रहा है। साथ ही यह भी सोचने पर मजबूर कर रहा है कि आखिर सभ्य समाज इसपर आजतक निर्णायक विजय क्यों नहीं पा सका है?

पिछले कुछ दशकों में भारत जब भी आतंकवाद का शिकार हुआ, तब इसे वामपंथी मुस्लिम समाज में व्याप्त 'अशिक्षा, बेरोजगारी, गरीबी' से जोड़ देते है। यदि ऐसा ही है, तो कश्मीरी डॉक्टर उमर नबी, अनंतनाग अस्पताल में डॉक्टर आदिल अहमद राठर, फरीदाबाद के अल-फलाह अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर मुजम्मिल अहमद गनई और लखनऊ निवासी महिला डॉक्टर शाहीन सईद जैसे शिक्षित, संपन्न और समाज में मान-सम्मान पाने वाले मुस्लिमों ने जिहाद का मार्ग क्यों अपनाया? दरअसल, इस्लाम में जिहादी सोच को मजबूती देने में मदरसा शिक्षा पद्धति की बड़ी भूमिका है। अधिकतर मुस्लिम परिवारों के बच्चे प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा यही ग्रहण करते है, जिसका माहौल कट्टरपंथी इस्लामी पहचान तक सीमित– अर्थात् 'काफिर-कुफ्र-शिर्क' अवधारणा से युक्त और सह-अस्तित्व प्रेरित बहुलतावाद से मुक्त रहता है। अक्सर आधुनिकीकरण के नाम पर मदरसों में छात्रों को गणित, विज्ञान और कंप्यूटर आदि विषयों को भी पढ़ाया जाता है। वास्तव में, यह विषय केवल माध्यम हैं– इनका उपयोग या दुरुपयोग लोगों की मानसिकता पर निर्भर करता है। यही कारण है कि डॉ.उमर, डॉ.आदिल, डॉ.मुजम्मिल और डॉ.शाहीन आधुनिक शिक्षा ग्रहण करने के बाद भी जिहाद का रास्ता नहीं छोड़ पाए। भारत सहित शेष विश्व में इस तरह के उच्च-शिक्षित (डॉक्टर-प्रोफेसर सहित) जिहादियों की एक लंबी फेहरिस्त है। न्यूयॉर्क के भीषण 9/11 आतंकी हमले के गुनहगार (लादेन सहित) आधुनिक शिक्षा में



दक्ष थे। कड़वा सच यह है कि जब जिहादी मानसिकता का मेल विज्ञान-गणित-कंप्यूटर से होता है, तो वह और भी अधिक खतरनाक हो जाता है। दिल्ली में हालिया जिहादी हमले की कड़ियां कश्मीर से लेकर हरियाणा और उत्तरप्रदेश तक जुड़ी है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने डॉ.आदिल को श्रीनगर की दीवारों पर आतंकी संगठन %जैश-ए-मोहम्मद' के पर्चे चिपकाने के आरोप में 6 नवंबर को उत्तरप्रदेश के सहारनपुर से गिरफ्तार किया था। जब पुलिस ने अस्पताल स्थित उसके लॉकर की तलाशी ली, तो वहां से एके-47 सहित कई हथियार बरामद हुए।पूछताछ में डॉ.मुजम्मिल का नाम सामने आया, जिसके फरीदाबाद स्थित किराए के मकान से 2,900 किलोग्राम विस्फोटक, हथियारों का जखीरा और बम बनाने के उपकरणों को जब्त किया गया। इसी कार्रवाई में पुलिस ने डॉ.शाहीन को भी घातक हथियारों के साथ धरदबोचा। हालिया जिहादी वारदात में जिस कार का इस्तेमाल हुआ, उसे बकौल जांचकर्ता डॉ.उमर चला रहा था।

यह जिहादी मानसिकता केवल फिदायीन हमले तक सीमित नहीं है। गुजरात पुलिस ने हाल ही में डॉ.अहमद मोहिउद्दीन सैयद को उसके दो सहयोगियों के साथ गिरफ्तार किया था। सैयद अरंडी के बीजों से घातक राइसिन जहर बना रहा था, जिसे पानी-भोजन में मिलाकर बड़े नरसंहार को अंजाम देने की योजना थी।

क्या धन-दौलत के लिए मुस्लिम समाज का एक वर्ग जिहाद का रास्ता अपनाता है? सच तो यह है कि भारतीय उपमहाद्वीप (भारत सहित) में एक बड़ा मुस्लिम वर्ग उन्हीं इस्लामी आक्रांताओं– गजनवी, गोरी, बाबर, औरंगजेब, अब्दाली, टीपू सुल्तान आदि को अपना 'नायक' या फिर स्वयं को उनका 'वैचारिक-उत्तराधिकारी' मानता है, जिन्होंने 'काफिर-कुफ्र' चिंतन से प्रेरित होकर भारत में असंख्य हिंदुओं का कत्लेआम किया, उनकी महिलाओं से बलात्कार किया, उनके हजारों मंदिरों को तोड़ा और सांस्कृतिक प्रतीकों-मानबिंदुओं को रौंदा। इस वर्ग की धारणा है कि भारतीय उपमहाद्वीप के अधूरे 'गजवा-ए-हिंद' का मजहबी दायित्व उसपर है।

वास्तव में, बीते दशकों में हुए अनेकों जिहादी हमलों (26/11 सहित) की प्रेरणा और शताब्दियों पूर्व भारत में इस्लामी आक्रांताओं का चिंतन– एक ही है। इसका एक विवरण वर्ष 1908 में जी.रुस-केपेल और काजी अब्दुल गनी खान द्वारा अनुवादित 'तारीख-ए-सुल्तान महमूद-ए-गजनवी' पुस्तक में मिलता है। इसके अनुसार, जब महमूद गजनवी (971-1030) को एक पराजित हिंदू राजा ने मंदिर नष्ट नहीं करने के बदले अपार धन देने की पेशकश की, तो उसने कहा– हमारे मजहब में जो कोई मूर्तिपूजकों के पूजास्थल को नष्ट करेगा, वह कयामत के दिन बहुत बड़ा इनाम पाएगा और मेरा इरादा हिंदुस्तान के हर नगर से मूर्तियों को पूरी तरह से हटाना हैज। इसी प्रकार वर्ष 1398 में भारत पर आक्रमण कर लाखों निर्दोष हिंदुओं का नरसंहार करने वाले तैमूर ने अपनी आत्मकथा 'तुजुक-ए-तैमूरी' में लिखा था– हिंदुस्तान आने का मेरा एक उद्देश्य काफिरों से जिहाद और सवाब अर्जित करना है। यहां तक, बाबर ने जिहाद की बुनियाद पर 'काफिर' हिंदू राजा राणा सांगा को पराजित करके मुगल साम्राज्य की स्थापना की और खुद को 'गाजी' घोषित किया था। बीते कुछ समय से एक और विषाक्त नैरेटिव बनाया जा रहा है, जिसमें मुस्लिम समाज में व्याप्त 'असहिष्णुता', 'कट्टरता' और 'आक्रमकता' को मोदी सरकार की नीतियों से जोड़ दिया जाता है।

## प्रेरक प्रसंग

### वचन का प्रभाव

परम विरक्त संत स्वामी कृष्णबोधाश्रम जी महाराज गढ़मुक्तेश्वर तीर्थ क्षेत्र में गंगा के किनारे पैदल भ्रमण करते हुए एक गांव में पहुंच गए। वह गांव के बाहर गंगा तट पर एक मंदिर में रुक गए। वहां सुबह-शाम गंगा स्नान करते और दिन भर साधना में लगे रहते। गांव के बुजुर्गों को पता चला कि मंदिर में एक संत आया हुआ है और वह तीन दिनों से निराहार है। एक बुजुर्ग स्वामी जी के पास पहुंचा और उसने कहा, 'महाराज जी, आज आप हमारे यहां भोजन करने की कृपा करें।'

स्वामी जी ने उत्तर दिया, 'हम उसी के घर में भोजन ग्रहण करते हैं, जिस घर का एक भी सदस्य तंबाकू, शराब तथा मांस का सेवन न करता हो।' ज्यादातर परिवार मांस-मदिरा का सेवन नहीं करते थे, लेकिन हुक्का-बीड़ी का चलन तो घर-घर था। गांव का एक भी घर ऐसा नहीं निकला जिसके यहां बना भोजन स्वामी जी ग्रहण कर पाते। स्वामी जी हफ्ताभर बिना भोजन के रहे। 8वें दिन गांव के बुजुर्गों ने बैठक की। उनके मुखिया ने कहा कि कितने दुर्भाग्य की बात है कि हमारे गांव में एक भी घर ऐसा नहीं है, जिसका एक भी सदस्य नशा न करता हो। कितनी शर्म की बात है कि एक संत कई दिनों से भूखा है। इसके बाद एक-एक करके कुछ बुजुर्ग उठे और उन्होंने संकल्प लिया कि आज से वे हुक्का-बीड़ी नहीं पिएंगे। कुछ ने शराब और मांस छोड़ने का संकल्प लिया। उसी दिन शाम को कुछ लोग स्वामी जी के पास पहुंचे। वे हुक्के और शराब की बोतलें भी अपने साथ ले गए। इन सभी ने हाथ में गंगाजल लेकर मांस-मदिरा और तंबाकू का सेवन न करने की शपथ ली। तब स्वामी जी ने आशीर्वाद देते हुए एक घर की भिक्षा ग्रहण की। स्वामी कृष्णबोधाश्रम जी महाराज ने बिना दुराग्रह के भोजन ग्रहण करने के नियम की शर्त पर सैकड़ों गांवों को व्यसनों से मुक्ति दिलाई।

## आपका पत्र मिला

### अभी और उभरेगी सियासत की गर्मी

दिल्ली की ठिठुरन भले ही इस समय बढ़ रही हो, लेकिन भारतीय राजनीति का तापमान अब शीतकालीन सत्र के साथ और भी तेजी से उभरने वाला है। एक दिसंबर से शुरू होकर 19 दिसंबर तक चलने वाला यह सत्र कागजों में भले ही पंद्रह दिनों का हो, पर भीतर छिपे संकेत कहीं अधिक गहरे और असहज करने वाले हैं। लोकतंत्र की सेहत के लिहाज से यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में संसद के सत्र इतने संकुचित होने चाहिए कि सांसदों को बोलने के लिए समय ही न बचे?भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में जहां 780 से अधिक सांसद जनता की नब्ज़ लेकर संसद तक पहुंचते हैं, वहां पंद्रह दिन का सत्र किसी औपचारिकता जैसा लगता है। यह चौंकाने वाली गणित है कि हर सांसद को यदि पांच मिनट का समय भी दिया जाए तो बहस-संचालन के लिए पैंसठ घंटे से अधिक समय चाहिए। जबकि पूरे सत्र की वास्तविक कार्यवाही लगभग नब्बे घंटों के आसपास होती है। इस समय में प्रश्नकाल, विधेयक, सरकारी एजेंडा और शून्यकाल की अनिवार्यता जोड़ लेने के बाद प्रभावी बहस के लिए बचा समय लोकतंत्र की सिरिंकिंग स्पेस को उजागर करता है। संसद, जिसे संवाद का मंदिर कहा जाता है, वहां संवाद अब रस्म की तरह रह गया है–संक्षिप्त भाषण, जल्दबाजी में पारित विधेयक और विपक्ष की सीमित बात। यह प्रवृत्ति केवल समय की कमी नहीं बल्कि लोकतांत्रिक ढांचे में आ रही संरचनात्मक कमजोरी को दर्शाती है। इसलिए आवश्यकता केवल लंबे सत्रों की नहीं, बल्कि सार्थक सत्रों की है। जरूरत बहस की पुनर्स्थापना की है, जहां सत्ता और विपक्ष दोनों अपनी जिम्मेदारी को समझें। संसद का समय जनता का समय है, और उसकी कीमत हर मिनट करोड़ों में है। इसे शोरगुल में गंवाना लोकतंत्र को धीरे-धीरे मौन की ओर धकेलना है, और मौन लोकतंत्र का सबसे बड़ा शत्रु है।

**– विभूति बुपक्पा**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*

# जगत के पालनहार भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं में छिपे हैं बड़े गहरे तत्व

भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गाई गई दिव्य गीता, केवल एक ही पूजनीय भगवान हैं श्रीकृष्ण, केवल एक ही मंत्र है उनका पवित्र नाम तथा केवल एक ही कर्तव्य है- परम पूजनीय श्रीकृष्ण की भक्तिमय सेवा। कृष्ण लीला पुरुषोत्तम हैं। उनका प्रत्येक कार्य लीला ही है। लीलाओं में बड़े गहरे तत्व छिपे हैं। जैसे जन्म लीला ही का दर्शन करें तो सबसे पहले प्रश्न है कि भगवान ने जन्म के लिए रोहिणी नक्षत्र क्यों चुना।

एकम् शास्त्रम् देवकी-पुत्र-गीतम् एको देवो देवकी-पुत्र एव।

एको मंत्र तस्य नामानि अर्थात कर्मप्य एकम् तस्य देवस्य सेवा।

इस श्लोक का भावार्थ यह है कि भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गाई गई दिव्य गीता ही पवित्र शास्त्र है।

अजन्मत नारायण जन्म यस्य असौ अजनजन्मा ब्रह्मा।

तस्य ऋक्षं रोहिणीम प्रजापतिदैवस्याम। प्रजापति (ब्रह्मा) का नक्षत्र रोहिणी है। उस समय रोहिणी का गर्भ खाली था, देवकी का भरा हुआ। भगवान रोहिणी के गर्भ में चले जाते, पर भगवान ने वहां बलराम जी को भेजा और स्वयं देवकी के गर्भ में गए। ऐसे में रोहिणी के साथ अन्याय न हो, इसलिए उन्होंने जन्म नक्षत्र के रूप में रोहिणी को चुना। यह भगवान की सदाशयता है। जैसे मालिक के आने से सेवक शांत हो जाते हैं, वैसे ही सारे ग्रह नक्षत्र शांत हो गए। दिशाएं प्रसन्न हो गईं। गगन ने अपने हीरे बिखेर दिए और पृथ्वी ने कहा हमारे स्वामी आ रहे हैं। धरती ने अपने पुत्र मंगल को गोद में ले लिया। नदियों का जल निर्मल हो गया कि कालिंदी से विवाह कर भगवान हमारे बहनोई बनेंगे। गोविंद का जन्म हुआ तो स्वर्ग में दुंदुभियां अपने आप बजने लगीं। नगाड़ों ने कहा हम आज भी पीटकर बजे तो धिक्कार है हम पर। वे भी अपने आप बजने लगे। नेदुर्दुन्द्धयो दिवि। सिद्ध और चारण स्तुति करने लगे। मुनि और देवता सब बृज की ओर दौड़ पड़े, यह कहकर कि प्रकट हो जाइए, प्रकट हो जाइए। जैसे पूर्व दिशा में चंद्रमा का उदय होता है, ऐसे ही सबकी हृदय गुहा में रहने वाले परमब्रह्म परमात्मा प्रकट हो गए। ब्रह्मा जी जिसके पुत्र हैं, ऐसा बालक पैदा हुआ। ऐसा मंगल पैदा हुआ। तमद्भुतं बालकमम्बुजेक्षणं चतुर्भुजं शंखगदार्युदायुधम्। चार हाथ - धर्म, अर्थ, काम मोक्ष। जैसे यह कहना चाहते हों कि मेरे प्यारे भक्तो, ये हमारे चार रूप हैं - वासुदेव, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध और संकर्षण। यही इनकी चार भुजाएं हैं, इनके द्वारा भगवान सारा काम करते हैं। चार आयुध हैं- चक्र, शंख, गदा, कमल। शत्रु यदि दूर हो तो चक्र से मारें, पास हो तो गदा से और जब जीत हो जाए तो शंख बजाएं और अपना हृदय कमल उनको दे दें। अपने हृदय कमल को भगवान हाथ में ले लेते हैं कि कब कोई भक्त मिल जाए, तो उसे सौंप दें।

श्रीवत्सलक्ष्मं गलशोभि कौस्तुभंपीताम्बरं सान्द्रपयोदसौभगम्। आओ ना, दर्शन करो श्रीवत्सलक्ष्मं। गले में कौस्तुभमणि है, बिना किसी छिद्र के बिना किसी बंधन के। प्रेम हो और उसको बांधकर रखना पड़े? यह तो प्रेम का अपमान हुआ? अरे हमारा बड़ा प्रेम है, हम तुमको बांध कर रखेंगे तो क्या यह प्रेम होगा। कौस्तुभ मणि की परछाई भगवान की छाती पर जाती है। उस भौंरी पर जो छाया पड़ती है उसको श्रीवत्स कहते हैं। वह लक्ष्मी जी को बहुत प्यारा है, क्योंकि वह सुनहरा है ना।

पीतांबर धारण किए है वह बालक। वेद रूप पीतांबर ढक देता है भगवान को। भगवान राधा रानी के अंग के रंग को धारण करके आए हैं। भगवान का सौंदर्य रसवर्षी है, जिसे देखकर भक्तों का मन तृप्त हो जाता हैं।



# बजरंगबली क्यों कहलाए हनुमान?

पौराणिक कथाओं के अनुसार, जब भगवान हनुमान छोटे थे, तब उन्हें एक दिन भूख लगी। उस दौरान उनके समक्ष कोई नहीं था। तभी उन्होंने आकाश की ओर देखा और उन्हें सूर्य देव नजर आएं। सूर्य देव को सुंदर फल समझकर हनुमान जी आकाश की ओर उड़कर पहुंच गए और उन्होंने उन्हें फल समझकर अपने मुख के अंदर कर लिया, जिससे पूरे जगत में अंधेरा छा गया। देवी -देवताओं के लाख समझाने पर भी उन्होंने सूर्य देव को मुख से नहीं निकाला। अंत में इंद्र देव उनके पास पहुंचे और उन्होंने गुस्से में आकर उनपर वज्र से प्रहार कर दिया। इससे उनकी ठुड्डी यानी कि हनु पर चोट लग गई और उनका मुंह खुल गया, जिससे भगवान सूर्य बाहर आ गए, लेकिन इस वजह से उनकी ठुड्डी टूट गई और तब से उन्हें हनुमान कहा जाने लगा। हालांकि बाद में वायु देव के कुपित होने पर देवताओं ने उनसे माफी मांगी और उन्हें कई सारे दिव्य वरदान और आशीर्वाद प्रदान किए।

ऐसे करें संकटमोचन की पूजा

बजरंगबली की पूजा करने के लिए शाम का समय ज्यादा अच्छा माना जाता है। ऐसे में पवित्र स्नान के बाद उनके किसी मंदिर जाकर उन्हें लाल सिंदूर चढ़ाएं। इसके बाद उन्हें लाल रंग का चोला और लाल लंगोट अर्पित करें। वीर हनुमान को तुलसी की माला अति प्रिय है, इसलिए तुलसी पत्र की माला अवश्य चढ़ाएं। लड्डू का भोग लगाएं। फिर चमेली के तेल का दीपक जलाएं और हनुमान चालीसा का पाठ करें। अंत में आरती से पूजा को समाप्त करें। साथ ही पवनपुत्र का आशीर्वाद लें। सनातन धर्म में सप्ताह के सभी दिन किसी न किसी देवी-देवता को समर्पित है। इसी कड़ी में मंगलवार के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी की विशेष पूजा-अर्चना करने का विधान है। साथ ही इस दिन संकटों को दूर करने के लिए व्रत भी किया जाता है। व्रत के दौरान खानपान के नियम का पालन जरूर करना चाहिए। मंगलवार का दिन भक्त हनुमान जी को अति प्रिय है। धार्मिक मान्यता है कि मंगलवार के दिन बजरंगबली की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना करने से सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। साथ ही जीवन में आने वाले संकटों से छुटकारा मिलता है। सच्चे मन से मंगलवार का व्रत करने से जातक पर हनुमान जी की कृपा सदैव बनी रहती है और सम्मान, बल, और साहस में वृद्धि होती है। अगर आप भी मंगलवार व्रत को कर रहे हैं, तो खानपान के नियम का पालन जरूर करें।



# महादेव के मंत्र जप से मिलती है ऊर्जा

***जीवन की बहुत गहन समझ से ही हम उस ध्वनि पर पहुंचे हैं, जिसे हम शिव कहते हैं। हम जानते हैं कि 'शि-व' ध्वनियां आपके लिए चमत्कारी चीजें घटित कर सकती हैं। अगर आप पर्याप्त ग्रहणशील हैं, तो यह ध्वनि विस्फोटक हो सकता है। सिर्फ एक उच्चारण आपके अंदर बहुत शक्तिशाली रूप में विस्फोट कर सकता है।***

इसमें इतनी शक्ति है। यह ऐसा विज्ञान है, जिसे अपने भीतर बहुत गहन अनुभव से समझा गया है। हमने बहुत गहराई से इसे देखा है। 'शिव' में 'शि' का मूल अर्थ है 'शक्ति या ऊर्जा'। भारतीय जीवनशैली में हमने हमेशा स्त्रीत्व को शक्ति का प्रतीक माना है। अंग्रेजी भाषा में भी स्त्रीत्व के लिए यही शब्द 'शी' मिलता है। शि का मूल अर्थ शक्ति या ऊर्जा है। लेकिन अगर आप बहुत ज्यादा शि करेंगे, तो यह आपको असंतुलित कर देगा। इसलिए उसे मंद करने और संतुलन बनाए रखने के लिए इस मंत्र में 'व' जोड़ा गया है। व, वाम से आया है, जिसका मतलब है, प्रवीणता या अधिकार।

**शिव मंत्र से मिलती है विशेष दिशा**

'शि-व' मंत्र के रूप में, एक ऊर्जा देता है और दूसरा उसे संतुलित करता है या उस पर नियंत्रण करता है। दिशाहीन ऊर्जा किसी काम की नहीं होती, वह विनाशकारी हो सकती है।

इसलिए जब हम 'शिव' कहते हैं, तो हम उस ऊर्जा को एक विशेष रूप में, एक विशेष दिशा में प्रेरित करने की बात करते हैं। जब आप 'शिव' कहते हैं, तो इसका किसी पंथ से लेना-देना नहीं है। आज दुनिया पंथ के आधार पर बंटी हुई है। इसकी वजह से, जब आप कुछ बोलते हैं, तो ऐसा लगता है कि आप किसी 'संप्रदाय' से जुड़े हैं। शिव पंथ का नहीं, आंतरिक विकास का विज्ञान है। आपको शिव की पूजा करने की जरूरत नहीं है। मैं नहीं करता। जब मैं 'शिव' कहता हूं, तो वह मेरे लिए सब कुछ है। आपको उस ध्वनि की शक्ति पता होनी चाहिए। अपने तार्किक मन में न उलझें। यह आपको आपकी मौजूदा स्थिति से परे ले जाने का तरीका है। यह उन सीमाओं से परे जाने का तरीका है, जिनमें व्यक्ति बंधा हुआ है।

**1. पॉवर ऑफ यूनिटी**

भगवान शिव ने जिस तरह से अपनी शिखा पर गंगा को धारण किया है, उससे एकजुट होने की सीख मिलती है। बिखरे हुए केशों को एकत्र करके शिव ने गंगा के विकराल रूप को शांत स्वरूप में परिवर्तित कर दिया।

**2. ब्रॉड विजन**

शिव त्रिनेत्र हैं। मष्तक पर स्थित उनका तीसरा नेत्र बताता है कि दूरगामी परिस्थियों को नियंत्रित करने के लिए सिर्फ बाहरी नेत्रों का प्रयोग न करें, बल्कि सोच-समझकर निर्णय लें। सदैव दूरगामी परिणामों पर अपनी नजर रखें।

**3. पेशंस**

शिव, शशि शेखर हैं, जिन्होंने अपने मस्तक पर चंद्रमा को धारण कर रखा है। चंद्रमा शीतलता और शांति का प्रतीक माना जाता है। ऐसे में शिव भगवान से सीख मिलती है कि कैसी भी परिस्थिति हो अपना धीरज बिलकुल ना खोएं और मन पर नियंत्रण बनाए रखें।

**4. एक्सप्रेशन**

शिव का एक रूप नीलकंठ भी है, जो कि क्रोध को सहने की सीख देता है। क्रोध सदैव बुद्धि को भ्रमित कर स्वयं और अन्य को परेशानी में डालने वाला माना गया है। ऐसे में क्रोध को पीकर अपने धैर्य से खत्म करें।



# बुधवार के दिन ये पांच चीजें चढ़ाने से मिलता है गणेश जी का आशीर्वाद

हिंदू धर्म में भगवान गणेश को विघ्नहर्ता, सिद्धि-बुद्धि के दाता और मंगलकर्ता माना गया है। शास्त्रों में बताया गया है कि गणेश पूजा में कुछ विशेष वस्तुओं का अत्यंत महत्व होता है। इन्हें अर्पित करने से भगवान गणेश शीघ्र प्रसन्न होते हैं और भक्त के जीवन से विघ्न-बाधाएँ दूर होती हैं। यहाँ पाँच ऐसी वस्तुओं का उल्लेख किया जा रहा है जिन्हें धार्मिक और पौराणिक मान्यताओं के अनुसार गणेश जी को चढ़ाना अत्यंत शुभ माना गया है।

**1. दूर्वा घास - गणेश जी की सबसे प्रिय भेंट**

दूर्वा को गणेश जी का हृदय-प्रिय माना गया है। गणेश पुराण में वर्णित कथा के अनुसार अनलासुर दैत्य को निगलने के बाद गणेश जी का शरीर अत्यधिक गर्म हो गया था। तब देवी-देवताओं ने उन्हें दूर्वा अर्पित की, जिससे उनके शरीर की तपन शांत हुई। तभी से दूर्वा को उन्हें चढ़ाने का विशेष महत्व माना गया। पूजा में 21 दूर्वाओं का एक गुच्छा चढ़ाने से मन की शांति, ग्रहदोषों का नाश, विद्या में वृद्धि और पारिवारिक सुख-समृद्धि प्राप्त होती है।



**2. मोदक - आनंद, बुद्धि और सम्पन्नता का प्रतीक**

भगवान गणेश को मोदक अत्यंत प्रिय है, इसलिए उन्हें मोदकप्रिय भी कहा गया है। पौराणिक कथाओं में वर्णित है कि देवताओं ने अनेक दिव्य व्यंजन अर्पित किए, पर मोदक उन्हें सबसे अधिक पसंद आया। मोदक ज्ञान, आनंद और सिद्धि का प्रतीक है। भक्त 21 मोदक चढ़ाकर गणेश जी की विशेष कृपा प्राप्त करते हैं। मोदक अर्पण से घर में लक्ष्मी का आगमन, कार्यों में सफलता और परिवार में सौहार्द बढ़ता है।

**3. सिंदूर - सौभाग्य और शक्ति का पवित्र स्वरूप**

गणेश जी पर सिंदूर चढ़ाने की परंपरा प्राचीनकाल से चली आ रही है। माना जाता है कि सिंदूर चढ़ाने से नकारात्मक शक्तियाँ दूर होती हैं, साहस बढ़ता है और जीवन की बाधाएँ शांत होती हैं। मंगलवार या चतुर्थी के दिन सिंदूर अर्पण अत्यंत फलदायी माना जाता है।

**4. लाल फूल - सकारात्मक ऊर्जा और मंगल का प्रतीक**

गणेश जी की पूजा में लाल रंग के फूल विशेष रूप से शुभ माने जाते हैं, खासकर लाल गुड़हल। लाल रंग उत्साह, साहस और ऊर्जा का प्रतीक है। पौराणिक विश्वास है कि लाल फूल चढ़ाने से मनोबल बढ़ता है, बाधाएँ दूर होती हैं और सभी कार्यों में सिद्धि प्राप्त होती है। ÷? गं गणपतये नमः÷ मंत्र जपते हुए लाल फूल अर्पित करने से मनोकामनाएँ शीघ्र पूरी होती हैं।

**5. शमी पत्र - पौराणिक मान्यता में अत्यंत शुभ**

शमी पत्र को भगवान गणेश के साथ-साथ भगवान शिव और देवी दुर्गा का भी प्रिय माना गया है। शमी का वृक्ष पवित्र, सात्विक और रक्षा देने वाला माना गया है। गणेश जी को शमी पत्र अर्पित करने से शत्रु बाधाएँ शांत होती हैं, व्यापार में उन्नति मिलती है और कठिन समस्याओं का समाधान मिलता है। धर्मग्रंथों में शमी पत्र को 'विजय का प्रतीक' बताया गया है। विशेष रूप से गणेश चतुर्थी, संकष्टी चतुर्थी या बुधवार के दिन शमी पत्र अर्पित करने से अत्यंत शुभ फल मिलता है।

# प्रमोशन और कार्यस्थल की सफलता पाने के लिए इन मंत्रों का करें जाप

हर व्यक्ति अपने करियर में सफलता पाने की ख्वाहिश रखता है। कभी-कभी मेहनत के बावजूद भी सफलता नहीं मिलती और काम में बाधाएं आती हैं। शास्त्रों में ऐसे कई मंत्रों का उल्लेख है, जिनका नियमित जाप करने से भगवान प्रसन्न होते हैं और नौकरी में सफलता और प्रमोशन के मार्ग खुलते हैं।

**सफलता के लिए मुख्य मंत्र और उनका महत्व**

**ॐ गणपतये नमः**

इस मंत्र का जाप करने से भाग्य के बंद दरवाजे खुलते हैं। यह मंत्र भगवान गणेश को समर्पित है, जो बाधाओं को दूर करने, शिक्षा और सुख-समृद्धि प्रदान करने वाले देवता माने जाते हैं। इसे नियमित रूप से जप करने से नौकरी और करियर में सकारात्मक बदलाव आते हैं।

**ॐ ह्रीं नमः**

इस मंत्र से ऊर्जा और आत्मविश्वास बढ़ता है। यह तनाव कम करने, मन को शांत रखने और सकारात्मकता बनाए रखने में मदद करता है। नौकरी में सफलता पाने के लिए यह मंत्र बहुत लाभकारी है।

**ॐ श्रीं क्लीं क्लीं क्लीं गं गणपतये वाघश्य वामनाय क्लीं क्लीं क्लीं स्वाहा**- यह मंत्र गणपति बप्पा को समर्पित है और करियर में सफलता और प्रमोशन में आने वाली बाधाओं को दूर करने में मदद करता है। नियमित जाप करने से कार्यस्थल पर प्रतिष्ठा बढ़ती है और काम की गति में सुधार होता है।

**ॐ ऐं ह्रीं क्लीं शिवाय नमः**

यह मंत्र हर क्षेत्र में सफलता दिलाने वाला माना जाता है। इंटरव्यू या महत्वपूर्ण कामों से पहले इस मंत्र का जाप करने से आत्मविश्वास बढ़ता है और कार्यों में तेजी आती है।

# गीता के इन उपदेशों से खुलते हैं सफलता के मार्ग


हिंदू धर्म में गीता को अधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। इसके जरिए व्यक्ति जीवन जीने की कला और समस्याओं का निवारण करना सीखता है। इस भागदौड़ भरे दौर में हम सभी किसी न किसी रूप में तनाव, बेचैनी और गुस्से का सामना करते हैं। माना जाता है कि भगवान कृष्ण ने गीता का पाठ अर्जुन को तब पढ़ाया था, जब उनके कदम युद्ध के लिए डगमगाने लगे थे। फिर श्रीकृष्ण की बातों को सुनकर अर्जुन अपने लक्ष्य को पूरा करने की ओर अग्रसर हुए। तभी से ऐसा माना गया है कि जीवन की विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य को हमेशा गीता के उपदेशों का स्मरण करना चाहिए। गीता में भगवान कृष्ण ने मनुष्य को सफलता के सूत्र बताए हैं।

**गीता के सफलता मंत्र**

**हतो वा प्राप्यसि स्वर्गम् जित्वा वा भोक्ष्यसे महिम्।**
**तस्मात् उत्तिष्ठ कौन्तेय युद्धाय कृतनिश्चय।**

इसका श्लोक का अर्थ है कि, यदि तुम युद्ध में मारे जाओगे, तो तुम्हें स्वर्ग मिलेगा। यदि तुम जीत जाओगे, तो तुम पृथ्वी का राज्य और उसके सुख का भोग करोगे। इसलिए, हे कौन्तेय (अर्जुन), उठो और दृढ़ निश्चय के साथ युद्ध के लिए तैयार हो जाओ।

# वास्तु के अनुसार निद्रा की सही दिशा क्या होनी चाहिए



- राजीव आचार्य
ज्योतिषाचार्य एवं वास्तुशास्त्री

घर में शयन कक्ष और शयन की दिशा यदि वास्तुशास्त्र के अनुसार नही है तो उस घर में पॉजिटिव एनर्जी में तेजी से कमी आएगी और नकारात्मक प्रभाव बढ़ेगा। जिसका प्रभाव उस घर में निवास करने वाले व्यक्तियों के स्वास्थ्य, सुख समृद्धि, आपसी तालमेल और मन पर पड़ता है। शयन कक्ष एक ऐसा स्थान है जो वहां रहने वाले व्यक्तियों को न सिर्फ नींद बल्कि स्वप्नों, आचार व्यवहार, स्वास्थ्य, सुख समृद्धि, पति पत्नी के आपसी प्रेम को भी प्रभावित करता है। निद्रा की दिशा वास्तु के अनुसार होनी चाहिए जिससे घर में निवास करने वाले व्यक्तियों के भीतर पॉजिटिव एनर्जी का विकास हो। घर में सुख समृद्धि, शांति, प्रेम, आपसी सद्भाव, मेल मिलाप रहे। निद्रा की दिशा उतनी ही ज्यादा महत्वपूर्ण है जितनी कि शयन कक्ष की दिशा और स्थान। यदि शयन कक्ष सही दिशा में है परंतु निद्रा की दिशा वास्तु सम्मत नही है तो भी अनेकों प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। अनिद्रा, स्वास्थ्य लगातार खराब रहना, बनते हुए कार्य बिगड़ जाना, मानसिक अशांति आदि गलत दिशा में निद्रा के परिणाम हो सकते हैं। सोने की दिशा के लिए निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए-

1- वास्तु के अनुसार सोने की सबसे उत्तम दिशा दक्षिण से उत्तर की ओर है। अर्थात दक्षिण दिशा में सिर रखकर पैर उत्तर दिशा की ओर करके सोने से स्वास्थ्य अच्छा रहता है, अच्छी नींद और मन में शांति रहती है। उत्तर दिशा में धन के देवता कुबेर का स्थान माना जाता है। सुबह उठते समय व्यक्ति का मुख उत्तर दिशा में रहने से सुख समृद्धि, धन धान्य की प्राप्ति होती है। घर के स्वामी, नवदम्पत्ति के लिए, तथा संतान सुख के लिए यह दिशा वास्तु के अनुसार सर्वोत्तम मानी गई है।

2 - सोने की दूसरी उत्तम दिशा पूर्व से पश्चिम की ओर है। पूर्व दिशा में सूर्य का आधिपत्य है। यह दिशा भी वास्तु के अनुसार उचित है। इस दिशा में सोने से स्मरण शक्ति, चित्त में एकाग्रता, सात्विकता रहती है साथ ही स्वास्थ्य भी अनुकूल रहता है। विधार्थियो, प्रोफेसर, रिसर्चर, अविवाहित संतानों के लिए यह दिशा अतिउत्तम है।

3 - पश्चिम दिशा में सिर रखकर पूर्व दिशा में पैर रखकर सोना बहुत उचित नहीं है। इस दिशा में सोने से आर्थिक उन्नति रुकती है और मानसिक तनाव रहता है। इस दिशा में पति पत्नी के सोने से उनके आपसी रिश्तों में तनाव बढ़ सकता है। पश्चिम दिशा का स्वामी शनि को माना जाता है। इस दिशा में सोने से कार्यों में असफलता, पैरो में समस्या विशेषकर घुटनों की समस्या, मन में अशांति होने की संभावना रहती है। इस दिशा में सोने से बचना चाहिए।

4 - उत्तर दिशा में सिर रखकर पैर दक्षिण दिशा में रखना सोने की सबसे अनुचित दिशा मानी जाती है। इस दिशा में सोने से नेगेटिव एनर्जी का विस्तार होता है, स्वास्थ्य में कठिनाई, मानसिक तनाव, अवसाद जैसी बीमारियां हो सकती हैं। दक्षिण दिशा में मृत्यु के देवता यम का स्थान माना जाता है। हिंदू धर्म में मृतक को दक्षिण दिशा में पैर कर रखा जाता है। नवदम्पत्ति के इस दिशा में सोने से संतान सुख में कमी, गर्भपात, जैसी समस्याएं हो सकती है। यह दिशा वास्तु सम्मत नही मानी गई है।

5- वास्तु के अनुसार पौधे नेगेटिव एनर्जी को दूर करते है और पॉजिटिव एनर्जी को बढ़ाते हैं। शयन कक्ष में बांस का पौधा, मनी प्लांट, आरिका पाम, स्नेक प्लांट, लेवेंडर प्लांट जैसे पौधे को रखने से मन की शांति और सुख समृद्धि में वृद्धि होती है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ
## मंगलवार, 2 दिसंबर 2025

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी दक्षिण गोलगते हेमंत ऋतौ मार्गशीर्ष मासोत्तमे शुक्ल पक्षे 12 तिथौ मंगल वासरे 15/18/ अश्विनी नक्षत्रे 20/52/ वरियान योग 21/09/ बालव करणे 15/58/ मेष राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** यौम प्रदोष व्रत। अनंग त्रयोदशी व्रत। सूर्य ज्येष्ठा नक्षत्र में घं. 25 मि. 14 पर।

**मेष :** स्वास्थ्या संबंधी समस्या का निराकरण होगा।धन की बचत करें। हनुमान जी की पूजा करें। संयम से कार्य करें।

**वृष :** सम्मान का लाभ मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुख मय होगा। यात्रा से लाभ होगा। शासन सत्ता का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुन :** जीवन का सहयोग और सानिध्य मिलेगा। णन पद प्रतिष्ठा की दिशा में लाभ होगा। धन सम्मान के क्षेत्र में लाभ होगा।

**कर्क :** पारिवारिक जीवन सुख में होगा भागदौड़ रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। पारिवारिक दायित्व की पूर्ति रहेगी। यात्रा से बचें।

**सिंह :** दांपत्य जीवन सुख मय होगा। लाभ का मार्ग प्रशस्त रहेगा।

**कन्या :** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यात्रा की स्थिति सुखद एंव लाभकारी रहेगी।

**तुला :** खर्चे पर नियंत्रण रखें। आर्थिक मामलों में जोखिम से बचें। यात्रा का योग है। स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां आ सकती हैं।

**वृश्चिक :** पारिवारिक जीवन सुख में होगा। पद प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**धनु :** परिवार का सहयोग मिलेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। राजनीतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

**मकर :** यश कीर्ति में वृद्धि होगी। परिवार के लोगों का सहयोग एंव प्रेम मिलेगा। पारिवारिक कष्ट रहेगा। खर्च बढ़ेगा।

**कुंभ :** दांपत्य जीवन सुख मय होगा। खर्च पर नियंत्रण रखें। सम्मान का लाभ मिलेगा। धन और यश की प्राप्ति होगी। यात्रा का योग है।

**मीन :** जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य मिलेगा। धन पद प्रतिष्ठा की दिशा में लाभ होगा।



# शिक्षकों की फाइलों का तीन माह के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाये : डा. राजागणपति आर.

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का कक्ष, अवकाश तालिका कक्ष आदि को देखा। उन्होंने लिपिक राम सहारे को सूचना का अधिकार रजिस्टर



जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर. ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जन सूचना अधिकारी कक्ष, बी०एस०ए० कक्ष, एम०डी०एम० कक्ष, कार्यवाही पटल, आई०जी०आर०एस० पटल, प्रधान सहायक कक्ष, डाक डिस्पैच अद्यतन न होने पर प्रतिकूल प्रविष्टि दिये जाने एवं कक्ष में सी०सी०टी०वी० लगवाये जाने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिये। जिलाधिकारी ने अभी तक निलम्बित हुये शिक्षकों के रजिस्टर एवं सूची को देखते हुये निर्देश दिये कि सभी निलम्बित हुये शिक्षकों की फाईलों का तीन माह की भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाये, यदि ऐसा नही हुआ तो अनुशासनिक कार्यवाही की जायेगी। कार्यालय में साफ-सफाई न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह को निर्देश दिये कि जल्द से जल्द सम्पूर्ण कार्यालय की साफ-सफाई करायी जाये। जिलाधिकारी ने आई०जी०आर० एस० पटल को देखा, जहां लिपिक दिलीप त्रिवेदी अनुपस्थित पाये जाने पर एक दिन का वेतन एवं अनुशासनिक कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आई०जी०आर०एस० कक्ष में सी०सी०टी०वी कैमरे लगवाये जायें। प्रधान सहायक कक्ष पहुंचकर लम्बित जी०पी०एफ०, बी०ओ० की सेवापुस्तिका देखी एवं वेतन वृद्धि के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने मान्यता लेने वाले स्कूलों की ०३ माह २० दिन की लम्बित फाईलों को देखते हुये निर्देश दिये कि जो भी मान्यता के लिये आवेदन प्राप्त हुये हैं, उनका जल्द ही निस्तारण सुनिश्चित किया जाये तथा कोई भी फाईल अधिक समय तक लम्बित न रखी जाये। साथ ही उन्होंने मान्यता के लिये आवेदन की गयी फाईल के प्रबंधक से वार्ता की।

डी०सी० निर्माण पटल के निरीक्षण के दौरान लिपिक विकास अनुपस्थित मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देश दिये कि सभी ढंग से पटल पर उपस्थित रहकर कार्य करें। लेखाकार कक्ष पहुंचकर जिलाधिकारी ने विभिन्न दस्तावेजों का अवलोकन किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिये। निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# वृद्ध की मार्ग दुर्घटना में मौत

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। बिसवां मार्ग पर बाबाबाग के पास सड़क के किनारे खड़े वृद्ध को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीररूप से घायल वृद्ध को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। सदरपुर के हरसिंहपुर के बनवारी लाल (८२) पुत्र पुत्तीलाल बिसवां-महमूदाबाद मार्ग के किनारे बाबाबाग चौराहे पर खड़े थे। इस दौरान तेजगति से आ रही बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में बनवारी लाल गंभीररूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने आनन-फानन में बनवारीलाल को सीएचसी महमूदाबाद पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक के पांच बच्चे हैं और वह पेशे से किसान थे। दुर्घटना को अंजाम देने वाली बाइक पर चार लोग सवार थे। बाइक सवार मौके से भाग निकले किंतु बाइक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि दुर्घटना की जानकारी मिली है, बाइक को कब्जे में लेकर घटना की जांच की जा रही है।

# पुलिस ने दस वांछित/वारण्टियों को किया गिरफ्तार

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा गंभीर अपराधो में संलिप्त अपराधियों की



शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी के लिये टीम गठित कर निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देश के क्रम में संबंधित क्षेत्राधिकारीगण के निकट पर्यवेक्षण थाना रामकोट, लहरपुर ,सकरन, सदरपुर, तालगांव,तम्बौर की पुलिस टीमों द्वारा न्यायालय में प्रचलित वाद/थाने पर पंजीकृत अभियोग से संबंधित कुल दस वांछित/वारण्टियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार थाना रामकोट पुलिस टीम द्वारा मु०अ०सं० ३५९/२५ धारा ६४(२) में वांछित अभि. मूलचन्द्र पुत्र रामऔतार निवासी मुस्तफाबाद थाना रामकोट को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया। थाना लहरपुर पुलिस टीम द्वारा वाद संख्या १३६६/०८ में वारण्टीगण चन्द्रिका प्रसाद पुत्र रामदास ,शत्रोहन पुत्र रामदास ,अतुल पुत्र महावीर ,परागी पुत्र नन्हू निवासीगण बेलसुता थाना लहरपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। थाना सकरन पुलिस टीम द्वारा वाद संख्या १३२/११में वारण्टी रामकिशोर पुत्र भरोसे को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। थाना सदरपुर पुलिस टीम द्वारा वाद संख्या ८७/१२ में वारंटी बछन्ने पुत्र छेदू निवासी मझगवां थाना सदरपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। थाना तम्बौर पुलिस टीम द्वारा वाद संख्या २४३२/२२ में वारंटीगण इलियास पुत्र हसन अली ,हसन अली पुत्र जैन निवासीगण सहिजर खुर्द थाना तम्बौर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## ईगल सीसीटीवी कंट्रोल रुम का उद्घाटन

# सुरक्षा में एक और कदम का शुभारंभ-अंकुल अग्रवाल

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा पुलिस अधीक्षक



कार्यालय जनपद में स्थापित नवनिर्मित अत्याधुनिक का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि यह नवीन कंट्रोल रूम अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित है, जिसका उद्देश्य जनपद में अपराध की रोकथाम, यातायात प्रबंधन तथा त्वरित पुलिस कार्रवाई को और अधिक प्रभावी बनाना है। कुल कैमरों की संख्या-१५५ है, जिसके माध्यम से शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों/बाजार क्षेत्रों/संवेदनशील स्थानों एवं भीड़-भाड़ वाले इलाकों की २४/७ हाई-रिज़ाल्यूशन कैमरों से निगरानी की जाएगी। कंट्रोल रूम में स्थापित उन्नत मानिटरिंग सिस्टम से पुलिस टीम वास्तविक समय में गतिविधियों पर नज़र रख सकेगी तथा किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित कर पाएगी। यह प्रणाली कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। चोरी/छेड़छाड़/ दुर्घटना/ट्रैफिक जाम व अन्य आपराधिक घटनाओं की रोकथाम में यह कंट्रोल रूम अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। इसके माध्यम से शहर में सुरक्षा की भावना और अधिक मजबूत होगा तथा अपराध नियंत्रण को नई गति मिलेगी। श्री अग्रवाल द्वारा ईगल सीसीटीवी कंट्रोल रुम स्थापित करने हेतु सहयोग प्रदान करने में गणमान्य व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर सुश्री नेहा त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक यातायात फरीद अहमद, व प्रतिसार निरीक्षक शिवबालक तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परसेण्डी का किया औचक निरीक्षण, देखी व्यवस्थायें

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर । सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परसेण्डी का जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर. ने बीती देर रात औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने इमरजेंसी वार्ड, लेबर रूम, एन०बी०एस०यू० रूम, मातृ सुरक्षा केन्द्र आदि को देखा। एम०ओ०आई०सी० के अनुपस्थित होने पर एक दिन को वेतन रोकने, चिकित्सक सुनील का मातृ सुरक्षा केन्द्र संचालित न होने पर एक दिन का वेतन रोकने एवं नोटिस जारी एवं बी०पी०एम० द्वारा रजिस्टर अद्यतन न करने पर १५ दिन का वेतन रोके जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लगे सी०सी०टी०वी० को देखा। जिलाधिकारी ने नर्स ड्यूटी कक्ष को देखते हुये रजिस्टर का अवलोकन किया एवं संबंधित को निर्देश दिये कि ड्यूटी का चार्ट चस्पा किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि सभी को सरकारी अस्पतालों में बेहतर चिकित्सा सेवाएं व समुचित उपचार मिल सके इसके लिये हम सभी को एकजुट होकर अपने अपने




कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# दिव्यांग ने उपजिलाधिकारी को सौंपा मांग पत्र

( स्वतंत्र भारत )
मिश्रित सीतापुर। स्थानीय तहसील में जनमिलन के दौरान विकास क्षेत्र गोदलामाऊ की ग्राम पंचायत सरोसा के मजरा उमरापुर निवासी दीपक कुमार पुत्र जयकरन सिंह दिव्यांग ने अपनी ट्राई साइकिल से आकर उपजिलाधिकारी को गांव के विकास कार्यों को लेकर एक प्रार्थना पत्र सौंप कर मार्गों को दुरुस्त कराए जाने की मांग की है । गौर तलब तो यहां है कि जनमिलन के दौरान फरियादी बनकर आए दिव्यांग की सूचना पाकर उपजिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्र अपने चौंबर से बाहर निकल कर दिव्यांग का प्रार्थना पत्र लिया । और शीघ्र कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है । दिव्यांग दीपक कुमार ने बताया है । कि उसके गांव में पांच दिव्यांग रहते हैं । गांव के ही निवासी मेंवालाल और उनकी पत्नी का निधन हो चुका है । उनके तीन बच्चे रामशरन , चंद्र प्रकाश और बिट्टो देवी दिव्यांग हैं । जिनको खान-पान आदि की काफी परेशानियां हो रही हैं । लेकिन ग्रामीणों के सहयोग से इनका कार्य चल रहा है । दिव्यांग शिकायतकर्ता ने बताया है । कि उसके गांव से उमरापुर तक मार्गों की हालत काफी खराब है । जिससे दिव्यांगों को अपनी ट्राई साइकिल से आवागमन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । गांव में विकास कार्यों के नाम पर संबंधित ग्राम प्रधान और ब्लाक गोंदलामाऊ के जिम्मेदारों ने सिर्फ कागजी खाना पूर्ति ही की हैं ।



फरियादी दिव्यांग ने उपजिलाधिकारी से आवागमन के लिए गांव के मार्गों का शीघ्र दुरुस्तीकरण कराए जाने की मांग की हैं ।

## गैर विभागीय कार्यो से तंग आकर सचिवों ने काली पट्टी बांधकर धरना प्रदर्शन कर, दी चेतावनी

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। विकासखंड मिश्रित में तैनात ग्राम पंचायत सचिव ने आनलाइन उपस्थिति लिए जाने और गैर विभागीय कार्यों के विरोध में आज १ दिसंबर से ४ दिसंबर तक के लिए हाथ पर काली पट्टी बांधकर अपना विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है । ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा उपरोक्त कार्यों को लेकर प्रारंभ किए गए विरोध प्रदर्शन की जानकारी देते हुए ग्राम पंचायत सचिव संघ मिश्रित ब्लाक अध्यक्ष हरीश कुमार ने बताया है । कि आगामी ५ दिसंबर को धरना कार्यक्रम का आयोजन करके संबंधित उच्चाधिकारियों को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा । साथ ही सभी सचिव जनपद के सरकारी वाट्सएप ग्रुपों को छोड़ देंगे । हाथ पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करते हुए मिश्रित ब्लाक के सचिव विभागीय कार्यों को तो अन्जान दे रहे हैं । जिससे ग्रामीण क्षेत्रो के सभी विकास कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो जाएंगे ।

# विश्व एड्स दिवस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने हरी झण्डी दिखाकर जागरूकता रैली का किया शुभारम्भ

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जनपद में डा० सुरेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, की अध्यक्षता एवं डा. मनोज कुमार देशमणि जिला क्षय रोग अधिकारी के दिशा निर्देशन, प्रभारी एन०एस० एस व प्रभारी एन०सी० सी० आर० एम० पी० डिग्री कालेज के मार्गदर्शन एवं दिशा क्लस्टर सीतापुर, एन०टी०ई०पी० के सहयोग से आर० एम०पी० डिग्री कालेज सीतापुर मे विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एच०आई० वी० /एड्स जैसे महत्वपूर्ण विषय पर जन जागरूकता हेतु एक वृहद विश्व एड्स दिवस परेड का आयोजन किया गया है, जिसकी विषय वस्तु बाधाएं दरकिनार, एच० आई० वी पर सशक्त प्रहार रखा गया है। सर्वप्रथम मुख्य चिकित्साधिकारी का आर०एम० पी० डिग्री कालेज के प्रभारी द्वारा स्वागत किया गया। उक्त परेड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० सुरेश कुमार द्वारा हरी झण्डी दिखाकर प्रारम्भ की गयी। परेड मे कुल १४०, एन०एस०एस व एन०सी०सी के विद्यार्थी द्वारा प्रारम्भ की गयी, जिसका आयोजन एसो०प्रो० विजय प्रकाश, प्रभारी एन०एस०एस आर० एम०पी० डिग्री कालेज, प्रो० पवन कुमार यादव, प्रभारी एन०सी०सी० के मार्गदर्शन मे हुआ। उक्त कार्यक्रम में जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा एड्स के बारे मे जागरूक किया गया एवं एड्स के चार कारण के बारे मे सभी विद्यार्थियों को जागरूक किया गया, जिसमें दिशा क्लस्टर से पुष्कर सिंह सी०पी०एम०, अम्बरीश दुबे सी०एस०ओ, सौरभ श्रीवास्तव डी०एम०डी०ओ एवं टी०बी० एच०आई०वी कोआर्डिनेटर श्री रमेश चन्द्र मौर्या द्वारा समस्त कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यक्रम में दीपू चम्याल सी०पी०ओ, टी०बी क्लिनिक एन०टी०ई०पी से आशीष दिक्षित, पी०पी०एम समन्वयक, जिला चिकित्सालय से उदय प्रताप आई०सी०टी०सी परामर्शदाता, पी०पी०टी०सी०टी० परामर्शदाता श्रीमती बिन्नी मिश्रा, राजीव लैब टेक्निीशियन शोभित शुक्ला एस०टी०आई परामर्शदाता, श्रीमती वन्दना आई० सी० टी० सी परामर्शदाता, पवन पाल लैब टेक्निीशियन श्रीमती राखी व राकेश मौर्या लैब टेक्निीशियन, सी०एल०एच० सी० एस०सी० २.०, लक्षित हस्तक्षेप नारी जागरण सेवा समीति से सचिन त्रिपाठी, गौरव व समस्त टीम एवं आदि उपस्थित रहें।



# यात्रियों की सुरक्षा और परिवहन व्यवस्था में अनुशासन सुनिश्चित किया जाये : सर्वेश चतुर्वेदी

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। परिवहन विभाग द्वारा स्लीपर बसों के विरुद्ध चलाए जा रहे



विशेष जांच अभियान के तहत सोमवार को महोली क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान पानीपत और दिल्ली की ओर जा रही दो स्लीपर बसों को परमिट शर्तों का उल्लंघन करने पर मौके पर ही सीज कर दिया गया। एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि हाल के दिनों में लगातार स्लीपर बसों द्वारा तय नियमों की अनदेखी की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए इस अभियान की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि अब तक अभियान के दौरान करीब ११ बसों का चालान करते हुए आधा दर्जन स्लीपर बसों को नियम विरुद्ध संचालन पाए जाने पर सीज किया जा चुका है। परिवहन निगम द्वारा लगातार डग्गामार बसों के संचालन और मनमाने तरीके से सवारियों को बैठाने की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। इसी के आधार पर विभाग ने जांच की कार्यवाही तेज की पकड़ी गई बसों में फुटकर सवारियों को बिना किसी निर्धारित टिकट और नियमों के विरुद्ध परिवहन किया जा रहा था, जो सुरक्षित यात्रा मानकों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि ऐसे आपरेटरों के खिलाफआगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, जिससे यात्रियों की सुरक्षा और परिवहन व्यवस्था में अनुशासन सुनिश्चित किया जा सके। कार्रवाई के बाद परिवहन निगम की आय में भी वृद्धि होगी।



# महापौर, मण्डलायुक्त एवं मुख्य विकास अधिकारी ने खादी एवं स्वावलम्बन उत्सव-2025 का किया शुभारंभ

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा जनपद बरेली बिशप मण्डल इण्टर कॉलेज ग्राउण्ड में आयोजित दिनांक 01 दिसम्बर से 10 दिसम्बर 2025 तक मण्डल स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी खादी एवं स्वावलम्बन उत्सव-2025 का उद्घाटन एवं शुभारंभ आज महापौर डॉ0 उमेश गौतम, मण्डलायुक्त भूपेन्द्र एस0 चौधरी एवं मुख्य विकास अधिकारी देवयानी द्वारा फीता काटकर किया गया। अतिथियों ने मंच पर द्वीप प्रज्ज्वलित कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। प्रदर्शनी में द्रौपदी कन्या इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना तथा साहू गोपीनाथ कन्या इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा स्वागत नृत्य की प्रस्तुति कर उपस्थित जनसमूह एवं अतिथियों का मन मोह लिया गया, जिसका लोगों द्वारा



करतल ध्वनि से प्रोत्साहन किया गया। अतिथियों द्वारा छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। मण्डल स्तरीय प्रदर्शनी में खुर्जा की प्रसिद्ध क्रॉकरी, मुरादाबाद का विश्व-प्रसिद्ध ब्रास वर्क, कानपुर का लेदर उद्योग, वाराणसी की रेशमी साड़ियां, कश्मीर की गर्म शॉलें, बरेली की जरी, फर्नीचर व हैंडीक्राफ्ट, रामपुर का प्राकृतिक शहद, भदोही के कालीन, राजस्थान के बीकानेर की भुजिया, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड की इकाइयों के उत्कृष्ट उत्पाद प्रदर्शित है। इसके अतिरिक्त सूती-रेशमी कपड़े, हस्तनिर्मित खिलौने, मिट्टी कला, रेडीमेड गारमेंट्स और मूर्तियां इत्यादि उत्पाद जो इकाईयों द्वारा निर्मित किये



हैं। उन स्टालों का भ्रमण कर अवलोकन किया एवं आमजनमानस से खादी ग्रामोद्योग उत्पादों को अधिक से अधिक खरीदने की अपील भी की, ताकि इकाईयों एवं उनमें कार्यरत कारीगरों को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सकें। प्रदर्शनी में जनपद व मण्डल, प्रदेश के अतिरिक्त अन्य प्रदेशों यथा-महाराष्ट्र, राजस्थान के स्टॉल लगाये गये हैं। इस अवसर पर मा0 महापौर डॉ0 उमेश गौतम ने अन्य प्रदेशों द्वारा लगायी गयी स्टॉलों की प्रशंसा की तथा आम जनमानस को अधिक से अधिक खरीददारी करने हेतु अपील की। उन्होंने विभाग द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु भी अपील करी। मण्डलायुक्त भूपेन्द्र एस0 चौधरी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का भ्रमण किया और प्रशंसा भी की। उन्होंने आम जनमानस से खादी ग्रामोद्योग उत्पादों को अधिक से अधिक खरीदने की अपील करी ताकि इकाईयों एवं उनमें कार्यरत कारीगरों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सकें। मुख्य विकास अधिकारी देवयानी ने कहा कि विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का भ्रमण कर अवलोकन किया। परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता द्वारा मा0 महापौर, मण्डलायुक्त एवं मुख्य विकास अधिकारी को अंगवस्त्र तथा चरखे की प्रतिकृति भेंट की गयी।

# दो बारातघरों पर बुलडोजर की कार्रवाई टली, चेतावनी देकर लौटी बीडीए टीम

-स्वतंत्र भारत-

बरेली। शहर में सोमवार को बड़े बुलडोजर एक्शन की पूरी संभावना बनी हुई थी, लेकिन बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की टीम दो घंटे की कार्रवाई तैयारी के बाद चेतावनी देकर लौट गई। थाना बारादरी क्षेत्र के सूफी टोला स्थित दो बारातघरों को अवैध निर्माण घोषित करते हुए बीडीए ने सुबह से ही भारी पुलिस बल तैनात कर दिया था, जिससे इलाके में हलचल बढ़ गई।

जांच में सामने आया कि एवान-ए-फरहत बारातघर, जो सपा नेता और मौलाना तौकीर रजा के करीबी बताए जा रहे सरफराज वली खान से जुड़ा माना जाता है, बिना स्वीकृत मानचित्र के बनाया गया था। इसी तरह गुड मैरिज हॉल, जो तौकीर के एक अन्य करीबी राशिद खान का बताया जाता है, भी निर्माण मानकों के विपरीत पाया गया। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, दोनों बारातघरों में मानचित्र स्वीकृति और निर्माण



मानकों को लेकर गंभीर अनियमितताएँ मिली हैं। किसी भी तरह की विरोध स्थिति को रोकने के लिए बीडीए और पुलिस ने पूरे क्षेत्र को घेर लिया था। स्थानीय निवासियों का कहना है कि ये बारातघर वर्षों से बिना अनुमति के संचालित हो रहे थे। वहीं प्रशासन ने साफ कहा कि अवैध निर्माण पर किसी भी प्रकार की रियायत नहीं दी जाएगी। करीब दो घंटे की मौजूदगी और जांच के बाद बीडीए टीम ने संचालकों को अंतिम चेतावनी देते हुए फिलहाल बुलडोजर कार्रवाई टाल दी और मौके से वापस लौट गई। अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि मानकों का पालन न होने पर कार्रवाई कभी भी शुरू की जा सकती है।

# शहर को जोड़ने वाली मुख्य सड़कों-डिवाइडरों की सफाई हेतु चलाया जाए १५ दिवसीय अभियान- डीएम

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कहा सड़क कार्य से जुड़ी हुई समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया है कि जनता के मध्य शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की छवि अन्य कारकों के साथ-साथ स्वच्छता के स्तर से भी निर्धारित होती है। प्रायः यह देखने में आया है कि शहर को जोड़ने वाली मुख्य सड़कों के डिवाइडर के किनारे काफी मिट्टी जमा हो जाती है, जिसमें घास और पेड़ उग जाते हैं। उक्त के सम्बन्ध में प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिये गए हैं कि ऐसी सभी एंट्री रोड को स्वच्छ बनाने के लिए नगरीय निकाय, पंचायती राज, लोक निर्माण विभाग एवं राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण की संयुक्त टीम द्वारा सड़कों को पूर्ण रूप से स्वच्छ रखा जाए। जहाँ भी जल भराव की समस्या है, वहाँ जल की निकासी



की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। फुटपाथ की निरन्तरता सुनिश्चित की जाए। अवैध होर्डिंग आदि तत्काल हटाए जाएं। विद्युत लाईनों की लटकती हुई केबल-तार को हटाया-व्यवस्थित किया जाए। स्ट्रीट लाईट्स आदि को सही कराकर सुचारू किया जाए। अतः उक्त कार्य हेतु नगर आयुक्त नगर निगम, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण-शहरी), अधीक्षण अभियन्ता लो0नि0वि0 वृत्त, सचिव बरेली विकास प्राधिकरण, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रभारी अधिकारी (नगरीय निकाय) अधिशासी अभियन्ता प्रा0ख0 नि0ख0-1 नि0ख0-2 रा0मा0ख0 लो0नि0वि0, परियोजना निदेशक एन.एच.ए.आई. बरेली बदायूँ, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि समन्वय कर 15 दिन का विशेष अभियान चलाते हुए मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार कार्यवाही अनुपालन सुनिश्चित कराएं।

## उपमुख्यमंत्री से उत्तरायणी मेला प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात, दिया निमंत्रण

**बरेली।** उत्तरायणी जन कल्याण समिति पंजीकृत बरेली के अध्यक्ष अमित पंत व महामंत्री मनोज पांडेय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से उनके निज निवास पर मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने आगामी उत्तरायणी मेला, जो 13, 14 और 15 जनवरी 2026 को प्रस्तावित है, के सफल आयोजन के लिए उपमुख्यमंत्री को सादर आमंत्रण दिया। समिति द्वारा दिए गए आमंत्रण को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सहर्ष स्वीकार करते हुए मेले के दौरान किसी एक तिथि पर उपस्थित होने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने उत्तरायणी मेले के आयोजन में आर्थिक सहयोग प्रदान करने की भी बात कही। विभिन्न कार्यक्रमों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और क्षेत्रीय उत्पादों के स्टॉलों की रूपरेखा भी तैयार की जा रही है। समिति का कहना है कि इस बार मेले को और अधिक भव्य बनाने की पूरी तैयारी है।

# लखनऊ दिल्ली हाईवे पर कार अज्ञात वाहन से टकराई, एक की मौत

-स्वतंत्र भारत-

**फतेहगंज पूर्वी।** तेज रफ्तार मारुति कार अज्ञात वाहन में घुसी दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल एक की अस्पताल ले जाते समय हुई मौत दूसरा गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती।

लखनऊ दिल्ली हाईवे पर गांव खंजनपुर के पास रविवार देर रात्रि दस बजे कार में सवार युवकों की तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर आगे चल रहे अज्ञात वाहन में घुस गई जिससे कार सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुंचे प्रत्यक्षियों के अनुसार कार में सवार युवकों में संजीव कुमार निवासी गांव पुख्ता सहेरा थाना दातागंज जिला बदायूं का निवासी है। वहीं दूसरा विक्रम यादव गांव ओखला बीसलपुर थाना क्षेत्र का निवासी है सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को बामुश्किल कार से निकला। बताया जाता है कि कार




सवार दोनों युवक लखनऊ दिल्ली मार्ग पर गांव उचसिया में स्थित एक नर्सिंग कॉलेज में नौकरी करते हैं बरेली से आ रहे थे घायल लोगों को एंबुलेंस द्वारा निजी अस्पताल में भेजा गया लेकिन रास्ते में ही संजीव कुमार की मौत हो गई वही दूसरे युवक विक्रम की हालत गंभीर बनी हुई है ।संजीव के परिवार में तीन बच्चे हैं जिसमें दो बेटे और एक बेटी है। थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि रविवार की देर रात्रि में कार सवार दो अज्ञात वाहन से टकरा गए थे मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को अस्पताल भेजा वही एक व्यक्ति की रास्ते में मौत की सूचना प्राप्त हुई है मृतक के शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# संक्षिप्त समाचार

## एक दिवसीय सामान्य शिविर का हुआ आयोजन

**फरीदपुर बरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत फतेहगंज पूर्वी ठाकुर रोशन सिंह इण्टर कालेज चठिया फैजू बरेली में प्रथम एक दिवसीय सामान्य शिविर का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबन्धक डा. हरी ओम



सिंह राठौर ने सभी स्वयंसेवक स्वयंसेविकाओं को विश्व एड्स दिवस पर, एड्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी और संबोधित करते हुए कहा कि स्वयंसेवक/स्वयंसेविकाओं का कर्तव्य है कि समाज को जागरूक करना। इसलिए आप सभी मिलकर तन मन से ग्रामीण जनों को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूक करें। तत्पश्चात रैली का आयोजन किया गया। जिसमे स्वयंसेवक स्वयंसेविकाओं ने ग्रामीण जनों को विश्व एड्स दिवस पर विभिन्न नारों जैसे- एड्स का ज्ञान, बचाए जान। जन जन ने यह ठाना है, एड्स को भगाना है आदि के माध्यम से जागरूक किया। समस्त कार्यक्रम अधिकारी मेम्बर सिंह यादव के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवक जीतू, अरुण, विकास, लवकुश, मोहित, सुरेन्द्र, शुभनेश, मुनेन्द्र, पुष्पेंद्र तथा स्वयंसेविकाओं किरन, रिया, मीनाक्षी, शीतू, अंशू दिव्या आदि का विशेष सहयोग रहा।

## अखिल भारतीय गौ रक्षक आर्मी ने गाय की सुरक्षा को लेकर एसएसपी को दिया ज्ञापन

**बरेली।** अखिल भारतीय गौ रक्षक आर्मी के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में सोमवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचकर पांच सूत्रीय मांगों वाला ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में दुधारू गोवंश के सड़क पर घूमने की समस्या पर चिंता जताते हुए कहा कि आवारा गोवंश को संगठन द्वारा संचालित गौ सदन में भिजवाने की व्यवस्था की जाए। संगठन ने बताया कि किसान अपनी फसलों की सुरक्षा के लिए खेतों में कटीले तार लगाते हैं, जिससे गोवंश घायल हो जाते हैं। इस संबंध में उन्होंने एसएसपी से अनुरोध किया कि पुलिस किसानों को ऐसे कटीले तार लगाने से रोकने के निर्देश जारी करे। गौ तस्करी रोकने के लिए भी संगठन ने पुलिस सहयोग की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि गोवंश ले जाए जा रहे वाहनों की नियमित चेकिंग में संगठन के कार्यकर्ता पुलिस के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं। संगठन ने अपने संरक्षकों व प्रमुख पदाधिकारियों को सुरक्षा प्रदान करने की मांग भी रखी। इसके तहत 10प्रतिशत देयता पर एक-एक पुलिसकर्मी उपलब्ध कराने की बात कही गई। ज्ञापन देने वालों में हेमंत गंगवार, महेंद्र गिरी, राजवीर सिंह, जितेंद्र शर्मा, महेंद्र सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ नागरिक सामाजिक सेवा समिति ने जरूरतमंदों को बांटे गर्म कपड़े

**बरेली।** वरिष्ठ नागरिक सामाजिक सेवा समिति, बरेली के तत्वावधान में स्टेडियम रोड, मॉडल टाउन गेट के पास जरूरतमंदों को सर्दी से राहत देने के उद्देश्य से बड़ा सेवा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समिति द्वारा 100 कंबल, 100 शॉल, स्वेटर, गर्म एवं ठंडे कपड़े, मोजे व टोपियां पुरुषों और महिलाओं को वितरित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वन राज्य मंत्री डॉ. अरुण कुमार उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि अनिल सक्सेना एडवोकेट रहे। महामंत्री एस. के. कपूर ने डॉ. अरुण कुमार का पटका पहनाकर स्वागत किया। वहीं विशिष्ट अतिथि अनिल सक्सेना का स्वागत समिति के अध्यक्ष के. के. महेश्वरी ने किया। कार्यक्रम में एस. के. कपूर महामंत्री, के. के. महेश्वरी अध्यक्ष, तिलक राज कक्कड़, आर. एन. मेहरोत्रा, विश्वजीत कैला, हरि बाबू खंडेलवाल, डॉ. मनमोहन कक्कड़, आशिमा कक्कड़ सहित समिति के कई सदस्य उपस्थित रहे। समिति ने लगभग 400 स्त्री-पुरुषों को गर्म कपड़ों का वितरण कर सर्द मौसम में सेवा का महत्वपूर्ण कार्य किया। उपस्थित लोगों ने इस मानव सेवा कार्यक्रम की सराहना की।

## मौर्य विकास संस्था ने कराया १८वां सामूहिक विवाह समारोह

**बरेली।** मौर्य विकास संस्था रजि0 बरेली द्वारा 18वां सामूहिक विवाह समारोह मौर्य छात्रावास मढ़ीनाथ बरेली सम्पन्न हुआ। संस्था के अध्यक्ष राममूर्ति लाल मौर्य द्वारा वर पक्ष के लोगो (बारातियों) का स्वागत किया। ढोल और नगाड़ो के साथ बारात चढ़ी, तीन जोड़े कार्यक्रम में पहुँचे। सामुहिक विवाह संस्कार हुआ। उपस्थित जन समूह ने आशीर्वाद दिया। संस्था द्वारा दैनिक जरूरत की वस्तुएं उपहार स्वरूप दी गयी और नवदम्पत्तिओं को विदा किया गया। संस्था द्वारा सभी को भोजन कराया गया। संस्था अध्यक्ष द्वारा सभी को धन्यवाद प्रेषित किया। संस्था के पूर्व अध्यक्ष शिशुपाल मौर्य ने संस्था के इतिहास से सभी को रूबरू कराया तथा नवदम्पत्तियों से अपील की, परिवार रूपी संस्था में सामंजस्य स्थापित करते हुए, अपने उन्नति के मार्ग पर आगे बढे और राष्ट्र के विकास में अपनी आहुति देते रहे। वीरपाल मौर्य चेयरमैन शाही, मोती राम मौर्य, नरेश बाबू मौर्य, ज्ञानेश शाक्य, सर्वेश शाक्य, चंद्र पाल मौर्य, स्वराज्य पाल, नरेश पाल मौर्य, सौदान सिंह शाक्य, डॉ एम एल मौर्य, राम चन्द्र मौर्य, तारा चंद मौर्य, अमित मौर्य आदि का विशेष योगदान रहा।

# वर्ल्ड कंप्यूटर लिटरेसी डे की पूर्व संध्या पर उड़ान

## कंप्यूटर लिटरेसी वर्कशॉप का हुआ आयोजन




-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** ए.डी. बेसिक, डीआईओएस, बरेली डॉ. अजीत कुमार, बीएसए बरेली डॉ. विनीता और बीईओ फरीदपुर शीश पाल सिंह के निर्देशन में इंग्लिश मीडियम कंपोजिट निपुण स्कूल नवादा बिलसंडी में वर्ल्ड कंप्यूटर लिटरेसी डे की पूर्व संध्या पर उड़ान, कंप्यूटर लिटरेसी वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन राज्य पुरस्कृत शिक्षक, राज्य आईसीटी पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक डॉ. अमित शर्मा और डॉ. अखिलेश उपाध्याय ने किया। इस आयोजन में बच्चों ने कंप्यूटर, एआई, ई-मेल बनाना,पाइथन, एम एस वार्ड, यूट्यूब चैनल बनाना, कंप्यूटर के शैक्षिक प्रयोग आदि के बारे में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। हर्षित ने पाइथन की विशेषताओं पर, ईशानी पाठक ने ई मेल बनाने की विधि, ज्योति ने कंप्यूटर की उपयोगिता, विशिष्ट छात्रा (श्रवण दोष) दीपांशी ने कंप्यूटर ऑपरेशन, मीनाक्षी ने एम एस वार्ड पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ अखिलेश, प्रीति यादव, अम्बरीष मिश्रा, कपिल जायसवाल, ज्योति सिंह, संदेश सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## तुम जो चले गए तो होगी बड़ी खराबी गीतों के माध्यम से धर्मेंद्र को दी श्रद्धांजलि

**बरेली।** मानव सेवा क्लब के तत्वावधान में सोमवार को रामपुर गार्डन के एक सभागार में अभिनेता धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि उन्हीं के द्वारा फिल्माए गए गीतों से दी गई। अरुणा सिन्हा जब यह गीत तुम जो चले तो होगी बड़ी खराबी गाया तो सभी श्रोताओं की आंखे नम हो गई। क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने श्रद्धांजलि स्वरुप जब पल-पल दिल पास प्रस्तुत किया तो वातावरण भावमय हो गया। गायक प्रकाश चंद्र सक्सेना ने धर्मेन्द्र की फिल्म मेरे हमदम मेरे दोस्त का गीत न जा, कहीं अब न जा दिल के सिवा प्रस्तुत करके अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। प्रकाश चंद्र सक्सेना को धर्मेंद्र की स्मृति एक स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। महासचिव प्रदीप माधवार ने सभी आभार व्यक्त किया।

# पुलिस मुठभेड़ में तीन शातिर गौकश गिरफ्तार, हथियार व उपकरण बरामद

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** थाना विशारतगंज पुलिस ने गौवध अधिनियम से जुड़े पंजीकृत मुकदमे का सफल अनावरण करते हुए पुलिस मुठभेड़ में तीन शातिर गौकशों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों में शाकिर, इमरान उर्फ पेप्सी और अनीस उर्फ अन्नी शामिल हैं, जो लंबे समय से गौकशी की घटनाओं में सक्रिय थे। पुलिस ने इनके कब्जे से दो तमंचे 315 बोर, दो जिंदा व पांच खोखा कारतूस, एक मोटरसाइकिल तथा गौकशी में प्रयुक्त प्लास्टिक का कट्टा और रस्सी बरामद की है।

20 नवंबर को अलीगंज-विशारतगंज बॉर्डर स्थित केला फैक्ट्री के सामने जंगल में दो गौवंशीय बछड़ों के वध की घटना सामने आई थी, जिसके आधार पर थाना विशारतगंज में मुकदमा दर्ज हुआ। मामले के गंभीरता को देखते हुए सर्विलांस, एसओजी और थाना पुलिस की टीमें गठित की



गईं। 30 नवंबर की रात मुखबिर से सूचना मिली कि वही गिरोह सरकारी ट्यूबवेल के पास पुनः गौकशी की फिराक में है। पुलिस ने घेराबंदी की तो अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में तीनों के पैर में गोली लगी और उन्हें गिरफ्तार कर अस्पताल भेजा गया।

पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे आवारा गौवंश को पकड़कर वध कर मांस बेचते हैं। करीब 8,10 दिन पहले भी उन्होंने केला फैक्ट्री के पास दो बछड़ों को मारकर मांस बेचा था। आरोपियों ने बताया कि वे पकड़े जाने से बचने के लिए मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करते और जंगल के रास्तों का इस्तेमाल करते थे। तीनों के खिलाफ विभिन्न थानों में गौकशी, आर्म्स एक्ट, गैंगस्टर एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस टीम में थाना प्रभारी सतीश कुमार सहित कई अधिकारी शामिल रहे, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण कार्रवाई को अंजाम दिया।

## उत्तरायणी जन कल्याण समिति ने उप मुख्यमंत्री को मेले में आने का दिया निमंत्रण

**बरेली।** आज उत्तरायणी जन कल्याण समिति पंजीकृत बरेली के अध्यक्ष अमित पन्त महामंत्री मनोज पांडेय के नेतृत्व में आगामी उत्तरायणी मेला 13, 14, 15 जनवरी 26 के संदर्भ में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से उनके निज निवास में मुलाकात कर आगामी उत्तरायणी मेला 13, 14, 15 जनवरी 26 को किसी भी एक दिन आने का सादर निमंत्रण दिया। जिसको उप मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार कर किसी एक दिन आने का वायदा किया और अर्थिक सहयोग का भी समिति को आस्वाशन दिया। अध्यक्ष अमित पंत के साथ संघटन मंत्री सी बी तिवारी, स्मारिका सह सम्पादक डॉक्टर अनिल सिंह बिष्ट, जगदीश आर्य, कैलाश उपाध्याय आदि भी उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी रमेश शर्मा ने बताया कि उत्तरायणी मेले की तैयारियों जोर सोर से शुरू हो चुकी है।

# भारतीय पशु चिकित्सा दिवस मनाया गया, क्षय रोग नियंत्रण 'वन हेल्थ' पद्धति से ही संभव: प्रो. सरमन सिंह

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** भारतीय पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर एक ऑनलाइन राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। यह दिवस भारतीय पशु चिकित्सा संस्थान (आईवीआरआई) के पूर्व निदेशक डॉ. चित्तामणि सिंह की 103वीं जयंती के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इस वर्ष का कार्यक्रम डॉ. सी.एम. सिंह एंडोमेंट ट्रस्ट, बरेली द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर बारहवां डॉ. सी.एम. सिंह स्मृति व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. सरमन सिंह, पूर्व निदेशक, एम्स भोपाल रहे। उन्होंने क्षय रोग (टीबी), विशेषकर पशुजन्य क्षय रोग पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि पालतू एवं वन्यजीव दोनों ही टीबी के प्रमुख आधार हैं, जिसके कारण मानव में इस रोग का पूर्ण नियंत्रण निकट भविष्य में कठिन है। उन्होंने



टीबी नियंत्रण के लिए वन हेल्थ पद्धति अपनाने पर जोर दिया तथा बताया कि मनुष्य, पशु और पर्यावरण इन तीनों के संयुक्त दृष्टिकोण से ही इस रोग पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। दूसरा व्याख्यान÷वन्यजीव एवं बंधक वन्यजीवों में क्षय रोग की वर्तमान स्थिति विषय पर केंद्रित था, जिसे आईवीआरआई वन्यजीव केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एम. करिकलन ने प्रस्तुत किया। उन्होंने डॉ. सरमन सिंह के विचारों का समर्थन करते हुए बताया कि बंदरों, हिरणों, हाथियों सहित अनेक वन्य जीव प्रजातियों में क्षय रोग के मामले लगातार सामने आ रहे हैं, जो गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि माइकोबैक्टीरियम की कई नई-नई प्रजातियों का पता चलना यह दर्शाता है कि यह रोग वन्यजीवों में व्यापक रूप से फैला हुआ है। संगोष्ठी की शुरुआत में ट्रस्ट के उपाध्यक्ष डॉ. एस.के. अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा कहा कि आधुनिक तकनीक और स्वस्थ पशु उच्च उत्पादन की अनिवार्य आवश्यकता हैं। उन्होंने पशु स्वास्थ्य को राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की मजबूती से जोड़ते हुए शोध एवं नवाचार को समय की मांग बताया। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. एम.एल. मेहरोत्रा ने डॉ. सी.एम. सिंह के जीवन, व्यक्तित्व एवं उत्कृष्ट योगदान पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस अवसर पर ट्रस्ट के सचिव डॉ. रमेश सोमवंशी ने ट्रस्ट के उद्देश्यों, गतिविधियों तथा उपलब्धियों पर विस्तृत प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथियों को सम्मानित भी किया गया।

डॉ. सरमन सिंह को डॉ. सी.एम. सिंह मेमोरियल लेक्चर अवॉर्ड, डॉ. अभिजीत पावड़े, प्रभारी, वन्यजीव केंद्र, आईवीआरआई को डॉ. सी.एम. सिंह-शालिहोत्र सम्मान, डॉ. के.एन. कांडपाल, प्रभारी, एनएलवीएस, आईवीआरआई को डॉ. सी.एम. सिंह, आर.डी. शर्मा पुरस्कार

संगोष्ठी में देशभर के विभिन्न राज्यो, केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, गोवा, दिल्ली, पंजाब, जम्मू एवं कश्मीर, ओडिशा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखंड, गुजरात, तेलंगाना, हरियाणा आदि से बड़ी संख्या में प्राध्यापक, वैज्ञानिक, शोधकर्ता एवं पशु चिकित्सा के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रमुख प्रतिभागियों में अनिल कुमार (त्रिवेंद्रम), प्रो. डी.वी. जोशी, प्रो. वीर सिंह (अहमदाबाद), डॉ. के.पी. सिंह, डॉ. आर.वी. पवैया, डॉ. एम.एच. खान, डॉ. वी.बी. चतुर्वेदी, डॉ. सत्यवीर सिंह मलिक, डॉ. समीर श्रीवास्तव (बरेली) आदि शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सत्यवीर सिंह मलिक ने किया।



# सावधानी ही एड्स से बचाव है, रोगी को भेजते हैं केजीएमयू एड्स सेंटर-सीडीओ

**सीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर किया जागरुकता रैली को रवाना**

स्वतंत्र भारत



**हरदोई।** आज विश्व एड्स दिवस मनाया गया जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भवनाथ पाण्डेय ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम कलेक्ट्रेट में आयोजित हुआ जहाँ मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। रैली में आरआर इंटर कॉलेज व सीएस नेहरू डिग्री कालेज के एनसीसी कैडटो ने प्रतिभाग किया। यह दिवस बाधाएं दरकिनार, एच.आई.वी पर सशक्त प्रहार' थीम के साथ मनाया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि एड्स यानी एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिशियैंसी सिंड्रोम (एड्स) ऐसी बीमारी है जो व्यक्ति की प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर करती है जिसके कारण वह अन्य किसी भी बीमारी की गिरफ्त में आसानी से आ जाता है। एड्स जिस वायरस से होता है उसे ह्यूमन इम्यूनो डेफिशियैंसी वायरस (एचआईवी) कहते हैं। यह वायरस व्यक्ति की प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर देता है जिसके कारण व्यक्ति की रोगों से लड़ने की क्षमता कमजोर हो जाती है और उसे टीबी या अन्य कोई भी बीमारी आसानी से हो सकती है। यह एक संक्रामक यौन रोग है जो कि एचआईवी ग्रसित के साथ असुरक्षित यौन सम्बन्ध बनाने से, एचआईवी संक्रमित रक्त के चढ़ाए जाने से, संक्रमित सुईयों एवं सीरिंज के साझा प्रयोग से तथा संक्रमित माँ से उसके होने वाले बच्चे में हो सकता है। नियमित दवाओं के सेवन, सावधानियाँ बरतकर और पौष्टिक आहार स्वस्थ एवं लम्बा जीवन जी सकता है। जिला अस्पताल में स्थित इन्टीग्रेटड काउंसलिंग एंड टेस्टिंग सेंटर में एचआईवी की जांच निःशुल्क की जाती है द्य इसके साथ ही जिला अस्पताल स्थित लिंक एआरटी सेंटर लखनऊ के किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) स्थित एआरटी सेंटर का उपकेन्द्र है। बुखार, खांसी, वजन कम होना, लिम्फ़ नोड में सूजन, त्वचा, मुंह, आँख, नाक या कान के पास धब्बे या चकत्ते पड़ना, शरीर में दर्द या याददाश्त कमजोर होना इस बीमारी के लक्षण हैं।

नोडल डॉ. नौमानउल्लाह ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति एचआईवी जाँच में पॉजिटिव आता है तो उसे केजीएमयू स्थित नोडल एआरटी सेंटर पर भेज दिया जाता है। जहां पर मरीज में वायरल लोड की जांच की जाती है कि वायरस कितना प्रभावी है। इसके बाद मरीज का केजीएमयू द्वारा इलाज़ चलाया जाता है साथ ही मरीज के स्वास्थ्य के आधार पर कुछ मरीजो को हरदोई लिंक एआरटी सेंटर पर रिफर कर दिया जाता है। जहां से उसे दवाएं और काउंसलिंग दी जाने लगती है। यह सभी सुविधाएं निशुल्क मरीज को दी जाती हैं। मरीज की पहचान और उससे संबंधित जानकारी गोपनीय रखी जाती है। बीमारी से बचाव के लिये सुरक्षित यौन संबंध बनाएं, डिस्पोजेबल सिरिन्ज का ही इस्तेमाल करें, हमेशा सरकारी लाइसेंस शुदा ब्लड बैंक से ही एचआईवी मुक्त रक्त लें, इसके अलावा हर गर्भवती की एचआईवी जाँच व संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करें। वर्तमान में जनपद में कुल 538 एचआईवी पॉजिटिव हैं जिसमां 369 पुरुष और 169 महिलाएं हैं। इस वित्तीय वर्ष में 5400 लोगों की एचआईवी की जांच कराई गई है जिसमें 3316 पुरुष और 2084 महिलायें हैं। कुल 52 लोग एचआईवी पॉजिटिव पाए गए हैं। एचआईवी पॉजिटिव पाए गए लोगों में से 32 पुरुष और 20 महिला हैं। इसी क्रम में स्वशासी मेडिकल कॉलेज मे जिला विधिक व स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें सचिव/अपर जिला जज भूपेंद्र प्रताप सिंह, सीएमएस जिला पुरुष चिकित्सालय डॉ. चन्द्र कुमार, डॉ. नौमानउल्लाह तथा विधिक सेवा व स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सीओ शाहाबाद ने विवेचकों के साथ बैठक कर दिए जरूरी निर्देश

स्वतंत्र भारत

**शाहाबाद।** सहायक पुलिस अधीक्षक आलोक राज नारायण ने शाहाबाद सर्किल के सभी विवेचकों के साथ बैठक की। बैठक में वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य इकट्ठा करने और मामलों का गुणवत्ता पूर्ण तथा तेज निपटारा करने पर जोर दिया गया। विवेचकों को जरूरी निर्देश दिए गए।

आलोक राज नारायण ने कहा कि साक्ष्य संकलन में फोरेंसिक तकनीकों का उपयोग बढ़ाएं। डिजिटल साक्ष्य, फिंगरप्रिंट और डीएनए जैसे तरीकों से जांच मजबूत होगी। इससे दोषियों को सजा मिलने में आसानी होगी। विवेचकों को समयबद्ध रिपोर्ट तैयार करने की सलाह दी।संगोष्ठी में सर्किल के थानों से आए विवेचक शामिल हुए। उन्होंने चर्चा में हिस्सा लिया और अपनी समस्याएं बताईं। आलोक राज नारायण ने संसाधनों की कमी दूर करने का आश्वासन दिया। पुलिस विभाग में वैज्ञानिक जांच को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलेंगे।

# सरस्वती सदन समिति ने सम्मानित किए प्रतिभावान नवोदित रचनाकार

स्वतंत्र भारत





**हरदोई।** श्री सरस्वती सदन सेवा समिति, हरदोई के तत्वावधान में आयोजित बहुभाषाविद साहित्यकार डॉ। मिथिलेश कुमारी मिश्र, पूर्व निदेशक-बिहार राष्ट्रभाषा परिषद, पटना की जयन्ती पर जनपद के रचनाकारों और हिन्दी-संस्कृत की नवोदित प्रतिभाओं को मुख्य अतिथि न्यायाधीश अविनाश पाण्डेय, विशेष जज, सीबीआई, पटना स्मृतिचिह्न सहित अँगवस्त्र ओढाकर सम्मानित किया। साथ ही कवयित्री सुधा मिश्र की काव्यकृति 'भाव वेणु' का विमोचन किया। वक्ताओं ने राष्ट्रभाषा के संवर्धन के लिये सदन की रचनात्मक गतिविधियों को सराहा। दीप प्रज्ज्वलन और माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ कवयित्री पल्लवी मिश्र की वाणी वन्दना से शुरू हुए समारोह में प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। वरिष्ठ साहित्यकार ब्रजराज सिंह तोमर को मिश्रबन्धु साहित्य सम्मान से मुख्य अतिथि न्यायाधीश अविनाश पाण्डेय ने सम्मानित किया। साथ ही काव्यकृति 'भाव वेणु' की रचनाकार सुधा मिश्र को डॉ। मिथिलेश कुमारी मिश्र साहित्य सम्मान से अलंकृत किया। सीएसएन महाविद्यालय, हरदोई में स्नात्तकोत्तर हिन्दी में सर्वोच्च अँक प्राप्त करने वाली छात्रा सुश्री अँजलि सिंह और स्नात्तकोत्तर संस्कृत में सर्वाधिक अँक प्राप्त छात्रा सुश्री गीता दुबे को डॉ। मिथिलेश कुमारी मिश्र प्रतिभा सम्मान से न्यायाधीश श्री पाण्डेय ने पुरस्कृत किया।

मुख्य अतिथि न्यायाधीश अविनाश पाण्डेय ने साहित्य को समाज का दर्पण बताया. कहा हिन्दी, संस्कृत सहित कई भाषाओं का रचना संसार डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र के वैश्विक साहित्यिक व्यक्तित्व को रेखाँकित करता है. मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत करने की पहल को साहित्य और संस्कृति का संवर्धन व संरक्षण बताया. कहा बहुभाषाविद साहित्यकार डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र जैसी साहित्य, समाज और विभिन्न क्षेत्रों की विभूतिओं की स्मृतियों को सँजोकर उनके जीवन दर्शन को विस्तार देना सभी की समेकित जिम्मेदारी है. जिससे नयी पीढी भी नये सृजन के प्रति प्रेरित हो सके. नवोदित कवयित्री पल्लवी मिश्र व कंचन मिश्र को अँगवस्त्र ओढाकर सम्मानित किया गया.मुख्य वक्ता कवि एवं समीक्षक अरुणेश मिश्र ने कहा मिश्रबन्धु साहित्य सम्मान हरदोई के भगवन्तनगर मल्लावाँ की जडों से जुडा होने से उसकी साहित्यिक उर्वरता को रेखाँकित करता है. कहा 1913 में मिश्रबन्धु हिन्दी इतिहास के तुलनात्मक अध्ययन के जनक के रूप में जाने गये. जो लखनऊ इंटौजा के साथ हरदोई के लिए गौरव की बात है. उन्होंने डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र को हिन्दी और संस्कृत की अनन्य साधिका बताया. श्री मिश्र के साथ कवयित्री पल्लवी ने भी काव्यपाठ से चेतना जगायी।सदन की सदस्य कवयित्री कंचन वाजपेयी ने विदुषी डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला. सदन अध्यक्ष एवं कवि श्रवण कुमार मिश्र ने अध्यक्षता की और मन्त्री मनीष कुमार मिश्र ने स्वागत किया. संचालन महेश मिश्र ने किया. पुस्तकालयाध्यक्ष सीमा मिश्र ने व्यवस्था सँभाली।

# विश्व एड्स दिवस के पर हुआ विधिक जागरूकता शिविर

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई भूपेन्द्र प्रताप ने बताया कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई श्रीमती रीता कौशिक के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आज दिनांक 01.12.2025 को विश्व एड्स दिवस पर मेडिकल कॉलेज हरदोई में सभागार में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया । डॉ. नोमान उल्ला द्वारा एड्स के लक्षण व उससे बचने के उपाय के विषय में जानकारी दी। अपर जिला जज भूपेन्द्र प्रताप द्वारा एड्स अधिनियम के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी।शिविर में



थानाध्यक्ष को.शहर, चिकित्सक तथा अधिक संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# मतदाता बूथ पर पहुंचकर भरें फार्म

**हरदोई।** पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राम प्रकाश शुक्ला ने स्ढ्ढक्रसुगमता कैम्प में पहुंचकर प्रक्रिया की जानकारी ली, उन्होंने कहा कि यह बेहद जरूरी प्रक्रिया है ।सभी मतदाताओं को कैम्प में पहुंचकर अपना फार्म भरकर जमा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिनके दो जगह वोट हैं इस प्रक्रिया के तहत अब एक जगह ही वोट होगा। किसी भी मतदाता को दो जगह से एस आई आर फॉर्म नहीं भरना चाहिए जानबूझकर ऐसा करते पाए जाने पर कानूनंदन 1 साल की सजा का प्रावधान है ।अतः सभी मतदाताओं को समझदारी पूर्वक केवल एक ही जगह से एसआईआर फॉर्म भरकर स्वयं ही जमा कर देना चाहिए ।इसके अतिरिक्त अगर उनका वोट कहीं अन्यत्र भी है तो वह सिस्टम द्वारा स्वयं में एक ही जगह बरकरार रहेगा।

# एसपी ने निरीक्षकों के प्रभार में किया बदलाव हरिनाथ सिंह यादव कोतवाली देहात के नए इंस्पेक्टर

**हरदोई।** हरदोई देहात कोतवाली के नए इंस्पेक्टर होंगे हरिनाथ सिंह यादव, इंस्पेक्टर बालकृष्ण मिश्रा की कोतवाली शहर में अतिरिक्त इंस्पेक्टर के रूप में हुई तैनाती। शाहबाद के उप निरीक्षक अनिल कुमार को शाहबाद कोतवाली की जामा मस्जिद प्रभारी पद पर मिली तैनाती। सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार चौधरी को पुलिस लाइन से भेजा शाहबाद कोतवाली भेजा गया। हरदोई एसपी अशोक कुमार मीणा ने आदेश जारी किये।

# सुचित द्विवेदी बने रिपब्लिकन पार्टी के मीडिया प्रभारी

**संडीला (स्वतंत्र भारत)।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया की संडीला में आयोजित विशेष बैठक में जिला अध्यक्ष अजय चौधरी ने पार्टी की नीतियों और 10 सूत्रीय एजेंडे पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि पार्टी बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर और डॉ. राम मनोहर लोहिया के विचारों पर चलकर सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक समानता स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। आरपीआई गरीब, वंचित और शोषित वर्गों को निशुल्क शिक्षा, चिकित्सा, सामाजिक न्याय, जातीय जनगणना, महिला सशक्तिकरण, किसान व श्रमिक कल्याण तथा बेरोजगारी उन्मूलन जैसे मुद्दों पर आवाज उठा रही है।

बैठक में महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए अजय चौधरी ने पत्रकार सुचित कुमार द्विवेदी को हरदोई जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया। इस दौरान पत्रकार मुकेश सिंह सोमवंशी, अजीत प्रताप सिंह, प्रियदर्शी गुप्ता, अभिषेक वर्मा सहित कई पत्रकार मौजूद रहे। अजय चौधरी ने कहा कि पार्टी बिना भेदभाव सभी वर्गों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेगी।

# सरकार की गलत नीति से देश में 25 से ज्यादा बीएलओ ने दी जान





**हरदोई।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष आशुतोष पाठक के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी हरदोई के कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया व शहीद हुए सभी बीएलओ को श्रद्धांजलि अर्पित कर मौन धारण किया। आशुतोष पाठक ने शहीद हुए ब्द्यह्र के परिवार में एक सरकारी नौकरी तथा उन्हें आर्थिक मदद भी मिले उसकी मांग की। श्रद्धांजलि सभा में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं में जिला महासचिव अनुरुद्ध शुक्ला, दीपमाला मिश्रा, सुनीता वर्मा, कोमल सिंह, रोशन मियां, मजीद गाजी, अमृत कौर, बालगोविंद, संगम, अंकुर, आरिफ, अरमान, रविकांत मिश्रा, हिमांशु वर्मा, गौरव सिंह, एससी एसटी प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुभाष वर्मा, राजेश त्रिवेदी, आनंद त्रिवेदी नंदू, शरीफ, संध्या वर्मा, अनादि अस्थाना, निखिल बाजपेई, आशू गुप्ता, शुभम श्रीवास्तव तथा पार्टी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# माँ इच्छापूर्णी मंदिर में धूमधाम से हुआ श्री राम विवाह महोत्सव

स्वतंत्र भारत

**पिहानी।** माँ इच्छापूर्णी रामजानकी मन्दिर में चल रहे आयोजन श्री राम विवाह महोत्सव का सोमवार को धूमधाम से समापन हो गया। अयोध्या धाम से पधारे पूज्य प्रकाश चंद्र जी महाराज ने श्री रामार्चा महायज्ञ का संचालन कराते हुए कहा, कि श्री रामार्चा सकल ब्रह्मांड का पूजन है। ब्रह्मांड के प्रत्येक कण में रमा हुआ तत्व है राम। शास्त्र कहते हैं रमन्ते योगिन, अस्मिन सा रामं उच्यते अर्थात योगी ध्यान में जिस शून्य में रमते हैं वो तत्व है राम। राम सर्वत्र हैं, राम सर्वव्यापी हैं इसलिए इस अनुष्ठान का शास्त्रों में विशेष महत्व बताया गया है, उन्होंने कहा, कि रामार्चा स्वयं आदियोगी भगवान शंकर द्वारा प्रदत्त विद्या है। इस एक यज्ञ का फल हजारों अश्वमेद्य यज्ञों के समान है। जो व्यक्ति इस अनुष्ठान में सम्मिलित होता है उसके समस्त पाप मिट जाते हैं। कष्टों का निवारण होने के साथ शांति, समृद्धि, शक्ति और विशेष कृपा प्राप्त होती है। यह मनवांछित फल देने वाला अनुष्ठान है। उन्होंने कहा, कि विश्वकल्याण, लोकशांति, सामाजिक समरसता, सौहार्द, संस्कृति एवं भारतवर्ष की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से इस अनुष्ठान को महायज्ञ का स्वरुप दिया जा रहा है। अयोध्या में विवाह पंचमी पर श्री राम मंदिर के ध्वज स्थापना की सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी गई। धर्म और अध्यात्म के मार्ग पर चलने को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से महंत वैष्णव हरिशरण महाराज, पुरोहित कविंद्र महाराज, रामसेवक रस्तोगी, गुरुचरन लाल, बालमुकुंद, रामसेवक रस्तोगी, मनीष रस्तोगी आदि रहे।



# जागरूकता से घट रहे एड्स के मरीज, 36 फ़ीसदी आई कमी

**लखीमपुर-खीरी ।** एचआईवी एड्स के प्रति चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों का असर देखने को मिला है। यह मरीजों के घटते आंकड़े दर्शा रहे हैं। चार सालों में 36 फीसदी मरीजों में कमी आई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, वर्ष 2021 में एड्स के 14 मरीज मिले थे। इसके बाद वर्ष 2022 में काफी इजाफा हुआ, जो नए मरीज मिले उनकी संख्या 64 हो गई। हालांकि, इसके बाद से जो नए मरीज मिल रहे हैं, उनकी संख्या लगातार कम आ रही है। आंकड़ों पर गौर करें तो वर्ष 2023 में 57, 2024 में 55 और 2025 में अब तक 35 मरीज जिले में एचआईवी एड्स के सामने आए हैं। इस हिसाब से नए मरीजों की संख्या में तकरीबन 36 फ़ीसदी की कमी आई है। चिकित्सकों का कहना है कि किसी को बुखार, सूखी खांसी, थकान के साथ वजन कम होना, त्वचा, मुंह, आंख या नाक के पास धब्बे पड़ना और शरीर में दर्द की शिकायत हो, तो यह एचआईवी (ह्यूमन इम्यूनो डिफिशिएंसी सिंड्रोम) के लक्षण हो सकते हैं। बीमारी से ग्रसित मरीज शर्म और झिझक के चलते इलाज करने की बजाय बीमारी को छिपाते हैं, इससे उसकी मौत भी हो जाती है। एड्स रोगी के शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को धीरे-धीरे कमजोर करता है। हालांकि, अब जागरूकता के चलते इसमें सुधार हो रहा है। मरीज को इलाज दिए जाने के साथ ही उनकी काउंसलिंग भी की जाती है। नोडल डॉ. प्रमोद रावत ने बताया कि एड्स के रोकथाम को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता अभियान का असर दिख रहा है।

# सतचंडी महायज्ञ महोत्सव में स्वामी सुरेशानंद सरस्वती ने दिए श्रेष्ठ संस्कारों के मंत्र

**सांडी (हरदोई)।** सांडी मुख्यालय से लगभग पाँच किलोमीटर दूर विकास खंड बिलग्राम के ग्राम डाभा में चल रहे पैंतीसवें सतचंडी महायज्ञ महोत्सव में प्रतिदिन भक्ति, यज्ञ, अनुष्ठान और आध्यात्मिक परिवेश का उत्साह देखने को मिल रहा है। बुधवार को आयोजित मुख्य प्रवचन में कनखल, हरिद्वार से पधारे श्री श्री 1008 स्वामी सुरेशानंद सरस्वती जी महाराज ने विशाल श्रद्धालु-समूह को संबोधित करते हुए कहा कि 'बच्चों के संस्कारों का मूल केंद्र उनका घर होता है '।



स्वामी जी ने कहा कि माता-पिता समाज के प्रथम शिक्षक हैं, और उनका प्रत्येक व्यवहार बच्चे के भविष्य का आधार बनता है। उन्होंने माँ पार्वती और भगवान शिव के दिव्य मिलन का उदाहरण देते हुए कहा कि 'यदि माता-पिता का मार्गदर्शन न मिलता तो देवी पार्वती को भी देवों के देव महादेव की अर्धांगिनी बनने का सौभाग्य न मिलता। 'उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आग्रह किया कि बच्चों को धर्म, सत्य, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम के संस्कार देना हर अभिभावक का प्रथम कर्तव्य है।स्वामी जी के प्रवचन के दौरान परिसर 'हर-हर महादेव' और 'जय माता दी' के जयकारों से गूंज उठा। ग्रामीण क्षेत्र से लेकर आसपास के कस्बों तक के श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुँचे और भक्ति के माहौल में डूबे रहे। सतचंडी महायज्ञ महोत्सव समिति के अध्यक्ष राजीव सिंह ने मंच पर स्वामी जी का विधिवत स्वागत किया। उन्होंने स्वामी जी को फूलमालाएँ पहनाईं और अंगवस्त्र भेंटकर आशीर्वाद ग्रहण किया। समिति के अन्य पदाधिकारियों व ग्रामवासियों ने भी संतसम्मान की परंपरा निभाते हुए गुरुदेव का अभिनंदन किया। प्रातःकालीन यज्ञ, हवन, देवी पाठ और विशेष अनुष्ठानों से पूरा वातावरण आध्यात्मिक रंग में रंगा रहा। यज्ञाचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से मंडप में एक दिव्य ऊर्जा का संचार होता रहा। महिलाएँ कलश और दीप लेकर शोभायात्रा में सम्मिलित हुईं।भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया

यज्ञ परिसर में आयोजित भंडारे में दूर-दराज़ से आए भक्तों के लिए प्रसाद वितरण किया गया। स्वयंसेवकों ने व्यवस्था संभाली और ग्रामीणों ने बड़े हर्ष से सेवा कार्य किया। कार्यक्रम लगातार जारी समिति के अनुसार आगामी दिनों में हवन, कथा और रात्रीकालीन भजन-संध्या का आयोजन भी प्रस्तावित है। समापन दिवस पर विशाल कन्या-भोज और पूर्णाहुति हवन के बाद आशीर्वचन के साथ महोत्सव संपन्न होगा। ग्राम डाभा में आयोजित यह महायज्ञ न केवल धार्मिक आयोजन है, बल्कि सामाजिक एकता, सदाचार और संस्कारों का संदेश देने वाला प्रेरक उत्सव बन गया है।

# स्कूली छात्रों से भरा ई रिक्शा पलटा कई छात्राएं घायल

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** पिहानी रोड़ पर बड़े नाले की सफाई ना होने से सड़क तक भरा नाले का गंदा पानी जिसमें दिन भर आटो रिक्शा बाइक आदि वाहन पलट जाते हैं। आज भी आधा दर्जन ऑटो रिक्शा बड़े गंदे नाले से निकले गंदे पानी में पलट गये,हद तो तब हो गई जब स्कूली छात्राओं से भरा एक ई रिक्शा इस गंदे पानी में पलट गया जिसमें आधा दर्जन छात्राओं के कपड़े गंदे पानी से पूरी तरह भीग गया और उन्हें हल्की-फुल्की चोटे भी आई,जैसा आप वीडियो में देख सकते हैं किस तरहां छात्राओं से भरा ई रिक्शा गंदे पानी में पलटा पड़ा हैं और स्थानीय लोग उसमें फसी छात्राओं को बाहर निकलने में मदद कर रहे हैं,जिम्मेदारों को इस वीडियो को देखने के बाद भी नहीं आ रही शर्म विकास की बात करने वाले भी जरा इस नर्क से भरी सड़क को देख ले और थोड़ी शर्म कर ले की क्या वो इस विनास को विकास कहते हैं हमारा जो दायित्व हैं हम उसे निभा रहे और सो रहे नेताओं और अधिकारियों को जगाने का काम कर रहे हैं,अभी एक हफ्ता पहले अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवसेवक गुप्ता ने एक वीडियो वायरल किया था उसमें भी एक ई रिक्शा इसी पानी में पलटा हुआ था जिसको लेकर उन्होंने जिला प्रशासन के खिलाफ कड़ा आक्रोश व्यक्त किया था और आज फिर आधा दर्जन से अधिक ऑटो इस गंदे पानी में पलट गए जिसमें एक ई रिक्शा छात्राओं से भरा शामिल है इस वीडियो को लेकर अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव सेवक गुप्ता जय शिव ने जिला प्रशासन को 7 दिन का समय दिया है यदि 7 दिन में यह रोड सही नहीं हुई तो अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता परिषद जिला प्रशासन के विरुद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

# बीएलओ अपनी बुद्धिमानी और धैर्य के साथ संपन्न करें मतदाता पुनरीक्षण कार्य

**हरदोई।** मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की प्रक्रिया को लेकर आज जनपद के समस्त बूथों पर चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत गणना प्रपत्र वितरण के सापेक्ष प्राप्त हो रहे गणना प्रपत्र करने एवं कार्य प्रगति की जानकारी के लिए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अनुनय झा ने स्वामी विवेकानन्द सभागार में वीडियों कान्फेन्स के माध्यम से विभिन्न बूथों पर गणना कार्य में लगे 40 बीएलओ से सीधा संवाद किया तथा सभी की सराहना करते हुए कहा कि कार्य कठिन अवश्य है परन्तु नामुमकिन भी नहीं है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी गयी समयसीमा में इस कार्य को पूर्ण करना है और इसके लिए आप सभी बीएलओ धौर्य, साहस एवं पूरे मनोयोग से गणना कार्य को शतप्रतिशत पूर्ण करें तथा आज आने वाले सभी मतदाताओं को मतदाता लिस्ट के अनुसार पूर्ण जानाकरी उपलब्ध कराये और जिन लोगों ने अभी तक गणना प्रपत्र भरकर जमा नहीं उनके गणना प्रपत्र जमा कराने का प्रयास करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम तथा निर्वाचन के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# राजकीय महाविद्यालय में योग प्रशिक्षण कार्यशाला एवं गीता जयन्ती का आयोजन

**स्वतंत्र भारत चुनार(मिर्जापुर)।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे÷रोग प्रतिरोध क्षमता और मानसिक स्वास्थ्य में योग की भूमिका विषय पर मिशन शक्ति फेज 5.0, रोवर्सरेंजर, रेड रिबन क्लब, भातखंडे कल्चरल कल्ब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी एवं कार्यशाला का सफ्लतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रदृछात्राओं में योग के महत्व, स्वास्थ्य लाभ तथा जीवनशैली में इसके सकारात्मक प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं योग प्रशिक्षक डॉ0 अभिषेक गुप्ता, जूनियर रिसर्च ऑफिसर आयुर्वेद संकाय, चिकित्सा विज्ञान संस्थान काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, ने अपने प्रेरक वक्तव्य में कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत करता है, बल्कि मानसिक संतुलन एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है।

महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) माधवी शुक्ला ने अपने संबोधन में योग को भारतीय ज्ञानदृपरंपरा का अमूल्य उपहार बताते हुए कहा कि स्वस्थ और सशक्त समाज के निर्माण में योग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्राचार्य महोदया ने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया। कार्यशाला में योग प्रशिक्षक डॉ0 अभिषेक गुप्ता द्वारा विभिन्न योग क्रियाओं, अनुलोम विलोम, कपालभाति, धनुरासन, ताड़ासन, श्वास प्रश्वास तकनीकों तथा मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन से जुड़ी गतिविधियों का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 शिखा तिवारी, स्वागत डॉ0 शेफालिका राय, धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 विद्या सिंह ने किया। कार्यशाला में 52 छात्राएं एवं 28 छात्र ने प्रतिभाग किया। साथ ही श्रीमद्भगवद्गीता जयंती के अवसर पर एक छात्र-संगोष्ठी और गीता श्लोक गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ माधवी शुक्ला ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गीता एक ग्रंथ नहीं बल्कि एक जीवन दर्शन है जो युगों-युगों से समस्त विश्व को प्रेरित कर रहा है। उन्होंने कहा कि गीता का अध्ययन हर व्यक्ति को करना चाहिए क्योंकि यह जीवन में संशयों का समाधान करता है। कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता डॉ दीप नारायण ने कहा कि गीता मानव जीवन के हर स्तर पर संतुलन, कर्तव्यनिष्ठा, नैतिकता और उत्थान का मार्ग प्रशस्त करती है। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ कुसुम लता ने कहा कि विद्यार्थियों को गीता का सिद्धांत आत्मसात करना चाहिए। फल की इच्छा कर्म के प्रति निष्ठा में बाधक बनती है। श्लोक गायन प्रतियोगिता में संस्कृत विभाग के स्नातक और परास्नातक स्तर के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। स्नातक स्तर पर काजल यादव ने प्रथम, नीतू मौर्या ने द्वितीय तथा सुप्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्नातकोत्तर स्तर पर श्लोक गायन प्रतियोगिता में सुमन यादव ने प्रथम, संध्या ने द्वितीय और प्रीति यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ भास्कर प्रसाद द्विवेदी और डॉ नलिनी सिंह रहे। कार्यक्रम का आयोजन देववाणी क्लब और संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का संचालन, संयोजन और धन्यवाद ज्ञापन संस्कृत विभाग प्रभारी डॉ भास्कर प्रसाद द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर डॉ अवधेश सिंह यादव,अरविंद कुमार, डॉ सत्येन्द्र कुमार,दीपक कुमार सिंह, डॉ संकठा सोनकर, डॉ शिखा तिवारी, डॉ शैलेन्द्र कुमार, डॉ अदिती सिंह, डॉ विद्या सिंह, डॉ मंजुला शुक्ला और डॉ रमेश चंद्र, धर्म चन्द्र, कमलेश शुक्ला, रामकेश सोनकर, जय प्रकाश सहित समस्त प्राध्यापक, कर्मचारीगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। इसी क्रम में एम. ए. हिन्दी विभाग की परिषदीय निबंध प्रतियोगिता साहित्य और समाज स्नातकोत्तर स्तर की आयोजित की गई। जिसकी संयोजिका डॉ नलिनी सिंह थीं।

# वॉलीबाल चैम्पियनशिप-2025 का छठवां दिन

**स्वतंत्र भारत गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ के तत्त्वावधान में सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम, गोरखपुर में चल रहे 69वें अखिल भारतीय रेलवे (पुरुष) वॉलीबाल चैम्पियनशिप-2025 के छठवे दिन 01 दिसम्बर, 2025 को सेमीफाइनल मैच उत्तर रेलवे एवं दक्षिण पश्चिम रेलवे के बीच खेले गये, जिसमें उत्तर ने एकतरफा मुकाबले में अपने प्रतिद्वंदी टीम दक्षिण पश्चिम रेलवे को पहले सेट में 25-21, दूसरे सेट में 25-23 तथा तीसरे सेट में 25-19 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल का दूसरा मैच देर सायं तक पूर्व रेलवे एवं पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के बीच खेला जा रहा था।

राष्ट्रीय स्तर की इस वालीबाल प्रतियोगिता को देखने हेतु भारी संख्या में वालीबाल प्रेमियों एवं खिलाड़ी सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।



इस चैम्पियनशिप का फाइनल मैच 02 दिसम्बर, 2025 को अपराह्न 03.00 बजे उत्तर रेलवे एवं दूसरे सेमीफाइनल के विजेता टीमों के साथ खेला जायेगा तथा महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे श्री उदय बोरवणकर विजेता एवं उपजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर सम्मानित करेंगे।

# जेएस जीएस पब्लिक स्कूल मड़िहान के बच्चों ने स्काउट गाइड में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**स्वतंत्र भारत राजगढ़ (मिर्जापुर)।** जेएस जीएस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने स्काउट गाइड में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 19 वीं भारत स्काउट गाइड एवं डायमंड जुबली के कार्यक्रम में की मेजबानी इस वर्ष 23 नवंबर से 29 नवंबर तक लखनऊ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के द्वारा दिया गया। अलग-अलग जिलों से आए भारत स्काउट गाइड में छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और छात्र सम्मानित हुए और अपने जिले का नाम रोशन किया। यह कार्यक्रम 23 नवंबर से 29 नवंबर तक लखनऊ में आयोजित किया गया जिसका समापन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। जिले के मड़िहान क्षेत्र के जेएस जीएस पब्लिक स्कूल मड़िहान के आठ छात्रों ने भारत स्काउट गाइड में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और मेडल जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। सभी बच्चे अपने स्कूल आने पर विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर जगदीश सिंह पटेल एवं अध्यक्ष को ऑपरेटिव बैंक मिर्जापुर सोनभद्र के द्वारा बच्चों के भविष्य की कामना की।साथ ही उनका मनोबल बढ़ाया उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल की भावना से खेलना चाहिए। जिससे शारीरिक और मानसिक शक्ति का विकास होता है। विद्यालय के बच्चों के द्वारा इस प्रदर्शन से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और अभिभावक भी इससे खुश नजर आए। इसके अलावा प्रधानाचार्य राम मिलन यादव ने बच्चों को उत्साह वर्धन के लिए माल्यार्पण किया और मिष्ठान खिलाकर खुशी व्यक्त की।

# गड़बड़ा शीतला धाम के शहरहवा मेला में डेढ़ लाख श्रद्धालुओं ने माथा टेका

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** विंध्य कैमूर के तलहटी में स्थित गड़बड़ा धाम के शहरवा मेला में सोमवार को डेढ़ लाख श्रद्धालुओं ने माँ शीतला के दरबार में मत्था टेकर दर्शन पूजन किया। गड़बड़ा धाम के बगल स्थित सेवटी नदी में स्नान करके पांच बजे भोर से हीं कतार में खडे हो गए। गड़बड़ा धाम के जयकारी से पूरा मेला क्षेत्र गूंज उठा। पांच बजे भोर से शुरू हुआ दर्शन पूजन का सिलसिला जो शाम तक चलता रहा। उल्लेखनीय है की गड़बड़ा शीतला धाम के दर्शन के लिए श्रद्धालु अपना डेरा जमा रखा था। दर्शन पूजन के पश्चात श्रद्धालुओं ने जमकर गृह उपयोगी सामान की खरीदारी की हस्त्र निर्मित बांस की टोकरी एवं सौंदर्य प्रशाधन की दुकानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ डटी रही। मंदिर परिसर में कंट्रोल रूम की व्यवस्था की गई थीं जिसमें भूले भटके लोगो को उनके स्वजनों से मिलाया गया मेले में पॉकेट मारो उचक्को ने मध्य प्रदेश के हनुमना थाना क्षेत्र के सलाईया निवासी



विमता साकेत का मंगलसूत्र गले से खींच लिया। घटना की जानकारी होने पर तहसीलदार लालगंज दीक्षा पाण्डेय ने कंट्रोल रूम में लगे सीसी टीवी कैमरे का फुटेज दिखने का प्रयास किया गया किन्तु सीसी टीवी कैमरा न खुलने के कारण महिला श्रद्धालु को बिना मंगलसूत्र के बैरंग वापस जाना पड़ा। तहसीलदार लालगंज ने पीड़ित महिला से हलिया थाने में तहरीर देने का निर्देश दिया। वही सीसी टीवी कैमरा का फुटेज नहीं खुलने पर मंदिर ट्रस्ट के ज्ञान चंद्र शुक्ला व सुभाष चंद्र शुक्ला को बुलाकर सीसी टीवी कैमरा के फुटेज दिखाने के लिए कहा लेकिन ट्रस्ट के प्रबंधक द्वारा फुटेज नहीं दिखा पाने पर ट्रस्ट के प्रबंधक को तहसीलदार ने फटकार लगाई सुरक्षा व्यवस्था में मंदिर के निकास द्वार पर प्रभारी निरीक्षक लालगंज अभय कुमार सिंह पुलिस कर्मियों के साथ डटे रहे। मेले में प्रभारी थानाध्यक्ष श्याम लाल चक्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते रहे। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक गड़बडा राजेश कुमार मिश्रा,सहायक चकबंदी अधिकारी विनय कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास

**स्वतंत्र भारत गोरखपुर।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा, रेल सम्पत्ति की सुरक्षा, अवैध सामानों की धर-पकड़, यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही बचपन बचाओ अभियान के तहत मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में, 30 नवम्बर, 2025 को गाड़ी सं0 12565 में ट्रेन मैनेजर द्वारा घर से नाराज होकर जा रही 12 वर्ष की लड़की को लावारिस हालत में पाकर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोरखपुर को सौंपा गया। पूछताछ के उपरान्त उक्त लड़की को चाइल्ड लाइन, गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 30 नवम्बर, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोरखपुर को निगरानी के दौरान स्टेशन के प्लेटफार्म सं0 9 पर घर से नाराज होकर आयी 16 वर्ष की एक लड़की लावारिस हालत में मिली, जिसे पूछताछ के उपरान्त चाइल्ड लाइन, गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 29 नवम्बर, 2025 को गाड़ी सं0 15079 में एक यात्री द्वारा 12 वर्ष के एक लड़के को लावारिस हालत में पाकर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोरखपुर को सौंपा गया। पूछताछ के उपरान्त उक्त लड़के को चाइल्ड लाइन, गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 29 नवम्बर, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोरखपुर को निगरानी के दौरान स्टेशन के प्लेटफार्म सं0 2 पर 14 वर्ष की एक लड़की लावारिस हालत में मिली, जिसे, पूछताछ के उपरान्त चाइल्ड लाइन, गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 29 नवम्बर, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल चौकी हल्द्वानी को निगरानी के दौरान स्टेशन के प्लेटफार्म सं0 1 पर 14 वर्ष की एक लड़की लावारिस हालत में मिली, जिसे पूछताछ के उपरान्त चाइल्ड लाइन, हल्द्वानी को सुपुर्द किया गया। 28 नवम्बर, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोरखपुर को निगरानी के दौरान गाड़ी सं0 15010 में यात्री का छूटा 01 बैग मिला, जिसे गोरखपुर पोस्ट पर जमा किया गया। 29 नवम्बर, 2025 को यात्री के पोस्ट पर उपस्थित होने पर उचित पहचान व सत्यापन के उपरान्त बैग सुपुर्द किया गया। 30 नवम्बर, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट औडिहार को निगरानी के दौरान गाड़ी सं0 15014 में यात्री का छूटा 01 बैग मिला, जिसे औडिहार पोस्ट पर जमा किया गया। यात्री के पोस्ट पर उपस्थित होने पर उचित पहचान व सत्यापन के उपरान्त बैग सुपुर्द किया गया। 29 नवम्बर, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोण्डा को निगरानी के दौरान गाड़ी सं0 75114 में यात्री का छूटा एक बैग मिला, जिसे गोण्डा पोस्ट पर जमा किया गया। यात्री के रिश्तेदार के पोस्ट पर उपस्थित होने पर उचित पहचान व सत्यापन के उपरान्त बैग सुपुर्द किया गया। 28 नवम्बर, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट सीवान को निगरानी के दौरान स्टेशन के प्लेटफार्म सं0 3 पर यात्री का छूटा एक ट्राली बैग मिला, जिसे सीवान पोस्ट पर जमा किया गया। यात्री के रिश्तेदार के पोस्ट पर उपस्थित होने पर उचित पहचान व सत्यापन के उपरान्त ट्राली बैग सुपुर्द किया गया। 28 नवम्बर, 2025 को गाड़ी सं0 15018 के रेलवे सुरक्षा बल स्कोर्ट द्वारा यात्री का छूटा पिट्ठू बैग रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट वाराणसी सिटी पर जमा किया गया। यात्री के पोस्ट पर उपस्थित होने पर उचित पहचान व सत्यापन के उपरान्त पिट्ठू बैग सुपुर्द किया गया।

# विश्व एड्स दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर।** विश्व एड्स दिवस पर मुसफ्फरगंज स्थित केबी कालेज में जागरुकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके अलावा जागरूकता रैली निकाली गई। केबी कालेज से निकली रैली नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए वापस केबी कालेज पहुंच कर समाप्त हुई। रैली में एनसीसी कैडेट और अन्य छात्रों ने एड्स व एचआईवी को लेकर जागरुकता तख्ती हाथ में लेकर चल रहे थे।


स्वतंत्र भारत

## वर्गीकृत

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल 2012 का प्रमाणपत्र सह अंकपत्र अनुक्रमांक 2266264 वास्तव में कहीं खो गया है सन्दीप कुमार मिश्रा पुत्र-दिलीप कुमार मिश्रा माता-श्याम देवी पता-जानकीपुर, सिराथू कौशाम्बी।

**सी.आर.-1879/ D-27**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता के सरनेम की स्पेलिंग मेरे हाईस्कूल के सर्टिफिकेट में त्रुटिवश RAIS UDDIN SIDDIKI लिखा है। जबकि सही स्पेलिंग RAIS UDDIN SIDDIQUI है। जो मेरे आधार पैन में भी अंकित है। मोहम्मद रेहान S/o RAIS UDDIN SIDDIQUI R/o- 23C/3C/1B करामत की चौकी करैली-प्रयागराज।

**सी.आर.-1879/ D-36**

### सूचना

सूच्य हो कि मेरा सही नाम राधादेवी पत्नी पुत्तीलाल निवासी भठिया पोस्ट असन्द्रा जिला बाराबंकी है। सरकारी अभिलेखों में भी यही नाम अंकित है। एलआईसी पॉलिसी न. 215441793 में गलती से ज्ञान कुमारी अंकित हो गया है। अतः मुझे राधादेवी के नाम से जाना पहचाना जाए व पॉलिसी में मेरा नाम राधादेवी अंकित किया जाये।

**सी.आर.-1880/ D-41**

### सूचना

सूचित किया जाता है मेरे पास सुरक्षित रखा बैनामा/बिक्री विलेख सिलसिला नम्बर 5546, दिनांक 10-07-2013, संबंधी संपत्ति ग्राम कुदौली जलालाबाद वास्तव में गुम हो गया है। उक्त दस्तावेज़ के किसी प्रकार का उपयोग वैध नहीं होगा अथवा दुरुपयोग माना जायेगा। सूरजपाल सिंह पुत्र गंगाराम अल्हागंज, शाहजहांपुर।

**सी.आर.-1881/ D-41**

**हेतु संदर्शित करने की सूचना**
**(साधारण प्रारूप )**
**न्यायालय न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय मेजा प्रयागराज**
**मूलवाद 2600 सन 2017**
**दिनेश आदि बनाम विजय शंकर आदि**

दिनेश उम्र करीब 30 वर्ष पुत्र सूर्यबली निवासी ग्राम केशव पट्टी, तहसील मेजा तप्पा-84 परगना खैरागढ़ इलाहाबाद (वादीगण)

**बनाम**

बैजनाथ उम्र करीब 38 वर्ष पुत्र नन्द किशोर निवासी ग्राम केशव पट्टी तहसील मेंजा टप्पा 84-परगना खैरागढ़ इलाहाबाद (प्रतिवादीगण)

चूंकि ... ऊपर नामांकित ने इस न्यायालय से आवेदन किया है आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु सदर्शित करने के लिए 2025 के 12 के 16 दिवस को बजे पूर्वाह्न में स्वयं या सम्यक रूपेण अनादिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल होने पर उक्त आवेदन एक पक्षी रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर सहित आज के दिवस को निकाला गया।

**नियत तिथि - 16/12/2025**

**न्यायाधीश**

**सी.आर.-1879/ D-CN**


# एकमुश्त समाधान योजना में हुए 54 पंजीकरण 2.93 हजार रुपये की वसूली



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** एक मुश्त समाधान योजना के तहत सोमवार को विद्युत उपकेंद्र हलिया, बरौधा, देवरी उत्तर में शिविर लगाकर एक मुश्त समाधान योजना के तहत 54 पंजीकरण कराया गया और दो लाख 93 हजार रूपये बिजली के बकाया बिल को जमा कराया गया है। विद्युत उपकेंद्र हलिया द्वारा आयोजित शिविर में कुल बीस उपभोक्ताओ ने एक मुश्त समाधान योजना के तहत लाभ के लिए पंजीकरण कराया है। इसी प्रकार विद्युत उपकेंद्र बरौधा के शिविर में बीस उपभोक्ताओ ने एक मुश्त समाधान योजना के लिए पंजीकरण कराया है विद्युत उपकेंद्र देवरी उत्तर के शिविर में एक मुश्त समाधान योजना के लिए 14 उपभोक्ताओ ने पंजीकरण कराया है। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड की ओर से एक दिसम्बर से बिजली बिल राहत योजना ओटीएस को शुरू किया है जिसमें उपभोक्ता पंजीकरण कराकर लाभ प्राप्त कर सकते है। उपखण्ड अधिकारी हलिया दिलीप कुमार ने बताया की एक मुश्त समाधान योजना के तहत विद्युत उपकेंद्र हलिया, बरौधा, देवरी उत्तर के कर्मियों द्वारा लगाए गए शिविर में कुल 54 उपभोक्ताओ ने एक मुश्त समाधान योजना के लिए पंजीकरण कराया है जिसमे आठ उपभोक्ताओ द्वारा सम्पूर्ण बकाया बिल का भुगतान कर दिया गया है। शिविर में कुल 2लाख 93 हजार रूपये के बकाया बिल की वसूली किया गया है।


## उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **ई निविदा** प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **23.12.2025** को **15:00** बजे तक है आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 012602025 dated 29.11.2025 |
| कार्य का नाम | वरिष्ठ मंडल इंजीनियर चतुर्थ लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में SLN-ZBD खंड के ब्रिज संख्या 118 UP तथा AYC-SLN खंड के ब्रिज संख्या 80 पर 473 संख्या स्टील चैनल स्लीपरों को H-बीम स्टील स्लीपरों से बदलने तथा LKO-SLN-ZBD खंड में स्टील चैनल स्लीपरों के लिए आवश्यक कमी वाले फिटिंग्स के प्रतिस्थापन का कार्य। |
| अनुमानित लागत | ₹1,87,19,456.46 |
| धरोहर राशि | ₹ 2,43,600.00 |
| कार्य समापन की अवधि | स्वीकृति पत्र की तिथि से 12 माह |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 09.12.2025 |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 23.12.2025 15:00 बजे |
| बेबसाईट | www.ireps.gov.in |

निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3715/2025



## पूर्वोत्तर रेलवे

**ई–टेन्डर ई निविदा सूचना संख्या एन–235–62 टेली टेण्डर 11–2025**

उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/टेली/मुख्यालय, पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर एवं कृते भारत के राष्ट्रपति के ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए टेण्डर प्रपत्र में अंकित निर्धारित योग्यता का पर्याप्त अनुभव रखने वाले ठेकेदारों से ई–टेन्डर आमंत्रित करते है। **निविदा सूचना सं0:** एन–235–62 टेली टेण्डर 11–2025 **कार्य का नामः** पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर के पीएफए कार्यालय, पीसीएमडी कार्यालय, पीसीई कार्यालय, विधि कार्यालय और पीसीसीएम कार्यालय में वर्कस्टेशनों और कॉम्पैक्टर्स प्रावधान के साथ–साथ दूरसंचार सुधार से सम्बंधित कार्य का प्रावधान। **निविदा लागतः** ₹ 27,85,103.73/- (सताईस लाख पचासी हजार एक सौ तीन रुपये एवं तिहतर पैसे मात्र) **बिड सिक्यूरिटी (बयाना धनराशि) :** ₹ 55,700/- **ऑफर की वैधताः** 60 दिन **निविदा खोलने एवं बंद होने का स्थान तिथि तथा समय :** कार्यालय मण्डल सिग्नल एवं दूर संचार इंजी/टेली, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर, दिनांक–23.11.2025 समय 11:00 बजे। **कार्य के पूर्ण करने की अवधि :** 03 (तीन) माह। मूल निविदा में किसी तरह के परिवर्तन के लिए कृपया इन्टरनेट वेबसाइट पर जारी शुद्धि पत्र का अवलोकन करें। विस्तृत निविदा सूचना निविदा प्रपत्र योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट http/www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। नोटः निविदादाता/बिडर को अपने बिड के साथ सभी निर्दिष्ट संलग्नों/फॉर्मेट/अनुलग्नक को अपलोड करना होगा।

उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजी/टेली/मुख्य. गोरखपुर

मुजाधि/सिगनल–70

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें


# पूर्वोत्तर रेलवे पर मल्टीट्रैकिंग का कार्य तीव्र गति से जारी

**स्वतंत्र भारत गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे पर इन्फ्रास्ट्रक्चर के सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार के अन्तर्गत मल्टी ट्रैकिंग का कार्य तेजी से चल

## मल्टीट्रैकिंग से लाइन क्षमता में वृद्धि होने से गाड़ियों के समयपालन में सुधार

रहा है। इसी क्रम में छपरा ग्रामीण-बाराबंकी मुख्य रेल मार्ग पर तीसरी लाइन निर्माण का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे पर अभी तक छपरा ग्रामीण-छपरा एवं कुसम्ही-डोमिनगढ़ रेल खण्डों में तीसरी लाइन कमीशन हो चुकी है। गोण्डा-बुढ़वल ( 61.72 किमी.) तीसरी लाइन निर्माण के अन्तर्गत गोण्डा कचहरी-घाघरा घाट ( 45.42 किमी.) तीसरी लाइन कमीशन हो चुकी है। इसके अगले चरण में घाघरा घाट-बुढ़वल तक तीसरी लाइन निर्माण, जिसमें घाघरा नदी पर महत्वपूर्ण पुल का निर्माण सम्मिलित है, पूर्ण कर लिया गया है। इस नव निर्मित तीसरी लाइन का रेल संरक्षा आयुक्त उत्तर पूर्व सर्किल 05 दिसम्बर, 2025 को निरीक्षण करेंगे। इसके पश्चात यह तीसरी लाइन कमीशन हो जायेगी। इससे लाइन क्षमता में वृद्धि होने से गाड़ियों के समय पालन में सुधार होगा तथा जनआकांक्षाओं के अनुरूप अधिक गाड़ियों का संचलन किया जा सकेगा। गोण्डा-बुढ़वल तीसरी लाइन निर्माण परियोजना को पूरा करने में कुल लागत 1117 करोड़ रूपये आयेगी। घाघरा घाट-चौकाघाट स्टेशनों के मध्य घाघरा नदी पर बना यह तीसरा महत्वपूर्ण पुल है। पहले पुल का कार्य वर्ष 1898 में घाघरा घाट-चौकाघाट मीटर गेज लाइन के निर्माण के साथ ही पूर्ण हुआ। इस पुल का नाम भारत के गवर्नर जनरल लॉर्ड एल्गिन के नाम पर एल्गिन ब्रिज पड़ा। इस पुल को 1981 में गोण्डा-बाराबंकी खण्ड के आमान परिवर्तन के दौरान बड़ी लाइन मानक के अनुरूप बनाया गया। दूसरे पुल का निर्माण घाघरा घाट-चौकाघाट खण्ड के दोहरीकरण के दौरान वर्ष 2012-13 में हुआ और इसकी ओपनिंग 14 अप्रैल, 2013 को हुई। तीसरा पुल कमीशनिंग के लिए तैयार है। इस पुल की लम्बाई 1037 मीटर है, जिसमें 17 स्पैन है। इस पुल का फाउंडेशन डबल लाइन के अनुरूप किया गया है, जिससे यहाँ चौथी लाइन निर्माण के समय चौथे पुल के लिए फाउंडेशन की आवश्यकता नही होगी, जिससे समय, संसाधन एवं धन की बचत होगी।


पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।


# औंड़िहार डेमू विशेष गाड़ी के संचालन अवधि का विस्तार

**स्वतंत्र भारत गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु पूर्व से चलाई जा रही 05163/05164 औंड़िहार-सारनाथ-औंड़िहार डेमू विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार 02 दिसम्बर से 28 फरवरी, 2026 तक प्रतिदिन 89 फेरों हेतु निम्नवत किया जायेगा।05163 औंड़िहार-सारनाथ डेमू विशेष गाड़ी 02 दिसम्बर से 28 फरवरी, 2026 तक प्रतिदिन औंड़िहार से 12.35 बजे प्रस्थान कर सिधौना रामपुर हाल्ट से 12.43 बजे, रजवारी से 12.53 बजे तथा कादीपुर से 13.04 बजे छूटकर सारनाथ 13.20 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में, 05164 सारनाथ-औंड़िहार डेमू विशेष गाड़ी 02 दिसम्बर से 28 फरवरी, 2026 तक प्रतिदिन सारनाथ से 13.50 प्रस्थान कर कादीपुर से 14.02 बजे, रजवारी से 14.10 बजे तथा सिधौना रामपुर हाल्ट से 14.17 बजे छूटकर औंड़िहार 14.35 बजे पहुंचेगी।


## कार्यालय नगर पंचायत बरवर-खीरी

पत्रांक 354/न०पं०ब०/ई–प्रोक्योरमेण्ट/निर्माण कार्य/15वांवि0आ0/2025–26 दिनांक 29.11.2025

**निविदा आमन्त्रण सूचना/ई–प्रोक्योरमेण्ट नोटिस**

समस्त ठेकेदारो/फर्मों को सूचित किया जाता है कि पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाइड/अनटाइड) व अवस्थापना निधि योजना से नगर पंचायत बरवर खीरी को प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्यों की जिलाधिकारी महोदय खीरी की स्वीकृति **दिनांक 30.07.2025** के कम में लिए ई–निविदा बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर **दिनांक 29.11.2025 को अपरान्ह 2:00 बजे से दिनांक 19.12.2025 को अपरान्ह 05:00 बजे तक** अपलोड की जा सकती है। ई–निविदा की समस्त निविदाओं को **दिनांक 20.12.2025 को अपरान्ह 11.00 बजे** गठित निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से ज्ञात की जा सकती है।

| लिपिक | अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
|---|---|---|
| न0 प0 बरवर–खीरी | न0 प0 बरवर–खीरी | न0 प0 बरवर–खीरी |



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***

फोन : **0522-4043151**

**swatantrabharat77@gmail.com**

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

आरएनआई रजि. नं 2012/57 डाक पंजीयन सं. एस.एस.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14
लखनऊ, मंगलवार, 2 दिसंबर, 2025

# शेख हसीना को एक और मामले में पांच साल की जेल

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को एक के बाद एक ताबड़तोड़ सजाएं सुनाई जा रही हैं। सोमवार को ढाका की विशेष अदालत ने प्लॉट घोटाले के एक मामले में शेख हसीना को 5 साल, उनकी छोटी बहन शेख रहाना को 7

■ बहन और भांजी को भी सजा

साल और ब्रिटेन की सांसद एवं उनकी भांजी ट्यूलिप सिद्दीकी को 2 साल कैद की सजा सुनाई दी। यह सजा हसीना परिवार के लिए एक और करारा झटका है, जिस पर पहले ही भ्रष्टाचार और मानवता के खिलाफ अपराधों में फांसी तक की सजा हो चुकी है। ढाका के विशेष न्यायाधीश-4 रबीउल आलम ने शेख हसीना को पुरबाचल इलाके में प्लॉट आवंटन धोखाधड़ी के मामले में यह सजा सुनाई। बांग्लादेश के दुराचार निरोधक आयोग (एसीसी) ने जनवरी 2025 में शेख हसीना और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ पुरबाचल में सरकारी प्लॉटों के कथित अवैध आवंटन के आरोप में कुल छह अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए थे। इससे पहले ढाका की एक अन्य अदालत ने शेख हसीना को तीन अलग-अलग प्लॉट धोखाधड़ी मामलों में 7-7 साल की सजा सुनाते हुए कुल 21 साल कैद की सजा सुनाई थी। इसी मामले में अदालत ने शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद जॉय को 5 साल कैद और 1 लाख टका जुर्माने की सजा सुनाई, जबकि उनकी बेटी साइमा वाजेद पुत्रुल को भी 5 साल कैद की सजा दी गई।



## चक्रवात दित्वाह : श्रीलंका में अब तक 334 मौतें

**कोलंबो।** श्रीलंका में चक्रवात दित्वाह ने भारी तबाही मचाई है, जिसके चलते वहां के लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। डिजास्टर मैनेजमेंट सेंटर (डीएमसी) के अनुसार, अब तक कम से कम 334 लोगों की मौत हो चुकी है और 370 लोग लापता हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित जिला कैंडी है, जहां 88 मौतें और 150 लोग लापता हैं। इसके अलावा बादुला में 71, नुवारा एलिया में 68 और मटाले में 23 मौतें दर्ज की गई हैं। डीएमसी के मुताबिक, इस आपदा ने देश भर में 3,09,607 परिवारों के 11,18,929 लोगों को प्रभावित किया है। इतना ही नहीं चक्रवात दित्वाह के कारण नदियों का जलस्तर ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गया, जिसके चलते पूरे शहर जलमग्न हो गए, बड़े पुल बह गए और कई महत्वपूर्ण इमारतें और सड़कें टूट गईं।

# 'संघर्ष रोकने का सुनहरा मौका खून-खराबा रोकना जरूरी'

**वॉशिंगटन।** तीन साल से ज्यादा समय से चल रहे रूस-यूक्रेन संघर्ष में स्थिति दिन-प्रतिदिन और भयावह होती जा रही है। इसी बीच फ्लोरिडा

■ यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल से वार्ता के बीच बोले ट्रंप

में यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल से जारी शांति वार्ताओं के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा संकेत दिया है। ट्रंप ने कहा कि यूक्रेन युद्ध खत्म करने की अच्छी संभावना बन रही है। एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने कहा कि हालिया बातचीत सकारात्मक रही। ऐसे में इस युद्ध को खत्म करने के लिए यह एक अच्छा मौका है। उन्होंने कहा कि अब खून-खराबा रोकना बहुत जरूरी हो गया है। ट्रंप ने कहा कि बातचीत अच्छी चल रही है। हम चाहते हैं कि और लोग न मारे जाएं। यह मामला सीधे हमारे देश से जुड़ा नहीं, लेकिन अगर हम कई लोगों की जान बचा सकते हैं तो यह अच्छा होगा। उन्होंने दावा किया कि पिछले महीने युद्ध में 27,000 लोग मारे गए, और यह कभी शुरू ही नहीं होना चाहिए था। ट्रंप ने इस बात पर भी जोर दिया कि यूक्रेन में भ्रष्टाचार की समस्या भी है, लेकिन फिर भी समझौते की संभावना मजबूत है। यूक्रेन की तरफ से यह बातचीत राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रक्षा परिषद के सचिव रुसतम उमेरोव की अगुवाई में हो रही है। उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो और अन्य अधिकारियों से मुलाकात की। यह बैठक उस समय हुई जब जेलेंस्की के एक करीबी सहयोगी ने अपने घर पर छापे के बाद इस्तीफा दे दिया। वहीं यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि अमेरिकी उपयोगी तरीके से आगे बढ़ रहा है आने वाले दिनों में युद्ध को सम्मानजनक तरीके से खत्म करने के कदम तय किए जा सकते हैं।



# 'मेरी पार्टनर शिवॉन आधी भारतीय, एक बेटे का नाम शेखर'

**वॉशिंगटन।** दिग्गज अरबपति और टेस्ला और स्पेसएक्स जैसी कंपनियों के सीईओ एलन मस्क ने कहा है कि उनकी पार्टनर शिवॉन

■ पॉडकास्ट में एलन मस्क का खुलासा

जिलिस आधी भारतीय हैं। निखिल कामत के पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने ये भी बताया कि उनके एक बेटे का मध्य नाम शेखर है। मस्क ने बताया कि ये नाम अमेरिकी भौतिकशास्त्री और नोबेल पुरस्कार विजेता सुब्रमण्यन चंद्रशेखर के नाम पर रखा गया है। पॉडकास्ट के दौरान एलन मस्क ने कहा कि 'मुझे नहीं पता कि आप इस बारे में जानते हैं या नहीं, लेकिन मेरी पार्टनर शिवॉन आधी भारतीय हैं। मेरे और उसके एक बेटे का मध्य नाम शेखर है, जो चंद्रशेखर के नाम पर रखा गया है।' मस्क ने बताया कि उनकी पार्टनर शिवॉन जिलिस कनाडा में पली-बढ़ी हैं और जब वे एक छोटी बच्ची थीं, तब उन्हें गोद लिया गया था। शिवॉन जिलिस ने साल 2017 में मस्क की कंपनी न्यूरालिंक जॉइन की थी और वे फिलहाल कंपनी में डायरेक्टर ऑफ ऑपरेशंस एंड स्पेशल प्रोजेक्ट्स के तौर पर काम कर रही हैं। शिवॉन ने येल यूनिवर्सिटी से अर्थशास्त्र और दर्शनशास्त्र में स्नातक की डिग्री हासिल की है।




# मुनीर को सेना का सुप्रीम बनाने से बच रहे शहबाज!

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को तीनों सेनाओं का सुप्रीम यानी चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ) बनाने

■ सीडीएफ बनाने से पहले पाकिस्तानी पीएम बिना बताए लंदन निकले

■ दावा-जानबूझकर देरी कर रहे

की प्रोसेस अटक गई है। मुनीर को सीडीएफ बनाने के लिए 29 नवंबर तक नोटिफिकेशन जारी होना था, लेकिन पीएम शहबाज शरीफ ने अब तक इसपर साइन नहीं किए हैं। इससे पहले ही शहबाज 26 नवंबर को बहरीन चले गए थे, फिर 27 नवंबर को अनौपचारिक यात्रा पर लंदन रवाना हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स का दावा है कि शहबाज शरीफ ने खुद को इस प्रक्रिया से इसलिए दूर कर लिया है, ताकि उन्हें आसिम मुनीर की नई नियुक्ति वाले आदेश पर साइन न करने पड़ें। पाकिस्तानी संसद ने 12 नवंबर को सेना की ताकत बढ़ाने वाला 27वां संवैधानिक संशोधन पास किया था। इसके तहत आसिम मुनीर को तीनों सेनाओं का सुपर चीफ यानी सीडीएफ बनाया जाना था। इस पद के मिलते ही उन्हें पाकिस्तान के परमाणु हथियारों की कमान भी मिल जाती यानी वे देश के सबसे ताकतवर शख्स बन जाते।



## एक नज़र

### मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** इंफाल में सुरक्षा बलों ने विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े तीन उग्रवादियों समेत सात लोगों को जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। कामजोंग जिले के फेकोह चौकी पर शुक्रवार को नियमित जांच के दौरान 57 लाख रुपये की बेहिसाबी नकदी बरामद किए जाने के बाद चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के अज्ञात उग्रवादी समूहों से जुड़े होने का संदेह है। पुलिस के अनुसार, पीआरईपीएके (पीआरओ) के एक कार्यकर्ता को इंफाल पश्चिम जिले के खगेमपल्ली स्थित उसके आवास से रविवार को गिरफ्तार किया गया और वह चिकित्सकों, अस्पतालों, स्कूल वैन संघों, स्कूल, बेकरी, जिम तथा आम नागरिकों से जबरन वसूली करने में शामिल था। प्रतिबंधित संगठन पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के दो सक्रिय सदस्यों को इम्फाल पूर्वी जिले के कांगला सिपाई और थौबल जिले के इंगोरोक से शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया।

### पाकिस्तान में चार आतंकी ढेर, दो पुलिसकर्मियों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत क्षेत्र खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को एक पुलिस जांच चौकी पर हमले के बाद हुई झड़प में कम से कम चार आतंकवादी और दो पुलिसकर्मी मारे गए। आतंकवादियों ने अफगानिस्तान की सीमा से लगे मध्य कुर्रम जिले के चिनाराक क्षेत्र में एक पुलिस चौकी पर हमला किया, जिसके बाद हमलावरों और सुरक्षाकर्मियों के बीच भीषण गोलीबारी शुरू हो गई। अधिकारियों के अनुसार, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की, जिसमें चार आतंकवादी मारे गये तथा छह अन्य घायल हो गये। गोलीबारी में दो कांस्टेबल मारे गए, जबकि एक अन्य घायल हो गया।

### हांगकांग त्रासदी : मृतकों का आंकड़ा 146 पहुंचा

**हांगकांग।** हांगकांग में पिछले हफ्ते लगी भीषण आग में कम से कम 146 लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। इस बीच लोगों ने बड़ी संख्या में मदद आगे बढ़ाई है। ऐसे में अब तक करीब 900 मिलियन हांगकांग डॉलर (115 मिलियन यूएसडी) दान जमा हो चुका है। लेकिन जैसे-जैसे हादसे की जिम्मेदारी पर सवाल बढ़ रहे हैं, सरकार पर आलोचना रोकने के आरोप लग रहे हैं। आग से जले वांग फुक कोर्ट परिसर के बाहर बड़ी संख्या में लोग फूल, कार्ड और संदेश रखकर शोक व्यक्त कर रहे हैं। इतना ही नहीं स्थानीय निवासी कह रहे हैं यह समय एक-दूसरे की मदद का है।

### चीन में रिकॉर्ड 37 लाख लोगों ने दी सिविल सेवा की परीक्षा

**बीजिंग।** चीन में रविवार को 37 लाख से अधिक लोगों ने राष्ट्रीय सिविल सेवा परीक्षा दी। चीन में सिविल सेवा के लिए उम्र सीमा को 35 साल से अधिक बढ़ाने के बाद यह पहली राष्ट्रीय परीक्षा थी। यह रिकॉर्ड संख्या देश में बढ़ती बेरोजगारी और सरकारी नौकरियों की मांग को दर्शाती है। राज्य संचालित समाचार एजेंसी ने बताया कि इस परीक्षा में औसतन प्रति सीट 98 आवेदक प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। इन रिक्तियों में से लगभग 70 प्रतिशत कॉलेज के नए स्नातकों के लिए आरक्षित हैं।

### सीरिया में लोकतंत्र अभी दूर, पर सुधार अच्छा : एमनेस्टी

**दमिश्क।** गैर सरकारी वैश्विक मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल की महासचिव एग्नेस कैलामार्ड ने कहा है कि सीरिया में नई सरकार ने सुधारों और संक्रमणकालीन न्याय के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई है, लेकिन लोकतंत्र की कमी अभी भी है। बशर असद की सरकार गिरने के एक साल बाद कैलामार्ड का कहना है कि कानूनी सुधार योजनाओं और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार समूहों का स्वागत होना सकारात्मक संकेत है।

### दहेज के लिए बहू को गला घोंट कर मार डाला

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर जिले के भोपा थाना क्षेत्र के कसोली गांव में दहेज की मांग को लेकर ससुराल वालों ने कथित तौर पर 28 वर्षीय विवाहिता की गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पीड़िता हिना को लंबे समय से दजेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। रविवार शाम को उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी डी वाजपेयी ने पत्रकारों को बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला के पति खुशनसीब, ससुर इंतजार, सास फरजाना और दो देवरों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सभी आरोपी फरार हैं। वाजपेयी ने कहा कि आरोपियों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की कई टीम बनाई गई है।

## मलयेशिया के दूसरे बड़े राज्य सबा में हारे इब्राहिम

**कुआलालंपुर।** मलयेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम को सबा राज्य चुनाव में बड़ा झटका लगा। यहां आए चुनावी नतीजों में उनके सहयोगी बुरी तरह हार गए। यह उनके लिए तीन वर्षों में सबसे कठिन राजनीतिक परीक्षा रही। देश के सबसे बड़े दूसरे और गरीब राज्य में अनवर की गठबंधन पार्टी पकातन हरापन (पीएच) ने 20 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन सिर्फ एक सीट जीती। इससे पहले उसके पास सबा में सात सीटें थीं। मलयेशिया विश्वविद्यालय में एक एसोसिएट प्रोफेसर ली कुओक तियुंग कहते हैं, सबा चुनाव के नतीजों से पता चलता है कि अनवर का गठबंधन बहुत बुरी तरह से हार गया।

## ट्रंप लंबे समय के लिए खत्म कर सकते हैं शरण देने की प्रणाली

**वॉशिंगटन।** बीते दिनों अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस के पास हुए हमले के बाद ट्रंप प्रशासन ने जांच नियमों और सुरक्षा

■ अमेरिका में सख्त आव्रजन नीति लाने का भी इशारा

प्रक्रियाओं को और सख्त करने का फैसला किया है। इसके तहत अब ट्रंप की प्रशासन ने अमेरिका में आव्रजन (इमिग्रेशन) नीतियों को और कड़ा करने की तैयारी कर रहा है। इसी बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रशासन के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि वे शरण देने की प्रक्रिया को लंबे समय के लिए रोकना चाहते हैं। एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने दावा किया कि कई ऐसे लोग देश में आ रहे हैं जिन्हें अमेरिका में नहीं होना चाहिए। ट्रंप ने हाल ही में व्हाइट हाउस के पास गोलीबारी करने वाले अफगान नागरिक का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे लोग देश के लिए खतरा हैं। उन्होंने कहा कि हम ऐसे लोगों को अमेरिका नहीं चाहते। इनमें से कई लोग ऐसे हैं जो अच्छे नहीं है। हमारे पास पहले से ही काफी समस्याएं हैं।

## महाराष्ट्र निकाय चुनाव : कई जिलों में मतदान टला

**मुंबई।** महाराष्ट्र के कई ज़िलों में 25 से ज़्यादा नगर निगमों के चुनाव राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) द्वारा अस्वीकृत नामांकन पत्रों से संबंधित अपील प्रक्रिया में व्यापक अनियमितताओं का पता चलने के बाद स्थगित कर दिए गए हैं। पहले 2 दिसंबर को होने वाले मतदान अब इन क्षेत्रों में 20 दिसंबर को होंगे। शेष सभी नगर परिषदों और नगर पंचायतों के लिए मतदान पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को सुबह 7 : 30 बजे से शाम 5: 30 बजे तक जारी रहेगा। इन निकायों के परिणाम 3 दिसंबर को घोषित किए जाएँगे।

## भारत में इमरान की बहन के इंटरव्यू से खिसियाया पाक

### कहा, देश की बुराई करने पर शर्म आनी चाहिए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने इमरान खान की बहन नोरीन खान नियाजी के भारतीय मीडिया को दिए इंटरव्यूज पर नाराजगी जताई है। तरार ने कहा कि नोरीन ने पाकिस्तान की छवि खराब की है, देश की बुराई करने वालों को शर्म आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नोरीन ने भारत से जुड़े किसी मुद्दे जैसे कश्मीर या भारत में मुसलमानों की हालत पर कुछ नहीं कहा। तरार ने यह भी पूछा कि नोरीन ने भारतीय चैनल पर जाकर मोदी सरकार की बुराई क्यों नहीं की। नोरीन ने हाल ही में एकन्यूज एजेंसी से बात करते हुए पाकिस्तानी सेना चीफ आसिम मुनीर को तानाशाह बताया था। उन्होंने कहा था कि ट्रम्प ने हमारे देश के तानाशाह असीम मुनीर को अपना बहुत अच्छा दोस्त बताया था। असीम मुनीर अब बड़ी ताकत हैं। हालांकि पाकिस्तान में पहले भी तानाशाह आ चुके हैं और उनका अंजाम अच्छा नहीं हुआ।

## ऑस्ट्रियन इंफ्लूएंसर की हत्या, एक्स गिरफ्तार

**वियेना।** ऑस्ट्रिया की एक जानी मानी हस्ती पिछले काफी दिनों से लापता थी। परिजनों की शिकायत पर जब पुलिस ने छानबीन शुरू की, तो उसकी लाश स्लोवेनिया के जंगलों में सूटकेस के अंदर मिली। इस घटना से पूरे यूरोप में सनसनी फैल गई है। लाश की पहचान ऑस्ट्रिया की मशहूर इंफ्लूएंसर स्टेफनी पीपर के रूप में हुई है। 31 वर्षीय स्टेफनी की मौत से उनके फैंस को भी गहरा धक्का लगा है। इस हत्याकांड को स्टेफनी के पूर्व प्रेमी ने अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार, 23 नवंबर को एक पार्टी से घर लौटने के बाद स्टेफनी अचानक गायब हो गई थीं। 23 नवंबर की रात स्टेफनी ने अपनी एक दोस्त को मैसेज करते हुए बताया था कि वह सुरक्षित घर पहुंच चुकी हैं। इसके कुछ देर बाद ही स्टेफनी ने दूसरा मैसेज किया कि शायद उनके घर की सीढ़ियों में कोई छिपा है। स्टेफनी के पड़ोसियों ने बताया कि देर रात उनके घर से लड़ाई-झगड़े की आवाज आ रही थी। लोगों ने स्टेफनी के पूर्व प्रेमी को भी बिल्डिंग में देखा था। स्टेफनी के परिजन भी लाख कोशिशों के बाद उन तक नहीं पहुंच पा रहे थे।

## भीषण संघर्ष के मुहाने पर पहुंचा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान का वर्तमान संकट इमरान खान बनाम सेना की लड़ाई से कहीं बड़ा है। अब सत्ता का दांव सिर्फ राजनीतिक वर्चस्व का नहीं, बल्कि सेना के संस्थागत प्रभुत्व, प्रांतों की क्षेत्रीय पहचान और अर्थव्यवस्था की बुनियादी जीवंतता से जुड़ चुका है। सैन्य रणनीति, जनसमर्थन का भूगोल और आर्थिक दिवालियापन एक दूसरे से टकराते हैं तो देश खतरनाक मायनों में पुनर्गठन के दौर में प्रवेश करता है। पाकिस्तान में भी यही हो रहा है। विद्रोह की सुलगती चिंगारी से वह भीषण संघर्ष के मुहाने पर पहुंच चुका है।

पाकिस्तानी सेना की रणनीति का पूरा ढांचा इस बात पर केंद्रित है कि राष्ट्रीय नैरेटिव, विदेश नीति और आंतरिक सुरक्षा पर उसकी पकड़ बनी रहे। इमरान को सिर्फ सियासी चुनौती नहीं,

■ विद्रोह की सुलगती चिंगारी से अस्थिरता और आर्थिक दबाव बढ़ा

संस्थागत नियंत्रण के लिए खतरा माना जा रहा है। आंतरिक खुफिया रिपोर्टों में चिंता जताई गई है कि पहली बार प्रजातंत्र नहीं, सैन्य प्रतिष्ठान के खिलाफ जन-आंदोलन जैसी मानसिकता उभर रही है। सूचना नैरेटिव से लेकर मीडिया पर नियंत्रण, राजनीतिक नेतृत्व के पुनर्विन्यास की कोशिश और पीटीआई कैडर को संगठित विरोध से बिखरे विरोध की ओर धकेलने के सेना के दबाव से जनसमर्थन घटने के बजाय बढ़ रहा है। पाकिस्तान मिलिट्री अकादमी के सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर ने नाम उजागर किए बिना कहा कि समस्या यह नहीं है कि इमरान लोकप्रिय हैं। समस्या यह है कि संस्थागत वैधता पहली बार लोकप्रिय वैधता से कमजोर महसूस की जा रही है। यह स्थिति सेना के लिए सामरिक खतरा है, न कि केवल राजनीतिक असुविधा। पुलिस-सेना की कार्रवाई के बावजूद पंजाब में पीटीआई के प्रति जनमत बरकरार है। खैबर पख्तूनख्वा में सेना और केंद्र के प्रति असंतोष ऐतिहासिक रूप से बढ़ रहा है। पीटीआई अब प्रांतीय पहचान के प्रतीक के रूप में बदल चुकी है। सिंध यानी कराची में इमरान के लिए भारी समर्थन, लेकिन ग्रामीण सिंध पीपीपी के पीछे परंपरागत रूप से मजबूती से खड़ा है। बलूचिस्तान का संकट अलग प्रकार का है। इमरान बनाम सेना की लड़ाई से ज्यादा बलूच अस्मिता बनाम इस्लामाबाद का टकराव प्रमुख है। साउथ एशिया पॉलिसी कंसोर्टियम का आकलन है कि केंद्र व सेना की शक्ति इस्लामाबाद रावलपिंडी कॉरिडोर में सिमटी हुई है, जबकि इमरान की लोकप्रियता भौगोलिक रूप से राष्ट्रव्यापी और जनसांख्यिक रूप से गहरी है।

## मेरी राह मेहनत व लगन से बनी है : शगुन पांडे



**मुंबई।** पॉपुलर शो 'सरू' इन दिनों दर्शकों के दिलों को जीत रहा है, खासकर सरू और वेद की खूबसूरत, और दिलचस्प लव स्टोरी की वजह से। लेकिन वेद बिरला की खामोश और दमदार मौजूदगी और गहरे जज़्बातों के पीछे एक और दिलचस्प कहानी चल रही है - उस एक्टर की, जिसने इस किरदार को इतने आत्मविश्वास और गहराई से निभाया है। शगुन पांडे बताते हैं कि ''वेद का सफर उनके करियर के सबसे चैलेंजिंग और खुद को बदल देने वाले दौरों में से एक रहा है। शगुन कहते हैं, ''लोगों को अक्सर लगता है कि टीवी एक्टर्स बस आते हैं और एक्टिंग करते हैं, लेकिन वेद को निभाने में मेरी पूरी लाइफस्टाइल बदल गई। 12 घंटे तक सेट पर रहने के बाद शूट से सीधा निकलकर दो घंटे के जिम सेशन में जाता हूं, क्योंकि इस काम की यही मांग है।'' एक्टर्स को लेकर लोगों में जो ग्लैमर वाली सोच रहती है, उसके उलट शगुन कहते हैं कि ''उनकी राह मेहनत, लगन और अनुशासन से बनी है, न कि किसी शॉर्टकट से। मैं कभी प्लान बी पर भरोसा नहीं करता। अनुशासन ही मेरी अलार्म घड़ी है - मेरा शरीर खुद बताता है कि कब उठकर काम करना है। लोग मुझे 'लकी' कहते हैं तो मैं मुस्कुरा देता हूं, क्योंकि वे मन में चल रही दुविधाओं, काम के लंबे घंटे और वो त्याग नहीं देखते।

## नए सफ़र को लेकर उत्साहित टीवी कलाकार!

साल 2025 एण्डटीवी के लिए नई एनर्जी और नए टैलेंट लेकर आया। एण्डटीवी चैनल के लोकप्रिय शोज़ में इस साल कई नए कलाकार जुड़े हैं। इनमें 'घरवाली पेड़वाली' में सावी के रूप में सीरत कपूर, 'हप्पू की उलटन पलटन' में सोनू के रूप में संजय चौधरी और 'भाबीजी घर पर हैं' में मलखान के रूप में विपिन हीरो शामिल हैं। तीनों ही कलाकार अपने नए सफ़र को लेकर बेहद उत्साहित और आभारी हैं। 'घरवाली पेड़वाली' में सावी का किरदार निभा रहीं सीरत कपूर कहती हैं, ''मैंने सोचा भी नहीं था कि 2025 मेरे लिए इतना बड़ा सरप्राइज़ लेकर आएगा। सावी का जीवंत किरदार निभाना मेरे लिए खुशी की बात है।'' इधर, 'हप्पू की उलटन पलटन' में सोनू का किरदार निभा रहे संजय चौधरी ने कहा ''इस लोकप्रिय शो का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद खास है। मलाइका को लेकर उसकी दीवानगी कहानी में एक प्यारा और नया एंगल लाती है जिसे एक्स्प्लोर करने के लिए मैं उत्साहित हूं।'' उधर, 'भाबीजी घर पर हैं' में मलखान का किरदार निभा रहे विपिन हीरो कहते हैं, '''भाबीजी घर पर हैं' से जुड़ना मेरे लिए दूसरी बड़ी शुरुआत जैसा है। मैं कोशिश करूंगा कि किरदार की असलियत को बनाए रखते हुए उसमें अपनी ताज़गी जोड़ सकूं।'' गौरतलब है कि एण्डटीवी पर 'हप्पू की उलटन पलटन' रात दस बजे और 'भाबीजी घर पर हैं' रात साढ़े दस बजे सोमवार से शुक्रवार प्रसारित है। 'घरवाली पेड़वाली' शो का प्रसारण जल्द ही प्रारंभ होने वाला है।



## खालिदा जिया की हालत अब भी गंभीर

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष खालिदा जिया की सेहत अभी भी गंभीर बनी हुई है। उनके पार्टी के वरिष्ठ नेता ने बताया कि 80 वर्षीय जिया की स्वास्थ्य स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है। खालिदा जिया को 23 नवंबर को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें छाती में संक्रमण हुआ था, जिससे उनके हृदय और फेफड़ों पर असर पड़ा। चार दिन बाद उनकी कई स्वास्थ्य समस्याओं के बिगड़ने के कारण उन्हें कोरोनरी केयर यूनिट (सीसीयू) में शिफ्ट किया गया। बीएनपी के वरिष्ठ संयुक्त महासचिव रुहुल कबीर रिज़वी ने रविवार को बताया कि डॉक्टरों ने कहा है कि उनकी स्थिति और बिगड़ी नहीं है, लेकिन बहुत सुधार भी नहीं हुआ।

बाजार दर्पण

